www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 11 मई, 2025

वर्ष – 18 | अंक –35 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

स्थायी कमीशन पर कोर्ट के फैसले से बढ़ेगा... पृष्ठ 02

■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की आपातकालीन स्थिति से...
■ लगातार मशीनों की जानकारी मांगने के बावजूद... 03

■ पाकिस्तानी ड्रोन के निशाने पर थे निर्दोष नागरिक
■ रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग 07

साहित्य

'समकालीन कविता में माँ' पृष्ठ 06

अच्छा है 'फलों का राजा आम' पृष्ठ 10

# पाकिस्तान ने संघर्ष विराम समझौता तोड़ा

## विदेश सचिव मिस्री ने कहा, पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने सेना को फ्रीहैंड दिया

- इससे पहले भारत-पाकिस्तान ने संघर्ष विराम की घोषणा की थी
- पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष से की थी बात



**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर 3 घंटे तक भी जारी नहीं रह पाया। इस पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, 'भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। हमने सेना को फ्री हैंड दिया है। विदेश सचिव ने कहा ये अतिक्रमण निंदनीय है। पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है। पाकिस्तान इस अतिक्रमण को रोकने की कार्रवाई करे।' पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात में शैलिंग और ड्रोन अटैक कर रहा है।

इससे पहले भारत और पाकिस्तान ने सीधी बातचीत के बाद एक दूसरे के खिलाफ गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार शाम विशेष ब्रीफिंग में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर बाद अपने भारतीय समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत की शुरुआत की। उसके बाद हुई चर्चा में दोनों पक्ष शाम पांच बजे से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। इस संबंध में दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों को इस पर अमल के आदेश जारी कर दिए हैं।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने दी सबसे पहले जानकारी

भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। यह दावा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं।

### फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्रालय



पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है।

संघर्ष विराम के बाद जयशंकर ने किया साफ

### आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरूद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनाई।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत-पाक से बात की थी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। उन्होंने दोनों देशों से तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति स्थापित को लेकर मिलकर काम करने की अपील की थी।

### पाकिस्तान ने अखनूर, पुंछ, नौशेरा सांबा में भारी गोलीबारी की



- जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, ड्रोन अटैक
- उमर अब्दुल्ला बोले, ये कैसा सीजफायर

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- ये कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है।

#### जम्मू-कश्मीर, राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट

सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था। लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गई है।

**पाकिस्तान ने भी सीजफायर की पुष्टि की**

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।'*

## सार संक्षेप

### केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं जारी : धामी




**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केदारनाथ यात्रा के लिए देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को हेली सेवाएं लगातार मिलती रहेंगी। इसकी जानकारी खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

### प्रवर्तन निदेशालय ने 6.30 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की मुंबई शाखा ने 'टॉरेस ज्वेलरी' ब्रांड नाम से कारोबार कर रही कंपनी मेसर्स प्लैटिनम हर्न प्रा. लि. के खिलाफ जांच के सिलसिले में छापे और तलाशी के दौरान 6.3 करोड़ रुपए नकद तथा आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को कहा कि इस मामले में चल रही जांच में धनशोधन निवारक अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत शुक्रवार को मुंबई और सूरत में चार परिसरों में तलाशी अभियान चलाया गया।

### 15 मई तक बंद रहेंगे भारत के 32 एयरपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन अधिकारियों ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी कर उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। ये आदेश 15 मई तक प्रभावी रहेगा।

संघर्ष विराम के बाद कांग्रेस की सरकार से मांग

## सर्वदलीय बैठक बुलाकर संसद का विशेष सत्र बुलाए



पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा हो

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु) कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका की तरफ से हुई अभूतपूर्व घोषणा के मद्देनजर राष्ट्रीय हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शीघ्र एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए ताकि भविष्य के मुद्दे पर एकजुट होकर सामूहिक चर्चा की जा सके। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने संघर्ष विराम की घोषणा के बाद यहां जारी एक बयान में कहा वाशिंगटन डीसी से आई अभूतपूर्व घोषणाओं के संदर्भ में अब यह राष्ट्रीय आवश्यकता बन गई है कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री उसकी अध्यक्षता करें और देश के राजनीतिक दलों को विश्वास में लें ताकि संकट की घड़ी में राष्ट्रीय हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, संसद का एक विशेष सत्र तत्काल बुलाया जाए, जिसमें पिछले 18 दिनों की घटनाओं, विशेषकर पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले से लेकर अब तक की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हो और आगे की दिशा तय की जाए ताकि देश एकजुट होकर सामूहिक संकल्प का प्रदर्शन कर सके।

### पाकिस्तान को कर्ज देकर आईएमएफ ने गलत किया: तिवारी

**नई दिल्ली।** आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन दिया है। भारत ने इस फैसले का सख्त विरोध किया है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस पर हैरानी जताई तो अब कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। तिवारी ने कहा यह पैसा उन आतंकवादी संगठनों को मजबूत करने के लिए जाता है, जिन्हें पाकिस्तान ने पनाह दी है और उनके द्वारा बनाए गए आतंकवाद के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए जाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगना ढेर

- भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी
- लश्कर-ए-तैयबा का अबू जुंदाल भी शामिल



**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गए।

सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गए हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गए आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था। मारे गए तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। पांचवां आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद का मोहम्मद हसन खान था। वह मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था।

भारत सरकार ने दिया सख्त संदेश

### भविष्य में किसी भी आतंकी घटना को युद्ध माना जाएगा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी आतंकी घटना भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। भारत सरकार के शीर्ष सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत सरकार के शीर्ष सूत्र के मुताबिक, भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अंदाज में जवाब भी दिया जाएगा।

केरल में मानसून 27 मई के आसपास पहुंचेगा

## इस बार जल्द दस्तक देगा मानसून



- सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है।

### दिल्ली-एनसीआर में भी बदला मौसम

शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग के अनुमान के तहत बारिश के साथ हल्की गरज शुरू हुई। बारिश के साथ ही हवा भी तेज रफ्तार से चली, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## भारतीय सेना की आंख बने इसरो के सैटेलाइट



- पाकिस्तान के आतंकी अड्डों की सटीक लोकेशन दे रहे
- ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता मिली

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की। इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्डों की सटीक पहचान करने, हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों, हथियारों व टुकड़ियों के मूवमेंट, राडार स्टेशनों की जानकारी मिली। साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट से संवेदनशील व खुफिया जानकारी मिल रही है। इसरो के 7 सर्विलांस उपग्रह से सेनाओं को सटीक इनपुट मिल रहा है। कार्टोसेट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं।

## बिहार : भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**423 लीटर विदेशी शराब बरामद की**

**छपरा,** 10 मई (एजेंसियां) बिहार के सारण जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने तरबूज लदे ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है।

उत्पाद विभाग सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पुलिस बल के सहयोग से एकमा- दाउदपुर थाना क्षेत्र के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 531 पर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक तरबूज लदे ट्रक से 423 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर जिला अंतर्गत कुंदू वन चावली गांव निवासी ट्रक चालक नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

रिपोर्ट — *भारतीय महापंजीयक की रिपोर्ट से मिली जानकारी*

## देश में स्त्री-पुरुष लिंगानुपात 899 से बढ़कर 913 हुआ

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर वैश्विक औसत से बेहतर हो गई है और देश में वर्ष 2021 तक लिंगानुपात 899 से बढ़कर 913 हो गया है। भारतीय महापंजीयक (आरजीआई) की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट वर्ष 2021 के अनुसार भारत में प्रमुख मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।**

देश के मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी आई है। यह 2014-16 में प्रति लाख जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गई है।देश की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 39 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 27 हो गई है। नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 26 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 19 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 45 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 31 हो गई है। जन्म के समय लिंग अनुपात 2014 में 899 से सुधरकर 2021 में 913 हो गया है। कुल प्रजनन दर 2021 में 2.0 पर स्थिर है, जो 2014 में 2.3 से उल्लेखनीय सुधार है। यह रिपोर्ट शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां जारी की।

### बाल मृत्यु दर में भी कमी आई

संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी बाल मृत्यु दर आकलन समूह की रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत बाल मृत्यु दर में कमी लाने वाले शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक है। भारत में 1990 से 2023 तक पिछले 33 वर्षों में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की कमी आई है जबकि वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत की कमी आई है। नवजात शिशु मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में 70 प्रतिशत की कमी आई है और शिशु मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 58 प्रतिशत की तुलना में 71 प्रतिशत की कमी आई है।

# देश

उवाच

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का जो घिनौना खेल खेला गया, इस वक्त आईएमएफ की तरफ से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता देना सही नहीं था। आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर भारतीय सेना ने अपना काम कर दिया।

-तारिक अनवर,कांग्रेस सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 26.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# स्थायी कमीशन पर कोर्ट के फैसले से बढ़ेगा महिला अधिकारियों का मनोबल

## कांग्रेस ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन पर शीर्ष अदालत के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए यह फैसला महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएगा। विंग कमांडर सेवानिवृत्त अनुमा आचार्य ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेना की महिला अधिकारियों के स्थायी कमीशन को लेकर उच्चतम न्यायालय का शुक्रवार को एक निर्णय आया है जो बहुत राहत देने वाला है और आज जो देश का माहौल है, उसमें इस फैसले से महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाना है।

वर्तमान में देश की जो स्थिति है, उसमें सेनाओं के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और उनके शौर्य और साहस को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद इस केस की एक लाभार्थी रही हूं। साल 1992 में पहली बार महिला अधिकारियों की एंट्री शुरू हुई और वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय की तरफ से एक सर्कुलर 25 नवंबर 1991 को जारी कर कहा था कि एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में महिला अधिकारियों



वर्तमान में देश की जो स्थिति है, उसमें सेनाओं के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं व उनके शौर्य और साहस को सलाम करते हैं : अनुमा आचार्य

को लिया जाएगा। अगर प्रयोग सफल होता है, तो आने वाले छह साल के लिए उन्हें सेवा विस्तार दिया जाएगा। फिर 11 वर्ष बाद महिला अधिकारियों से पूछा जाएगा कि क्या वे पेंशन वाली सेवा में शामिल होना चाहती हैं।

साल 1999 से 2004 के बीच में जब बाकी सरकारी नौकरियों में ओपीएस खत्म हुआ तो उसी समय महिला अधिकारियों की पेंशन के लिए विकल्प देने की बात थी, वो भी खत्म हुआ। आगे चल कर 2007 में विंग कमांडर अनुपमा जोशी और स्क्वॉड्रन लीडर रुखसाना हक ने पहले यह केस कोर्ट में दायर किया।

### हम देश की सेनाओं के साथ खड़े हैं : कांग्रेस

विंग कमांडर सेवानिवृत्त अनुमा आचार्य ने कहा कि अब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आया है कि महिला अधिकारियों को तब तक बहाल रखा जाए, जब तक अगली सुनवाई अगस्त में नहीं होती। हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं और हम देश की सेनाओं के साथ खड़े हैं। हम हर सैन्यकर्मी के शौर्य को हमारा सलाम है। पूर्व सेना अधिकारी ने कहा कि नौ मई को उच्चतम न्यायालय ने शॉर्ट सर्विस कमीशन महिला अधिकारियों की याचिका पर अगली सुनवाई तक उनकी सेवाएं बहाल रखने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसे समय में महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ा रहना चाहिए। हमारी महिला अधिकारी प्रतिभाशाली हैं। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि हर वर्ष केवल 250 शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को ही परमानेंट कमीशन दिया जा सकता है। सेना में अधिकारियों का युवा काडर होना बहुत जरूरी है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जो अनुभवी महिला अधिकारी हैं, वे भी युवा सैनिकों के मार्गदर्शन और मानसिक संबल के लिए बहुत आवश्यक हैं। न्यायालय का यह फैसला महिला अधिकारियों के लिए उम्मीद की किरण है।

उन्होंने कहा कि बाद में थल सेना की भी महिला अधिकारियों ने इस मामले को आगे बढ़ाया और 2009 आते-आते सारे केस क्लब करते हुए 14 दिसंबर 2009 को दिल्ली की हाई कोर्ट ने यह केस फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया गया। बारह मार्च 2010 को कोर्ट का महिला अधिकारियों के पक्ष में फैसला आया और वायु सेना की महिला अधिकारियों के मामले में रक्षा मंत्रालय का एक नीतिगत पत्र जारी हुआ तो मेरे जैसी 23 महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिल गया। इस मामले में सेना ने कोई नीतिगत पत्र नहीं निकला था, तो बबिता पुनिया वर्सेस भारत सरकार को केस की बाकी महिला अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में अपनी लड़ाई आगे के 10 साल तक लड़नी पड़ी। इसमें नौ सेना की महिला अधिकारियों ने बाद में अपने स्थायी कमीशन की लड़ाई लड़ी।

## सुरक्षित निकाले गए 23 तेलुगु छात्र

**हैदराबाद**, 10 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के आदेश पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए संघर्षग्रस्त क्षेत्र में फंसे 23 तेलुगु छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के रहने वाले ये छात्र शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) में पढ़ रहे थे। पिछले कुछ दिनों से कश्मीर में तनाव तेजी से बढ़ गया है, पाकिस्तान ने नागरिक घरों, सरकारी भवनों और सेना के शिविरों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। जमीनी स्तर पर स्थिति लगातार बिगड़ती रही, जिससे निवासियों और छात्रों में लगातार भय का माहौल बना हुआ था। तेलुगु छात्र खुद को फंसा हुआ पा रहे थे, क्योंकि क्षेत्र में हवाई अड्डे बंद थे और वे बाहर नहीं निकल पा रहे थे। इस अनिश्चितता के बीच, उन्होंने केंद्रीय मंत्री को एक पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई थी।

संघर्षग्रस्त क्षेत्र में फंसे थे छात्र

छात्रों ने कहा कि हम युद्ध क्षेत्र में फंसे हैं, कृपया मदद करें। हालात की गंभीरता देखते हुए मंत्री ने तुरंत छात्रों से संपर्क किया और जिला कलेक्टर और एसकेयूएएसटी यूनिवर्सिटी डीन से बात करके उनकी सुरक्षित निकासी सुनिश्चित कराई। मंत्री के निर्देश पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की। अब खतरे से बाहर ये छात्र तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से हैं, जो एसकेयूएएसटी में पढ़ रहे थे और हिंसा के चलते फंस गए थे।

## उपमहाद्वीप में नेतृत्वकर्ता की भूमिका अपनाए भारत : महबूबा

### तनाव कम करने के लिए कदम उठाने का किया आग्रह

**श्रीनगर**, 10 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार से शांति प्रक्रिया का नेतृत्व करने और तनाव कम करने की दिशा में पहला कदम उठाने का शनिवार को आग्रह किया। मुफ्ती ने कहा कि भारत को उपमहाद्वीप में नेतृत्वकर्ता की भूमिका को अपनाना चाहिए और तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क किया है और तनाव कम करने का आग्रह किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि शुरुआत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में अमेरिका एक निश्चित बिंदु से आगे हस्तक्षेप नहीं करेगा, लेकिन अब स्थिति की चिंताजनक गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क किया है और तनाव



कम करने का आग्रह किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अब वह ऐसी उभरती हुई शक्ति है, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तथा वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसे असंगत अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसकी बजाय, भारत को उपमहाद्वीप में अपनी नेतृत्वकर्ता की भूमिका को अपनाना चाहिए और तनाव कम करने के लिए पहला कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया हमें देख रही है। यह भारत के लिए मजबूती से खड़े होने और यह दिखाने का समय है कि उसकी असली ताकत परमाणु हथियारों में नहीं बल्कि संयम और शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता में निहित है।

## सार संक्षेप

### मुंबई तट पर हाई अलर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने वाले समुदाय को चेतावनी जारी की है कि वे तेल रिग और 877.97 किमी लंबे महाराष्ट्र तट पर अपतटीय रक्षा क्षेत्रों के पास न जाएं। भारतीय नौसेना ने मुंबई और कोंकण क्षेत्र के मछुआरा समुदाय, मत्स्य विभाग, तटीय पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और तटरक्षक बल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की व संवेदनशील क्षेत्रों में मछली पकड़ने के खिलाफ सलाह दी। सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उच्च स्तरीय बैठक में निषिद्ध क्षेत्रों में प्रवेश करने पर 'गोली मार डालने' के निर्देशों के साथ हाई अलर्ट पर चर्चा की गई है।

### इंदौर के होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर के होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को आया। इस ईमेल में होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके साथ ही देश भर में स्लीपर सेल होने का जिक्र किया गया। इतना ही नहीं, यह भी कहा गया कि पाकिस्तान से पंगा मत लो। इस ईमेल में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी के ईमेल को पुलिस-प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और पुलिस अमला मौके पर पहुंचा व उसने तलाशी अभियान चलाया।

### पटेल ने जिला प्रशासनों के साथ की समीक्षा बैठक

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के जिला प्रशासनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस समीक्षा बैठक की। मौजूदा हालात में राज्य सरकार के पास जरूरी वस्तुओं, दवाइयों, ईंधन आदि का भंडार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य के सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर उनके जिलों में ऐसी किसी भी वस्तु की जरूरत प्रतीत हो कि वे तुरंत ही राज्य सरकार से संपर्क कर तत्काल प्राप्त कर सकेंगे।

### ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी पलटने से तीन की मौत

**बापटला।** परचूर मंडल के धिम्मराजुपालम गांव में शनिवार को ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मार्टूर से गुंटूर जा रही ग्रेनाइट स्लैब से लदी लॉरी सड़क पर पलट गई, जिससे पलापर्थी श्रीनू, तल्लूरी प्रभुदास और तम्मुलुरु सुरेंद्र की मौत हो गई। दुर्घटना के समय सभी मृतक लॉरी में सवार थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीजीएच भेज दिया है। लॉरी का चालक फरार है।

## ओडिशा के 23 और मीसा बंदियों को मिलेगी मासिक पेंशन

**भुवनेश्वर**, 10 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 23 और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम (मीसा) के तहत बंदियों को पेंशन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, जिनमें मीसा के अंतर्गत गिरफ्तार 19 और डीआईआर/डीआईएसआईआर प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार चार बंदी शामिल हैं। इससे पहले 21 मीसा बंदियों के लिए पेंशन स्वीकृत की गई थी। इन 23 लोगों के जुड़ने के बाद अब राज्य में कुल 44 पूर्व बंदियों को पेंशन योजना के लिए पात्र माना गया है। प्रत्येक लाभार्थी को 20,000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी तथा उनके सभी चिकित्सा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार ने ओडिया स्वतंत्रता की भावना को मूर्त रूप प्रदान करने वाले लोगों को सम्मानित करने की कोशिश की है।



मोहन चरण माझी ने प्रस्ताव को प्रदान की मंजूरी

इस पहल में स्वतंत्रता सेनानियों के भत्ते में बढ़ोतरी की गई है तथा आपातकाल के दौरान मीसा अधिनियम के अंतर्गत जेल में बंद लोगों को पेंशन भी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में अनेक लोगों को मीसा, डीआईआर और डीआईएसआईआर कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। ओडिशा सरकार ने निर्णय लिया है कि एक जनवरी 2025 तक सभी जीवित कार्यकर्ता पेंशन और चिकित्सा लाभ के लिये पात्र होंगे।

# बिहार के सीमावर्ती जिलों में बरतें पूरी सतर्कता : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अफवाहों पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश

**पूर्णिया**, 10 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को ध्यान में रखते हुए नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में पूरी सतर्कता बरतने के साथ ही राज्य में असामाजिक तत्वों के उकसावे वाली किसी भी अफवाह पर कड़ी नजर रखने का आज निर्देश दिया। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी के लिए शनिवार को यहां उनकी अध्यक्षता में हुई सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह से सतर्कता बरतें। सीमा पर



स्थित सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहें तथा आने-जाने वालों की पूरी जांच करें। साथ ही महत्वपूर्ण सड़कों, पुलों, रेलवे लाइन एवं धार्मिक स्थलों जैसे संवेदनशील स्थानों पर पूरी निगरानी रखें। राज्य सरकार के सभी पदाधिकारी, सेना एवं सशस्त्र सीमा बल के (एसएसबी) पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पांच जिलों पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल जिलों के अलावा अन्य सीमावर्ती जिलों में भी इसी तरह से सतर्क रहने एवं

सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर किए जाएं पुलिस बल प्रतिनियुक्त : नीतीश कुमार

मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सभी जिलों में कड़ी चौकसी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया जाए। वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से गश्ती कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते रहें। इस घटना के आलोक में भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, भारतीय सेना तथा सशस्त्र सीमा बल के

### इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड पर हो लगातार गश्त

नीतीश कुमार ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी रखी जाए एसएसबी के साथ मिलकर इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड पर लगातार गश्ती होनी चाहिए। सीमा पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाय। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाय। उन्होंने कहा कि सेना के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित किया जाए एवं राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हर तरह से सतर्कता बरतने की जरूरत है। आतंकवादी या असामाजिक तत्व किसी व्यक्ति को गुमराह कर या लालच देकर गड़बड़ी करा सकते हैं। इन सब चीजों पर भी विशेष नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाय। महत्वपूर्ण पथों, पुलों, रेलवे लाईन, एयरपोर्ट, पेट्रोल-डीजल डिपो, गैस स्टेशन आदि पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाए। आसूचना तंत्र को अत्यंत संवेदनशीलता से सूचना संग्रहण हेतु लगाया जाए।

पदाधिकारियों के साथ यह बैठक की जा रही है।

## आईएमएफ को पाकिस्तान को लोन देने से पहले सोचना चाहिए था : मनोज झा

**नई दिल्ली**, 10 मई (एजेंसियां)। आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन दिए जाने पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि आईएमएफ को लोन देने पहले सोचना चाहिए था। राजद सांसद ने कहा कि आईएमएफ की ओर से जिस तरह से पाकिस्तान को लोन दिया गया, इस पर कई बातें कही जा रही हैं। लेकिन, मैं एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहूंगा कि जिन देशों या संस्थाओं ने यह फैसला लिया है, उन्हें गंभीरता से विचार करना चाहिए कि यह रकम पाकिस्तान के लोगों के लिए है या आतंकी प्रयोगशालाओं के लिए। जब सच्चाई सामने आएगी, तो वे भी चौंक जाएंगे। राजद सांसद ने आगे कहा कि पूरी दुनिया को भारत और पाकिस्तान की आर्मी के बीच का अंतर भी देखना



हमने कभी भी स्थिति को बढ़ाने की कोशिश नहीं की

चाहिए। पाकिस्तान जो नापाक हरकत कर रहा है, हमारे सशस्त्र बल और हमारी सरकार पूरी तरह मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। मैंने सेना और रक्षा मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग सुनी और मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे तथाकथित स्रोतों और टेलीविजन चैनलों पर ध्यान न दें। विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हमने कभी भी स्थिति को बढ़ाने की कोशिश नहीं की। ऑपरेशन सिंदूर की पहली रात को नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों

### पाक की नापाक हरकत में हमने अपने लोगों को गंवाया

राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकत में हमने अपने लोगों को गंवाया। पीडीपी प्रमुख के सोशल मीडिया पोस्ट पर राजद सांसद ने कहा कि हमें यह देखना चाहिए कि हमारी सेना जो प्रेस वार्ता में बता रही है, हमेशा उन्हीं की बातों पर गौर करना है। सूत्र या सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही खबरों पर ध्यान नहीं देना है।

पर कोई हमला नहीं हुआ, लेकिन पाकिस्तानी सेना की ओर से प्रतिक्रिया पूरी तरह से विपरीत थी। भारत-पाक के बीच तनाव है और जिस तरह से पहलगाम में आतंकवादी हमले हुए, एक चिंगारी लगाई गई।

## भारतीय-अमेरिकी समाजसेवी नेता रीता सिंह ने शिकागो में फैशन डिज़ाइनर सब्यसाची मुखर्जी से की मुलाकात

शिकागो। भारतीय मूल की अमेरिकी समाजसेवी और उद्यमी रीता सिंह ने शिकागो में भारत के मशहूर फैशन डिज़ाइनर सब्यसाची मुखर्जी से मुलाकात की, जो उनकी भारतीय परंपरा और रचनात्मकता को दुनिया भर में बढ़ावा देने की उनकी साझा सोच को दर्शाती है।



सब्यसाची मुखर्जी हाल ही में 2025 मेट गाला जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में अपने डिज़ाइनों के लिए खूब सराहे जा रहे हैं। वे भारतीय पारंपरिक फैशन को नए अंदाज़ में पेश कर रहे हैं और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहे हैं। दूसरी ओर, रीता सिंह WE (Women's Empowerment) Chicago की संस्थापक हैं और Federation of Indian Associations (FIA) से भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। वे कई वर्षों से भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को आगे बढ़ाने और उनके लिए मंच तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। मुलाकात के बाद रीता सिंह ने कहा, 'सब्यसाची जी से मिलना मेरे लिए एक खास अनुभव था। वे जिस तरह भारतीय कला और संस्कृति का सम्मान देते हुए उसे दुनिया तक पहुंचा रहे हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है। हमारी बातचीत में भारतीय पहचान, महिलाओं के सशक्तिकरण और सांस्कृतिक सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई।'

## देश के लिए किसान और जवान दोनों हैं अत्यंत महत्वपूर्ण : श्याम सिंह राणा

**कुरुक्षेत्र** 10 मई (एजेंसियां)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसी भी देश के लिए किसान और जवान सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध चाहे कितना भी लंबा क्यों न चले, खेती रुकनी नहीं चाहिए। वर्तमान समय में देश के अन्न भंडार भरे हुए हैं और किसी भी प्रकार की खाद्यान्न संकट की स्थिति नहीं है। शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव के दूसरे दिन, मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसान वैश्विक तकनीकों को अपनाकर खेती करें तो देश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और यदि पूरी दुनिया से 100 एकड़ भूमि चुनी जाए तो सबसे उपजाऊ भूमि भारत की ही होगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र वह भूमि है जहाँ ब्रह्मा जी ने सबसे पहले कृषि की शुरुआत की थी और यहीं से लोगों ने खेती करना सीखा। कृषि मंत्री ने बताया कि खेती मुख्य रूप से तीन प्रकार की होती है—रासायनिक, ऑर्गेनिक और प्राकृतिक। वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर योजनाएं चला रही हैं। किसानों की आय बढ़ाने, खर्च घटाने, कम समय में अधिक उत्पादन और जल की बचत के लिए सरकार प्राकृतिक खेती पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक लाख एकड़ भूमि पर इसे अपनाने का लक्ष्य रखा है। प्रति देशी गाय पर सब्सिडी भी दी जा रही है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें।



# ऑपरेशन सिंदूर में इंटेलिजेंस इनपुट बने बड़े मददगार

जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 10 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के अड्डों और ट्रेनिंग कैंपस पर सफल एयर स्ट्राइक के बाद दुश्मन मुल्क में घुसकर भारतीय वायुसेना ने अभी तक जो भी कामयाबी हासिल की है उसमें देश की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी रिसर्च एनालिसिस विंग (रॉ) से मिले इंटेलीजेंस इनपुट का खास योगदान रहा है।

पहलगाम में आतंकी हमले के 15 दिन बाद 6 मई की दरम्यानी रात पाकिस्तान तथा पीओके में 25 मिनट की छोटी सी अवधि में 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया जिसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया था। जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मौलाना मसूद अजहर के दर्जनभर करीबी रिश्तेदारों के साथ सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए।

इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय), मुरीदके (लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय), सियालकोट (आतंकी अड्डा) और चक अमरू (आतंकी शिविर) और मुजफ्फराबाद में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के शिविरों के साथ कोटली, भीमबर, बाग और गुलपुर में आतंकी ठिकानों पर सटीक





हमले किए। यह केवल बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ से मिले इन्टेलीजेंस इनपुट के आधार पर संभव हो पाया है॥ बता दें कि पहलगाम हमले के बाद जब रक्षा मंत्रालय सैन्य अफसरों और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तान को सबक सिखाने की


रॉ के पास है पाकिस्तान में आतंक के अड्डों और सैन्य ठिकानों की पूरी जानकारी

रणनीति तैयार कर रहा था तब रॉ ने पीओके व पाकिस्तान में आतंकवादियों और सेना द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कैंप और लॉचिंग पैड के 21 ठिकानों की पूरी जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि इसी लिस्ट के आधार पर 9 ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर प्रहार किया गया और इसमें कामयाबी भी मिली। इस एयर स्ट्राइक के बाद जब पाकिस्तान लगातार तीन दिन से भारत पर ड्रोन अटैक कर रहा था उसके बाद घर में घुसकर की जा रही स्ट्राइक में भी रॉ से मिल रहे इंटैलीजेंस इनपुट का बड़ा रोल है। चाहे अरब सागर में खड़े भारतीय युद्धपोत आईएनएस विक्रांत कराची में बंदरगाह को तबाही हो या पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों में प्रमुख सैन्य ठिकानों व एयरबेस की जानकारी सब कुछ तीनों सेनाओं को देश की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी ही उपलब्ध करा रही है।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और एनएसए अजित डोभाल के निर्देश पर खुद रॉ चीफ तीनों सेनाओं के साथ इंटैलीजेंस इनपुट्स को लेकर कोर्डिनेशन कर रहे हैं।

## भारत-पाक संघर्ष विराम स्वागत योग्य कदम : स्टालिन

**चेन्नई**,10 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान द्वारा चार दिनों से चल रही भीषण शत्रुता को समाप्त करने के लिए घोषित संघर्ष विराम एक स्वागत योग्य कदम है। एक्स पर एक पोस्ट में, स्टालिन ने उनके द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में आयोजित रैली की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि तमिलनाडु ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता में मार्च किया। एम के स्टालिन ने लिखा कि युद्धविराम एक स्वागत योग्य कदम है, शांति कायम रहे। हमारी सीमाओं की रक्षा करने वालों के साहस को हमारा हार्दिक सलाम।



उल्टा पुल्टा

लड़का : मां दिवाली आनेवाली है, इस बार पटाखे इस दुकान से लूंगा...।
मां : बेटा, यह पटाखों की दुकान नहीं...लड़कियों के लिए होस्टल है...।
लड़का : मुझे क्या पता...पापा कह रहे थे कि यहां एक से एक घांसू पटाखे है...।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए समीक्षा बैठक

- स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक सामग्रियों के पर्याप्त भंडारण करने के दिए निर्देश
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सक्रिय करने के निर्देश जारी




**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए शनिवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री कार्यालय की और से कहा गया कि दिल्ली की श्रीमती रेखा ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों की तैयारी की समीक्षा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों की तैयारी, एम्बुलेंस की उपलब्धता, दवाओं और आवश्यक सामग्रियों के पर्याप्त भंडारण करने के निर्देश दिए गए। गहन चिकित्सा इकाइयों में विद्युत बैकअप सुनिश्चित करने और चिकित्सकीय और पारामेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द करके ड्यूटी रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राजस्व विभाग को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(डीडीएमए) को सक्रिय करने, आश्रय स्थलों की पहचान के निर्देश दिए गए एवं सशस्त्र बलों, रेलवे और हवाई अड्डा प्राधिकरणों से समन्वय स्थापित करने के लिए भी कहा गया। ऊर्जा विभाग को बिजली जाने की स्थिति में तैयारी रखने और आवश्यक सेवाओं के लिए बैकअप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गृह और पुलिस विभाग को परिचालन तत्परता और जल-विद्युत आपूर्ति की सुरक्षा बनाए रखने के आदेश दिए गए।

पीडब्ल्यूडी , दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद आदि को आपात स्थिति में अवसंरचना निर्माण के लिए ठेकेदारों और मशीनरी की सूची तैयार रखने के निर्देश दिए। दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली मेट्रो को आपात योजना और निकासी के लिए रूट मैप्स तथा फ्लीट प्रबंधन तैयार करने को कहा गया है और दमकल विभाग को अलर्ट स्थिति में रहने के निर्देश दिए गए।

## अब पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाना जरूरी, हम सरकार के साथ : उदित राज



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के तीन एयरबेस को टारगेट करने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पाकिस्तान ने सबक नहीं सीखा है, उसे कड़ा सबक सिखाने की जरूरत है। उदित राज ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइल दागे जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सेना ने मिसाइल को सफलतापूर्वक रोककर एक बार फिर अपनी क्षमता और बहादुरी का परिचय दिया है। हालांकि, हमारी सरकार से मांग है कि पाकिस्तान पर अब सख्त कार्रवाई की जरूरत है। हमारी पार्टी का भारत सरकार को पूर्ण समर्थन है, जिससे पाकिस्तान को सबक मिले। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से कुछ सीख नहीं रहा है और रोजाना दुस्साहसिक कार्रवाई कर रहा है।

> पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से कुछ सीख नहीं रहा और रोजाना दुस्साहसिक कार्रवाई कर रहा है : **उदित राज, कांग्रेस**

## आतंकवादी हमले की निंदा व सेना को धन्यवाद देने के लिए प्रस्ताव लाएगी 'आप' : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय सत्र 13 मई से शुरू हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) इस सत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक मजबूत और स्पष्ट रुख अपनाने जा रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बताया कि 'आप' की ओर से 'निंदा प्रस्ताव' लाया जाएगा, जिसमें पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी आलोचना की जाएगी। इसके साथ ही धन्यवाद प्रस्ताव् के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों को उनके साहस और संकल्प के लिए सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू की है। दिल्ली विधानसभा और आम आदमी पार्टी इस लड़ाई का पूर्ण समर्थन करती है। हम सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों के परिवारों का भी आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

## रावलपिंडी में लहराएगा भारत का तिरंगा : राघव चड्ढा




*__नई दिल्ली।__ आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत कभी किसी को पहले नहीं छेड़ता, लेकिन अगर कोई भारत की तरफ आंख उठाकर देखे, तो उसे छोड़ा भी नहीं जाता। राघव चड्ढा ने कहा कि यह भारत का उसूल है- न हम किसी को पहले छेड़ते हैं, न ही बाद में किसी को छोड़ते हैं। हम 140 करोड़ लोग चट्टान की तरह अपनी सेना के साथ खड़े हैं। भारत शांति चाहता है, लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत की धरती महात्मा बुद्ध की भूमि है, लेकिन यह अर्जुन और भीम जैसे महावीर योद्धाओं की भी भूमि है।*

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान को अब अपने देश से आतंकवाद को बाहर करना चाहिए : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीजफायर का स्वागत किया है और कहा है की हम आशा करते हैं की पाकिस्तान इस सीजफायर के प्रति इमानदार रहेगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भारत कभी भी आम पाकिस्तानी नागरिक के प्रति युद्ध नही करना चाहता था, हमारी लड़ाई पाकिस्तान सेना एवं सरकार के संरक्षण में पाकिस्तान की भूमी से चलते आतंकवाद से है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की यह सीजफायर पाकिस्तान सेना एवं सरकार के लिए एक सुनहरी अवसर है और पाकिस्तान को अब अपने देश से आतंकवाद को बाहर करना चाहिए।

### पवित्र व स्वार्थ से रहित है मां और बच्चे का प्रेम : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** मदर्स डे एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। माँ और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि एक पवित्र व स्वार्थ से रहित है। यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे उँची व अच्छी मिसाल माँ और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी माँ के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी माँ को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहाँ तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी माँ के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक माँ का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। माँ और बच्चे के रिश्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है। एक माँ अपने बच्चे के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है। वह स्वयं अपनी थाली से भोजन लेकर बच्चे को खिलाती है। इसी प्रकार वह स्वयं अपना कोट उतारकर बच्चे को देती है ताकि उसका बच्चा गर्म महसूस कर सके।

### 'कलर्स ऑफ इंडिया' प्रस्तुति में भारतीय सांस्कृतिक विविधता की झलक



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित त्रिकाया डांस फाउंडेशन की ओर से प्रस्तुत 'कलर्स ऑफ इंडिया' कार्यक्रम ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। त्रिकाया डांस फाउंडेशन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस भव्य नृत्य समारोह में देशभर से आए 50 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कलाकार राकेश साईं बाबू और त्रिकाया डांस फाउंडेशन की निदेशक प्रिया श्रीनिवासन ने की। भरतनाट्यम, ओडिसी, कथक, कुचिपुड़ी, कथकली और मयूरभंज छाऊ जैसे शास्त्रीय नृत्यों के साथ-साथ राजस्थान, पंजाब, कश्मीर, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## देश में माहौल समान्य होने तक टाल दिए जाएं एमसीडी वार्ड-स्थायी कमेटी के चुनाव : अंकुश नारंग



**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच मई में होने जा रहे वार्ड और स्थायी कमेटी के चुनाव को टालने की मांग की है। इस बाबत शनिवार को अंकुश नारंग ने एमसीडी के महापौर राजा इकबाल सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखा है।

अंकुश नारंग ने पत्र को एक्स पर साझा करते हुए कहा कि मैंने दिल्ली महापौर राजा इकबाल सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार से दरख्वास्त की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग को देखते हुए मई माह में होने वाले एमसीडी की स्थायी समिति और वार्ड कमेटी चुनाव स्थगित कर दिए जाएं। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि अभी देश के अंदर जिस प्रकार का माहौल चल रहा है और जैसी परिस्थितियां हैं। हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच काफी तनावपूर्ण माहौल है और युद्ध किसी भी समय घोषित हो सकता है। इसलिए मैं महापौर राजा इकबाल से अनुरोध करता हूं कि नगर निगम के वार्ड कमेटी के चुनाव की जो घोषणा की गई है, उसे स्थिति समान्य होने तक के लिए स्थगित कर दिया जाए। जब तक देश में माहौल पूरी तरह शांत नहीं हो जाता, तब तक एमसीडी की वार्ड कमेटी और स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव रोक देने चाहिए। अभी के लिए इन चुनावों को स्थगित कर देना चाहिए।

## देश की पहली पूर्णत: सौर ऊर्जा संचालित बनने की तैयारी में दिल्ली विधानसभा

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। एक ऐतिहासिक पहल के तहत दिल्ली भारत के हरित शासन के अग्रदूत के रूप में उभर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला 12 मई 2025 सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के साथ मिलकर रखेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। इससे पूर्व, विधानसभा अध्यक्ष ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के संचालन और कार्यान्वयन से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर विचार-विमर्श हेतु एक बैठक आयोजित की, जिसमें दिल्ली विधानसभा की हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

इस समारोह में दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद सम्मिलित हैं। यह 500 किलोवाट की नई सौर परियोजना, जो कि केवल 45 दिनों में पूर्ण की जाएगी। दिल्ली विधानसभा की वर्तमान 200 किलोवाट रूफटॉप प्रणाली को प्रतिस्थापित करेगी। इस नवीन स्थापना से विधानसभा पूर्णत: सौर ऊर्जा पर संचालित होगी।

## लगातार मशीनों की जानकारी मांगने के बावजूद चुनाव आयोग ने नहीं दी जानकारी : कांग्रेस



- दिल्ली कांग्रेस ने 5 मई, 2025 को दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के उप सचिव को लिखा था पत्र

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को दिल्ली राज्य चुनाव आयोग कार्यालय में 12 वार्डों के उप चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेंकिग एफएलसी के लिए सभी पार्टियों को आमंत्रित किया था जिस पर दिल्ली कांग्रेस ने एफएलसी की जाने वाली मशीनों की जानकारी मांगी जैसे कि मशीनों की संख्या, सीरियल नम्बर, मेक और ये मशीने किस कम्पनी द्वारा बनाई गई है आदि। किंतु चुनाव आयोग ने जानकारी देने से मना कर दिया। जिस पर कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल एफएलसी में इस विरोध के साथ शामिल हुआ कि कांग्रेस पार्टी से यह जानकारी क्यों छुपाई जा रही है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग, बाबरपुर जिला प्रभारी डॉ. पी.के. मिश्रा, नई दिल्ली लोकसभा आब्जर्वर और लीगल व मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार शामिल थे। दिल्ली कांग्रेस द्वारा आगामी निगम उप चुनाव में इस्तेमाल होने वाली एम2 ईवीएम मशीनों की एफएलसी की पूरी जानकारी के संबंध में 5 मई, 2025 को दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के उप सचिव को पत्र लिखा था कि एफएलसी होने वाली ईवीएम मशीनों की संख्या, सीरियल नम्बर मेक और किस कम्पनी द्वारा बनाई गई है कि उनकी पूर्ण जानकारी एफएलसी से पहले दी जाए। परंतु चुनाव कार्यालय की ओर से कोई जवाब नही आया और फिर 9 मई को पत्र लिख कर ईवीएम की एफएलसी के लिए आग्रह किया।

## स्व. चौ. रामकरण सोलंकी की पुण्यतिथि पर 'कैंसर मुक्त दिल्ली देहात अभियान' की शुरुआत

**ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना व नियमित जांच की सुविधा सुनिश्चित करना है उद्देश्य**

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। पालम 360 खाप के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चौधरी रामकरण सोलंकी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को द्वारका सेक्टर-19 स्थित अम्ब्रस हॉस्पिटल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालम 360 के वर्तमान प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी की अध्यक्षता में 'कैंसर मुक्त दिल्ली देहात अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान अम्ब्रस हॉस्पिटल और पालम 360 गांव के लोगों के सहयोग से संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और नियमित जांच की सुविधा सुनिश्चित करना है।




चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए दिल्ली देहात के हर व्यक्ति तक यह अभियान पहुंचाएंगे और कैंसर के खिलाफ लड़ाई को जन आंदोलन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मेरे पिता चौधरी रामकरण सोलंकी ने 15 वर्षों तक दिल्ली देहात की समस्याओं को उठाया और समाधान कराए, उसी तरह अब हम कैंसर मुक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। पुण्यतिथि पर देश की राजनीति, समाज और प्रशासन के शीर्ष नेतृत्व ने भी स्व. रामकरण सोलंकी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ,विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सैकड़ों सांसदों व विधायकों ने पत्र के माध्यम से पुष्पांजलि अर्पित की।

सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्व. सोलंकी के योगदान को याद करते हुए कहा कि चौधरी रामकरण सोलंकी न केवल दिल्ली देहात की आवाज बने, बल्कि उन्होंने धरातल पर रहकर जनता की समस्याओं को हल करने का निरंतर प्रयास किया। कार्यक्रम में चंदन चौहान सांसद बिजनौर, अवतार भड़ाना, संदीप सहरावत विधायक, चौ धारा सिंह प्रधान बवाना 52, चौ नरेश प्रधान, राव त्रिभुवन, यशपाल प्रधान तिहाड़ 28, राजेंद्र प्रधान दौलतपुर 9,रमेश नेता बहुजन समाज, रणबीर प्रधान नरेला 17,हरियाणवी कलाकार प्रदीप बूरा, पूजा हुड़ा,विक्की काजला आदि गणमान्य लोग शामिल रहे ।

## प्रिस्टिन केयर ने एनसीआर में सुरक्षित, पेशेंट फर्स्ट एडवांस केयर को तेजी से बढ़ाया

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। प्रिस्टिन केयर ने तीन नए सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल शुरू किए हैं। दो दिल्ली में सफदरजंग एन्क्लेव और मालवीय नगर और एक गुरुग्राम में। इसके साथ ही, प्रिस्टिन केयर ने सिर्फ 75 दिनों में अपने हॉस्पिटल्स की संख्या पांच तक पहुंचा दी है। प्रिस्टिन केयर का यह तेज़ विस्तार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मरीजों के लिए एडवांस सर्जिकल केयर को और नज़दीक लाता है और सुरक्षित,पेशेंट-सेंट्रिक ट्रीटमेंट के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है। प्रिस्टिन केयर के को-फाउंडर डॉ. वैभव कपूर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि पूरे एनसीआर में सुरक्षित और हाई क्वालिटी वाला सर्जिकल इलाज उपलब्ध हो, जिसे मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी डॉक्टरों और पेशेंट सेंट्रिक केयर का समर्थन मिले, इन नए हॉस्पिटल्स के साथ, अब एडवांस इलाज मरीजों के और करीब आ गया है।

जिससे उन्हें सफर में कम और रिकवरी में ज्यादा समय लगेगा। प्रिस्टिन केयर के को-फाउंडर हरसिमरबीर सिंह ने कहा कि हमारी पेशेंट-सेंट्रिक टेक्नोलॉजी भर्ती की प्रक्रिया को तेज़ करती है, इंश्योरेंस अप्रूवल और डिस्चार्ज को जल्दी करती है और डॉक्टरों को मानवीय इलाज पर फोकस करने के लिए ज़्यादा समय देती है।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट अलर्ट

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत-पाक के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने सभी चिकित्सा केंद्रों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। इस सम्बन्ध में एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई जिसमें ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार डॉ. सुशील गुप्ता, प्रधान डॉ मीना सुभाष गुप्ता, सहित ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चिकित्सा निदेशक डॉ दीपक सिंगला सहित पंजाबी बाग, द्वारका एवं बहादुरगढ़ स्थित तीनों अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रशासनिक टीम भी उपस्थित थी। बैठक में भारत एवं पाकिस्तान के बीच 7 मई से प्रारंभ हो चुके युद्ध को देखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ऑक्सीजन, जीवन रक्षक उपकरणों और अन्य आवश्यक चिकित्सा संसाधनों के साथ पूरी तरह से तैयार रहने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सभी केंद्रों को ब्लैकआउट के लिए आवश्यक तैयारी करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्टी भाइयों को भी आपातकालीन टीम में शामिल करने का निर्णय किया गया जिससे उनकी सेवाओं का भी उपयोग किया जा सके।

इस बैठक में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने के लिए उसी दिन पुन:= सायंकाल एक बैठक आयोजित की गई जिसमें डॉ सुशील गुप्ता, डॉ. मीना सुभाष गुप्ता, महामंत्री दरवेश बंसल कोषाध्यक्ष विनोद बंसल एवं डॉ दीपक सिंगला सम्मिलित हुए एवं आपातकालीन स्थितियों में की जाने वाली तैयारियों के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए।

## एकजुट, सतर्क व साहस के साथ क्षेत्र में काम करें : श्रीवास्तव

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी अजीत पवार गुट की ओर से देशभर के अपने कार्यकर्ताओं से एनसीपी ने अपने कार्यकर्ताओं से एकजुट, सतर्क और साहस के साथ अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक सक्रियता से काम करें की अपील की है। पार्टी के प्रमुख महासचिव और प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को एक पत्र लिखकर कर कहा कि देश के सभी माननीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य व कार्यकर्ता और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गुजरात जैसे सीमावर्ती राज्यों के साथियों युद्ध के इस महत्वपूर्ण दौर में जब हमारी भारतीय सेना दुश्मनों की चुनौतियों का साहस और दृढ़ता से सामना कर रही हैं, ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम एकजुट, सतर्क और साहस के साथ अपने-अपने क्षेत्र में और भी अधिक सक्रियता से काम करें।

## प्रगति मैदान में शुरू हुआ डीएमटीएक्स व फैक्टरी इक्विपमेंट एक्सपो 2025




- संयुक्त सचिव विजय मित्तल व प्रेमजीत लाल ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन
- वैश्विक स्तर पर मशीन टूल उत्पादन में 9वें स्थान व उपभोग में छठें स्थान पर है भारत

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को भारत मंडपम प्रगति मैदान में उत्तर भारत के प्रमुख मशीन टूल शो दिल्ली मशीन टूल एंड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एक्सपो डीएमटीएक्स और फैक्टरी इक्विपमेंट एक्सपो का औपचारिक उद्घाटन किया।

डीएमटीएक्स अपने पांचवे संस्करण में है और यह मेटलवर्किंग मशीनरी, उसके उपकरणों व घटकों की नवीनतम तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए एक केंद्रित मंच है। फैक्टरी इक्विपमेंट एक्सपो के दूसरे संस्करण में फैक्ट्रियों के लिए समाधान विशेष रूप से सामग्री प्रबंधन और लॉजिस्टिक्स से संबंधित तकनीकें प्रदर्शित की जा रही हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव विजय मित्तल और आईटीपीओ के कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल ने संयुक्त रूप से किया।

इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र एस. राजामणे और महानिदेशक एवं सीईओ जिबक दासगुप्ता उद्घाटन समारोह में मंच पर उपस्थित रहे। विजय मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली मशीन टूल एक्सपो उत्तर भारत के निर्माताओं को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करता है और एक ऐसा संवादात्मक मंच तैयार करता है, जहां व्यावसायिक एवं नवाचार संबंधी विचारों का आदान-प्रदान हो सकता है, जिससे 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में संयुक्त प्रयास संभव हो सकें।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में तीन गुना वृद्धि हुई है। हम निर्माण क्षेत्र में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। पूंजीगत वस्तु क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। हम उन विशेष तकनीकों की तलाश कर रहे हैं जो भारत की निर्माण क्षमताओं को विश्वस्तरीय बना सकें।

राजेन्द्र एस. राजामणे ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत मशीन टूल उद्योग में उत्पादन में 9वें स्थान और उपभोग में 6ठे स्थान पर है। उपभोग में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और भारी उद्योग मंत्रालय कई क्षेत्रों में एक साथ कार्य कर रहे हैं और हमें उनका निरंतर सहयोग मिल रहा है। प्रेमजीत लाल ने कहा कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15245210B | हाई स्पीड प्रिसिशन लेथ मशीन | 02 नग | 04-06-25 |
| 02 | 07240448A | होज कनेक्शन 20 x 550 एम एम | 14145 नग | 05-06-25 |
| 03 | 09252136 | कपलर बॉडी विद शांक वियर प्लेट | 270 नग | 07-06-25 |
| 04 | 10245147A | इंडिविजुअल लोड बेअरिंग वेस्ट | 8496 नग | 09-06-25 |
| 05 | 16254269 | स्पीन ऑफ फ्यूल फ़िल्टर | 2788 नग | 09-06-25 |
| 06 | 07240249 | रबर स्प्रिंग फॉर फिएट बोगी | 4480 नग | 10-06-25 |
| 07 | 02252510 | लौ मेंटेनेंस लीड एसिड बैटरीज 75 ए एच | 72 सेट | 28-07-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 14/2025–2026 दिनांकः– 09.05.2025 1396/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की पहचान पैप स्मीयर द्वारा की जा सकती है, लेकिन यह केवल एक जांच का उपाय है, इससे निवारण नहीं होता। यदि हम सर्विक्स को इस वायरस से लड़ने से पहले ही इम्यूनिटी दे सकें, तो हम इस बीमारी को होने से पहले ही रोक सकते हैं। 14 वर्ष तक की आयु की लड़कियों को 2 डोज़ और 14 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को 3 डोज़ में दी जाने वाली यह वैक्सीन 94 प्रतिशत तक संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है : **डॉ. अंजना सिंह, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग।**

## न्यू नोएडा की अधिसूचित जमीन पर लगेंगे चेतावनी बोर्ड

■ **बनाया गया नोडल अधिकारी, जल्द तय की जाएंगी मुआवजा दर**

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) बसाने के लिए प्राधिकरण ने एक कदम और आगे बढ़ाया है। प्राधिकरणर के नियोजन अधिकारी को न्यू नोएडा का नोडल अधिकारी बनाया गया। यहां अधिसूचित जमीन के बोर्ड लगाए जाएंगे। जिसमें लिखा रहेगा कि 'ये भूमि डीएनजीआईआर के लिए अधिसूचित है'। यहां किसी प्रकार का निर्माण करना अवैध माना जाएगा। डीएनजीआईआर शहर करीब 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

**इस शहर का मास्टर प्लान के अनुसार क्या किया गया ब्रेकअप**

| लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 2810.54 |
| कामर्शियल | 849.97 |
| पीएसपी इंस्टीट्यूशनल | 1739.93 |
| फैसिलिटी / यूटिलिटी | 195.97 |
| इंडस्ट्री | 8420 |
| ग्रीन पार्क | 1792.26 |
| ग्रीन बेल्ट एंड बफर | 1432.73 |
| रिक्रेशनल | 530.22 |
| वाटर बॉडी | 122.77 |
| ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन | 2963.61 |

सतीश पाल ने बताया कि नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ यहां जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द की जाएगी। इससे पहले मुआवजा दर तय की जाएगी। इसके लिए ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण, बुलंदशहर के डीएम से बातचीत की गई है। वहीं अवैध निर्माण को रोकने के लिए डक ड्रोन सर्वे और अधिसूचना की तरीख का सेटेलाइट मैप भी लिया जाएगा। उस दिन के बाद यहां जितना भी निर्माण किया गया है या जा रहा है उसे अवैध माना जाएगा। डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

**आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन**

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है।

## नोएडा मेट्रो की दो परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

■ **एनएमआरसी के एमडी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में करेंगे प्रजेंटेशन, 2670 करोड़ की है परियोजना**

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। नोएडा मेट्रो के दो बड़े प्रोजेक्ट को दो महीने में मंजूरी मिल सकती है। इसमें पहला बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और दूसरा ग्रेटरनोएडा डिपो से बोडाकी तक है। इन दोनों रुटों के लिए अगले सप्ताह नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी लोकेश एम आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) के सामने इनका प्रजेंटेशन करेंगे। इससे पहले केंद्र सरकार ने दोनों परियोजनाओं पर कई प्रश्न पूछे थे। जिनका जवाब एनएमआरसी ने दे दिया है। माना जा रहा है कि इस प्रजेंटेशन के बाद दोनों प्रोजेक्ट पर जल्द मंजूरी मिलेगी।

**बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो**

नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को प्रदेश कैबिनेट से अप्रूवल के बाद केंद्र को भेजा गया है। वहां से इसी प्रजेंटेशन के बाद अप्रूवल मिल सकता है। ये रूट पांच साल में बनकर तैयार होगा। रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

**ग्रेटरनोएडा डिपो से बोडकी तक**

केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसलटेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है।

## लापरवाही मिलने पर साफ-सफाई कंपनियों को नोटिस



**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने डीएससी, उद्योग मार्ग, एमपी-1 मार्ग, एमपी-2. जोनल रोड नंबर-6, एफएनजी मार्ग एवं भंगेल एलिवेटेड रोड व सेक्टर-145 के 5 प्रतिशत आबादी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी सिंह, महाप्रबंधक (जन स्वा0), विजय रावल, उपमहाप्रबन्धक (सिविल), गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा-1), उमेश चन्द्र, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा) आदि मौजूद रहे।

**नेटवर्क एजेंसियों से कहा हटाए मलबा**

निरीक्षण के दौरान डीएससी मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर खुदाई के बाद मिट्टी स्थल पर ही पड़ी है। खुदाई को रोका जाए साथ ही जियो नेटवर्क, एयरटेल आदि नेटवर्क एजेंसियों जिन्होंने ये काम किया। उनकी सिक्योरिटी रोकी जाए जब तक ये पूरी कार्यस्थल को साफ नहीं करते। एमपी-1 मार्ग पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर जगह-जगह गंदगी कूड़े के ढेर, ईंट, पत्थर रोहड़ी मिला।

**दो कंपनियों को नोटिस एक लाख जुर्माना**

इसके अलावा सेक्टर-56 में निरीक्षण के दौरान भी साइकिल ट्रैक पर गंदगी मिली। मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी मैसर्स लॉयन सर्विस लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक लाख का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जल भराव की समस्याओं के निस्तारण के

■ **एक लाख का जुर्माना, सहायक अभियंता का रोका गया एक महीने का वेतन**

लिए मुख्य मार्गों पर लगे पानी निकासी पाइपों की सफाई तत्काल रूप से कराई जाए। एमपी-1 मार्ग के निरीक्षण के दौरान वाई ब्लॉक मार्किट सेक्टर-12 के निकट ईट, पत्थर रोड़े पड़ा मिला इसे सापफ किया जाए। जोनल रोड नंबर 6 पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर ईंट, पत्थर रोडे, गंदगी एवं घास जमी हुई मिली। कंपनी मैसर्स नॉर्थ इंडिया डेवलपर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

**सहायक परियोजना अभियंता का रोका वेतन**

एफएनजी मार्ग के निरीक्षण के दौरान सर्विस रोड पर सीएंडडी मिला। मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी मैसर्स न्यू मॉडर्न इन्टरप्राइजेज को कारण बताओ नोटिस जारी करने सहायक परियोजना अभियन्ता सुशील कुमार का 01 माह का वेतन रोकने व संबंधित अवर अभियन्ता विकास शर्मा का 07 दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। सेक्टर-93, 93बी, 93ए के मध्य मार्ग, सर्विस रोड एवं सेंट्रल वर्ज पर निरीक्षण के दौरान अत्यधिक मात्रा में गंदगी मिली। भंगेल एलिवेटेड गर्डर ब्रैसिंग का कार्य शीघ्र करते हुए स्लैब कास्टिंग, रैम्प का निर्माण, बिटुमिन 30 अप्रैल तक पूरा किया जाए। वहीं सेक्टर-145 में 5 प्रतिशत आबादी के प्लाट पर सिविल कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा गया।

## सार संक्षेप

### निःशुल्क आधार कार्ड शिविर आयोजित

**खोड़ा।** खोड़ा गांव सरस्वती विहार स्थित देवेंद्र यादव स्थित फार्म हाउस में पच्चीस अप्रैल से नौ मई तक आयोजित निःशुल्क आधार कार्ड में नौ मई तक अवकाश के दिनों को छोड़कर लगभग 200 लोगो का नया आधार कार्ड बनाया गया। पंद्रह दिन तक चले आधार कार्ड शिविर में 400 लोगो द्वारा पता परिवर्तन कराया गया। चार व्यक्तियों द्वारा नाम में करेक्शन कराया। ग्यारह नौनिहालों के कार्ड के लिए प्रक्रिया पूरी की गई। यह जानकारी वार्ड 10 के निवासी आधार कार्ड शिविर के दौरान सहयोगी कुलदीप चौरसिया ने दी। उन्होंने बताया कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत पिछले लंबे समय से कोई आधार कार्ड शिविर नहीं लगाया गया था। जिससे स्थानीय निवासियों को नोएडा गाजियाबाद या दिल्ली जाना पड़ता था। स्कूली सत्र एडमिशन के दौरान लोगों को आधार कार्ड में करेक्शन के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। इसलिए लोगो द्वारा बड़े पैमाने पर संशोधन कराया गया किसी प्रकार के संशोधन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया गया। शिविर के संयोजक भाजपा नेता देवेंद्र यादव ने बताया कि आगामी दिनों में पुनः निःशुल्क आधार शिविर लगाया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बच्चे किए बरामद

**नोएडा।** अलग-अलग जगहों पर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 11 साल के बच्चे और पांच साल की बच्ची को पुलिस टीम ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने इस सराहनीय पहल के लिए पुलिस टीम की प्रशंसा की है। शनिवार को सेक्टर-20 थाने की पुलिस को सूचना मिली कि बोलने और सुनने में कमजोर 11 वर्षीय बच्चा घर पर बिना बताए कहीं चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी बच्चा नहीं मिल रहा है। मामला संज्ञान में आते ही बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए दो टीम गठित की। एक टीम ने बच्चे के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरु किया, दूसरी टीम बच्चे को तलाश करती रही। करीब 30 सीसीटीवी कैमरे चेक करने के बाद पुलिस ने बच्चे को सेक्टर-19 से बरामद कर लिया। वह घर के पास खेलते-खेलते दूर निकल गया और रास्ता भूल गया। जिस समय पुलिस बच्चे के पास पहुंची वह रो रहा था। पुलिस ने बच्चे को बिस्किट और चॉकलेट दिया और उसके परिजनों को कॉल कर बुलाया। इसके अलावा सेक्टर-63 थानाक्षेत्र के छिजारसी गांव से घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची कहीं चली गई। पुलिस ने उसे करीब एक घंटे के भीतर तलाश कर परिजनों को सौंप दिया।

### चाय की केतली से हमला कर कर्मचारी का सिर फोड़ा

नोएडा। गाली गलौज का विरोध करने पर चाय लेकर आए व्यक्ति ने कंपनी के कर्मचारी के सिर पर केतली से हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी का सिर फूट गया और उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल कर्मचारी के बेटे ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 थाने की पुलिस से की है। थाने में दी शिकायत में सेक्टर-45 के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले शिवम ने बताया कि वह मूलरूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं। शिवम के पिता संजय सिंह सेक्टर-20 थानाक्षेत्र स्थित ओसियन कांप्लेक्स बिल्डिंग के चौथी मंजिल पर स्थित स्टार नाम की कंपनी में काम करते हैं।

## मदर्स डे पर फोर्टिस की नई पहल : सर्वाइकल वैक्सीनेशन क्लीनिक की शुरुआत

■ **समय पर वैक्सीनेशन से सर्वाइकल कैंसर से 94 प्रतिशत तक बचाव संभव**

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार, भारत में हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर के कारण जान गंवा रही है। यह देश में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है और वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। इस रोग का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस प्रकार 16 और 18 है, जो लंबे




समय तक शरीर में बने रहने पर गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) की कोशिकाओं में कैंसर पैदा करने वाले बदलाव न ला सकता है।

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को देखते हुए तथा उनकी स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए फोर्टिस अस्पताल, नोएडा ने मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन क्लीनिक की शुरुआत की।

यह पहल न केवल कैंसर के निवारण में सक्षम स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देती है, बल्कि भारत में महिलाओं में तेजी से बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के खतरे को लेकर जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर फोर्टिस अस्पताल, नोएडा की निदेशक एवं प्रमुख - प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. अंजना सिंह ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की पहचान पैप स्मीयर द्वारा की जा सकती है, लेकिन यह केवल एक जांच का उपाय है, इससे निवारण नहीं होता।

यदि हम सर्विक्स को इस वायरस से लड़ने से पहले ही इम्यूनिटी दे सकें, तो हम इस बीमारी को होने से पहले ही रोक सकते हैं। 14 वर्ष तक की आयु की लड़कियों को 2 डोज़ और 14 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को 3 डोज़ में दी जाने वाली यह वैक्सीन 94 प्रतिशत तक संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है।

## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने आज 10 मई 2025 को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर गाजियाबाद में अपना वार्षिकोत्सव संस्कृति संगम कॉनफ्लूएंस ऑफ कल्चर्स मनाया। आज का कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ।

**प्रथम चरण के कार्यक्रम का आरंभ**

पारंपरिक दीप प्रज्वलन तथा मुख्य अतिथि गरिमा सिंह (प्रमुख पत्रकार, जी न्यूज तथा टी.वी. एंकर एवं विशिष्ट अतिथि घनश्याम उपाध्याय, विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी तथा उप सचिव अमित सिन्हा के भव्य स्वागत तथा आकर्षक गणेश वंदना के साथ हुआ। प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों को दर्शाती हुई वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई।

**आज के कार्यक्रम की विषय -वस्तु**

भारत के मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दर्शाने के साथ ही भारत की समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक यात्रा एवं सामाजिक परंपराओं की विभिन्न प्रदेशों के नृत्यों के माध्यम से जीवंत अभिव्यक्ति थी। ऐसा लग रहा



था मानो विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रदेशों के नृत्य एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रदर्शन के माध्यम से समस्त भारत को एक ही मंच पर एकत्र कर दिया हो। विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी ने सत्र 2023-24 के एकेडमिक अचीवर्स को ट्रॉफी एवं नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि गरिमा सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए वर्तमान परिस्थितियों में समस्त श्रोतागण एवं अतिथियों भारतीय जवानों का मनोबल बढ़ाने का आह्वान किया। अंत में विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को मंच पर आने के लिए प्रोत्साहित करने तथा धार्मिक सद्भावना बनाए रखने के लिए आवाहन किया। अंत में फाऊंडेशनल इंचार्ज रेखा बिष्ट द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित करने एवं राष्ट्रगान के साथ ही प्रथम चरण के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## किशोर लेखक हिरन सिंह की पुस्तक को मिला राष्ट्रीय स्तर का सम्मान

**नोएडा,** 10 मई (देशबन्धु)। प्रोमेथियस स्कूल नोएडा के एमवाईपी 1बी के छात्र हिरन सिंह ने नेक्सन क्यूस्ट - द ग्लिच ऑफ रियलिटी नामक एक रोमांचक विज्ञान-कथा (साइंस फिक्शन) पुस्तक का लेखन कर कम उम्र में ही एक महत्वपूर्ण साहित्यिक उपलब्धि हासिल की है। हिरन सिंह को यह गौरव प्राप्त हुआ कि उन्होंने अपनी पुस्तक भारत के प्रमुख राजनीतिक नेताओं को भेंट की। उन्होंने यह पुस्तक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को व्यक्तिगत रूप से भेंट की। साथ ही राज्यसभा में विपक्ष के नेता और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव को भी उन्होंने सम्मानपूर्वक यह पुस्तक सौंपी। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं ने हिरन की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह अवसर न केवल हिरन के लिए, बल्कि उनके विद्यालय, शिक्षकों और परिवार के लिए भी अत्यंत गर्व का क्षण रहा। हिरन सिंह के पिता नितिन सिंह नोएडा




और लखनऊ के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं। उनके मार्गदर्शन और सहयोग ने हिरन को अपनी रचनात्मकता को आकार देने के लिए एक प्रोत्साहन पूर्ण वातावरण प्रदान किया। प्रोमेथियस स्कूल का मानना है कि हिरन सिंह की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी कि वे अपनी कल्पनाओं और विचारों को सृजनात्मक रूप से अभिव्यक्त करें।

## पुलिया के टूटने से आवागमन में परेशानी

**खोड़ा,** 10 मई (देशबन्धु)। नेहरू गार्डेन स्थित उपडाकघर के सामने सड़क की पुलिया के साइड से टूट जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के टूटने से लोग चोटिल हो चुके हैं। दुपहिया चारपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कतें हो रही है। स्थानीय लोगो द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। स्थानीय निवासी लालजी सिंह ने बताया कि नेहरू गार्डेन स्थित सड़क की पुलिया एक माह से साइड में टूटकर छतिग्रस्त हो गई है। चारपहिया वाहनों को हिचकोले खाते हुए निकलना पड़ता है। स्कूली छात्र पुलिया के बीच में फंसकर चोटिल हो चुके है। दुपहिया वाहन से आने जाने वाले राहगीर चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगो की मदद से क्षतिग्रस्त पुलिया के साइड में ईंट पत्थर रखकर रास्ता बनाया गया है। पुलिया के टूटने से नाली की सफाई भी नहीं हो रही है। नाली में गंदा और दूषित जल जमा होने से बदबू का सामना करना पड़ता है। आरोप है की नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता से शिकायत के बावजूद टूटी पुलिस का निर्माण नहीं कराया गया है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पुलिया का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## प्रमुख सचिव नगर विकास ने चल रहे कार्यों का लिया जाएजा, मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए निर्देश

**नालों में कूड़ा डालने वालों पर अधिकारी लगाई रोक : अमृत अभिजात**

**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर हित के कार्यों को लगातार कर रहा है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के 88 नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश सरकार अमृत अभिजात द्वारा गाजियाबाद में चल रही नालों की सफाई का निरीक्षण किया गया, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज व अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे जिनके द्वारा निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यों की संपूर्ण जानकारी प्रमुख सचिव नगर विकास को दी गई।

गाजियाबाद में मानसून से पहले सभी नालों की सफाई सही प्रकार से हो संबंधित स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा निर्देशित किया गया चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग पर भी विशेष बल दिया जाए अधिकारियों को निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान मौके पर कौशांबी स्थित नाला वैशाली स्थित नाला तथा एलिवेटेड रोड के नीचे वाला नाला देखा गया मौके पर नाले की सफाई का कार्य जारी रहा, ड्रोन के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग भी देखी गईं नालों में कूड़ा न डालें इसका भी ध्यान रखने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा अधिकारियों को कहां गया साथ ही नालों की साइड वाली दीवारों पर लंबी जाली लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए। एलिवेटेड पुल के नीचे जो की वसुंधरा वैशाली के लिए प्रमुख एंट्री है, वहां के नाले को पूर्ण रूप से साफ करते हुए आसपास सौंदर्य करण करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए जिसमें प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को फूलों के पौधे लगाने के लिए कहा गया, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रमुख नालों पर विशेष ध्यान देते हुए लंबी जाली लगवाने के लिए कहा गया गाजियाबाद नगर निगम मानसून से पहले व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में लगा हुआ है जिसके क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा भी चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, ऐसे नाले जो की गाजियाबाद और दिल्ली के बॉर्डर पर है उनको एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से साफ करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देश दिए गए, निरीक्षण के दौरान मौके पर गाजियाबाद की सीडीओ अभिनव गोपाल भी उपस्थित रहे।



## गाजियाबाद में निकली तिरंगा शौर्य यात्रा

## राष्ट्रभक्ति, एकता व गौरव का अद्वितीय संगम





**गाजियाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के संयोजन में और ऑपरेशन सिंदूर के तत्वावधान में शनिवार की शाम को एक ऐतिहासिक एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा शौर्य यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित की गई।

यात्रा का शुभारंभ ठाकुरद्वारा मंदिर में स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि 10 मई 1857 का दिन हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत माता की आजादी के लिए पहले जनांदोलन की चिंगारी है। यह दिन बलिदान, शौर्य और आत्मगौरव का प्रतीक है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को पुनः जागृत करने का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आज जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है, तब यह तिरंगा यात्रा उस ऊर्जा और बलिदान की स्मृति को पुनर्जीवित करती है, जिसने हमें आजाद भारत का स्वप्न देखने का साहस दिया। मोदी जी के नेतृत्व ने न केवल राष्ट्र को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाया है, बल्कि देश की सामूहिक चेतना को एक नई दिशा दी है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि 1857 की क्रांति से लेकर आज तक तिरंगा हमारी अस्मिता, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक रहा है। यह तिरंगा यात्रा न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि है, बल्कि भारत के सैनिकों के साहस और त्याग को नमन करने का अवसर है। अंत में सामूहिक भारत माता की महाआरती के साथ यह अभूतपूर्व आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसने गाजियाबाद के नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का अमिट प्रभाव छोड़ा।

**नेताओ ने कहा**

- ❖ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रहित में युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने वाला है।
- ❖ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप बोले, सेना और नेतृत्व के प्रति यह जनभावना अद्वितीय है।
- ❖ विधायक संजीव शर्मा, यह आयोजन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का दर्पण है।
- ❖ विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि गाजियाबाद की एकता राष्ट्र निर्माण में मिसाल है।
- ❖ महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हर वर्ग की सहभागिता ने इस आयोजन को गौरवशाली बना दिया।
- ❖ एमएलसी दिनेश गोयल बोले, सेना के सम्मान में यह कदम हर भारतवासी की भावना है।
- ❖ सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह यात्रा भारत माता के सम्मान की अमिट कहानी बन गई है।
- ❖ सरदार एसपी सिंह (गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी) 'पंथ, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए यह एकता प्रेरणास्पद है।'

उवाच “

सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने के महत्व को समझाया। उन्होंने सभी उद्योगों के क्षेत्र में भारत से अधिक आईपीआर दर्ज कराने पर जोर दिया। वह यह भी जोर देते हैं कि असली चुनौती बाजार के रुझान को समझना और भविष्य का अनुमान लगाना है : **डॉ. विपिन कुमार, मुख्य वैज्ञानिक और एनआईएफ के पूर्व निदेशक।**



# एक राष्ट्र एक चुनाव एक प्रशासनिक सुधार है : धर्मपाल सिंह

■ **एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर शारदा विवि में सम्मेलन का आयोजन**





**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर शारदा विवि में सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें युवा जगत के शिक्षा चिकित्सा पत्रकार अधिवक्ता इंजीनियर महिला व सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति पीके गुप्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया, दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। वन नेशन वन चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक प्रशासनिक सुधार है देश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ और नगर निगम नगरपालिका पंचायत चुनाव एक साथ हों तो एक चुनाव से देश के चुनाव के संसाधनों का खर्च कम होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 लोकसभा चुनाव पर लगभग एक लाख 24 हजार करोड़ खर्च आया। देश में लोकसभा के चुनाव अलग विधानसभा के अलग से इन पंचवर्षीय चुनावों में योजनाओं के लिये सरकारों का चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव संहिता लगने से विकास कार्य बाधित होते है। एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का लाखों करोड़ों रुपया बचेगा वो पैसा देश की जनता के काम आयेगा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, आशीष वत्स, सुभाष भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी, गजेन्द्र मावी, रकम सिंह भाटी, संजय बाली, सुखविंदर सोम, दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, मनोज गर्ग, सतेन्द्र नागर, पवन रावल, पवन नागर, आनन्द भाटी, कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, विजय रावल, हरेन्द्र नागर, विमल पुंडीर, गुरुदेव भाटी, अमित पंडित, विकास चौधरी, अर्पित तिवारी, राज नागर, रामकुमार नागर आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभावान विद्यार्थी व शिक्षक सम्मानित



■ **राम-ईश इंस्टीट्यूट में वार्षिक अकादमिक पुरस्कार समारोह आयोजित**

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। राम-ईश इंस्टीट्यूट में वार्षिक अकादमिक पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे. पी. पांडेय मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. शर्मा एवं मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधन में प्रो. पांडेय ने विद्यार्थियों को नवाचार, शोध और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा सकती है। समारोह के दौरान प्रो. पांडेय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, शिक्षकों और सहायक सदस्यों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने स्वयं स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चयनित निशांत कुमार (बी.फार्म), पायल रावल (डी.फार्म) और जैनव (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) को सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रो. जे. पी. पांडेय ने शिक्षकों को प्रदान किए गए राम-ईश इनोवेशन ग्रांट को अकादमिक शोध को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल बताया। उन्होंने काजल चौधरी को 'राम-ईश सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार' से भी सम्मानित किया और उनकी शोध क्षमता की सराहना की। मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के मेधावी विद्यार्थियों को भी मंच पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राम-ईश इंस्टीट्यूट के पूर्व छात्र अजय सिंह को फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में राम-ईश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंध निदेशक प्रतिभा शर्मा, शिखा सिंह (प्राचार्या, राम-ईश इंटरनेशनल स्कूल), डॉ. पल्लवी मनीष लाव्हाले (प्राचार्या, फार्मेसी संस्थान), मनीष कुमार विश्नोई (प्राचार्य, इंजीनियरिंग संस्थान), डॉ. संगीता गुप्ता (विभागाध्यक्ष, शिक्षा संस्थान) एवं डॉ. संदीप कुमार बंसल (विभागाध्यक्ष, डिप्लोमा इन फार्मेसी) शामिल रहे।

# टूटी सड़क की वजह से असंतुलित होकर कैंटर गाड़ी पलटी, चालक घायल

**दनकौर,**10 मई (देशबन्धु)। दनकौर-सिकंदराबाद रोड के पास स्थित बिजली सबस्टेशन के सामने टूटे रोड की वजह से एक कैंटर गाड़ी शनिवार को असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में कैंटर के चालक को चोट आई है। जिसका पास के ही अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी रोड को ठीक नहीं कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, हरियाणा निवासी सुरेंद्र सिंह कैंटर गाड़ी में एक कंपनी का सामान लेकर दनकौर कस्बे के बाईपास रोड से होते हुए बुलंदशहर को जा रहे थे। बताया जाता है कि जब बिजली सबस्टेशन के सामने उनकी गाड़ी पहुंची। उसी दौरान रोड पर हो रहे गहरे गड्डो की वजह से उनकी ओवरलोड गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। इस घटना में चालक अंदर ही फंसकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों उनको बाहर निकालकर पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टूटे हुए रोड की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिसको लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसकी वजह से ही ऐसे हादसे रोजाना क्षेत्र भर में हो रहे हैं।



# परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**दनकौर,**10 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के मकनपुर बांगर गांव निवासी एक 55 साल के व्यक्ति ने परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर शुक्रवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद गांव में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं परिवार का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों के मृतक पर उधारी के रुपए थे। लोग अपनी उधारी के रुपए लेने का दवाब बना रहे थे, जिससे तंग आकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गांव निवासी होशियार सिंह उर्फ हुकम किसान का काम करता था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत पर गया था और वहीं उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस और परिजनों ने उसे इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव के लोगों से मृतक ने उधारी के रुपए लिए हुए थे। लोग उधारी देने का दवाब बना रहे थे। लेकिन पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक पर लोगों की रुपए उधारी की बात सही है। मृतक ने 5 मई को अपने गांव में स्थित करीब 400 गज का प्लॉट बेचकर उधारी वापस कर दी थी। प्लॉट बेचने से परिजन मृतक से नाराज हो गए और उसे प्रताड़ित करने लगे। जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या करने का कदम उठाया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस मामले की अन्य बिंदुओं पर भी गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महात्मा बुद्ध की जयंती व मातृ दिवस के उपलक्ष्य में बालक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। रविवार को मातृ दिवस और सोमवार को महात्मा बुद्ध की जयंती के उपलक्ष्य में आज (शनिवार) को नॉलेज पार्क-5 स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर राजीव कुमार प्रधानाचार्य के द्वारा दीप प्रचलन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा बुद्ध की वंदना से शुरू हुआ। उनके ज्ञान व उपदेश पर आधारित नाटक, कविता एवं भाषण का प्रस्तुतिकरण किया गया। वहीं, मातृ दिवस के अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 'मां तु कितनी अच्छी है.....'गाने, कविता व नाटक के माध्यम से मां को ईश्वर से भी बढ़कर बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से मां के अनमोल वचनों का अनुसरण करने को कहा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र मौजूद रहे।

# राव ब्रह्मपाल सिंह भाटी के 32वीं पुण्यतिथि पर किया गया याद

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। एनटीपीसी दादरी में किसान आन्दोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में गोली लगने से राव ब्रह्मपाल सिंह भाटी की मौत हो गई थी। शनिवार को 32वीं पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करके याद किया गया। शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उनके छोटे भाई सुदेश भाटी ने सभा का संचालन किया, सभा की अध्यक्षता वीरेन्द्र नम्बरदार ने किया। इस दौरान ब्रह्मपाल सिंह भाटी के कार्यों को याद किया। इस दौरान मनोज डाढ़ा, राजकुमार भाटी सपा प्रवक्ता, सुधीर भाटी, राजू भाटी, विजेन्द्र भाटी, गजराजन नागर, मुकेश भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# बिना नम्बर प्लेट के चल रहे ऑटो छात्रों के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

**दनकौर,**10 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित गलगोटिया विवि के पास अवैध ऑटो स्टैंड पर छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां बगैर नंबर प्लेट लगाए काफी ऑटो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। जबकि पुलिस चौकी पास है। इसके बावजूद भी ऑटो चालकों के हौंसले बुलंद हैं। पुलिस का कहना है कि ऑटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दनकौर कोतवाली की जगनपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत गलगोटिया यूनिवर्सिटी और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी आती है। दोनों ही यूनिवर्सिटी में हजारों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी तक पहुंचने के लिए कुछ छात्र निजी बसों का उपयोग करते हैं। जबकि अधिकांश छात्र और छात्राएं ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नजदीक ही अवैध ऑटो स्टैंड बना हुआ है। जहां से 100 से अधिक ऑटो दौड़ते हैं। जिनमें काफी ऑटो ऐसे भी हैं जिन पर प्लेट ही नही लगी हुई है। जबकि यहां से पुलिस चैकी बिल्कुल पास है। लोगों का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत से ही काफी समय से अवैध ऑटो चल रहे हैं जिसके कारण छात्र और छात्राओं की सुरक्षा को खतरा है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि जांच कर बगैर नंबर प्लेट चल रहे ऑटो चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# मातृ दिवस पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, माताएं सम्मानित






**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में प्री प्राइमरी व प्राइमरी विंग ने अपनी मां के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए शनिवार को मातृदिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो. दीपशिखा भार्गव, शिक्षाविद वर्तमान में वह एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं लिए कार्ड, पोस्टर तथा अनेक प्रकार के गिफ्ट बनाकर दिया। इस कार्यक्रम से उनसे स्वयं के अंदर छिपी प्रतिभावों का प्रदर्शन करवाया गया। यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। मासूम और छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के लिए अद्भुत नृत्य और दिल को छूने वाले गीतों जैसे 'तेरी उंगली पकड़ के चला' की मनमोहक प्रस्तुति से इस कार्यक्रम में चार चांद लगा कर सबका मन मोह लिया।

माताओं ने हर धुन का आनंद लिया और खुद को सभी मजेदार गतिविधियों में शामिल किया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. रेणु सहगल ने माताओं को उनके इस विशेष दिन की शुभकामना दी और सभी माताओं की इस दिन को यादगार बनाने के लिए गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के प्रयासों की सरहाना की।

# मामूली विवाद के चलते 2 पक्षों में मारपीट, 6 घायल

**रबूपुरा,**10 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों तरफ से लाठी डंडे चले व पथराव हुआ। जिसमें 6 लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। उधर पुलिस जांचोपरांत कारवाई की बात कह रही है। जानकारी अनुसार गुरुवार देर शाम गांव महमदपुर जादों निवासी गुलशन व जयप्रकाश के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने समझा बुझा कर उस समय मामला शांत करा दिया। लेकिन बताया जाता है इसी को लेकर कुछ देर बाद दोनों पक्ष के दर्जनों लोग आमने सामने होकर भिड़ गए और जमकर लाठी डंडे चले व पथराव हुआ। घटना में दो महिला समेत 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल भेज दिया गया है। दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे पर हमला करने, धमकी देने व कभी भी अप्रिय घटना होने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की गई है। उधर पुलिस का कहना है लिखित शिकायत मिलने पर जांचोपरांत आवश्यक कारवाई की जाएगी।

# डंपर की चपेट में आने से स्कूल जा रहे छात्र की हुई मौत

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रहे 18 वर्षीय छात्र को एक डंपर चालक ने टक्कर मार दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। छात्रा के पिता ने इस मामले में थाना बीटा- दो में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात को रघुराज सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका बेटा अभय प्रताप उम्र 18 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुलमोहर सोसायटी स्थित उनके घर से स्कूल जा रहा था, तभी पाई- वन सोसायटी के पास एक अज्ञात डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में अभय प्रताप को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में घुसकर मारपीट के आरोप में ग्यारह महीने बाद मुकदमा दर्ज

**जेवर,**10 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव बंकापुर में घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने ग्यारह महीने बाद पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8जून2024 को वह घर के बाहर निकला तो गांव के ही सौरव, प्रेम व उसके भाई मनीष ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित भागकर अपने घर में घुस गया तो आरोपितों ने घर में घुसकर दुबारा मारपीट कर घायल कर दिया। उसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि घटना के बाद पीड़ित का मेडिकल कराया गया था। पीड़ित द्वारा अब मामले की शिकायत पुलिस से अब की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# उद्योग-शिक्षा नवाचार व कौशल के अंतर को पाटने के लिए विचार मंथन सत्र आयोजित



**यूपी सरकार ने एआई के लिए 50 करोड़ का अनुमोदन किया है। अगले कुछ महीनों में हमारे पास पहले प्रकार की सुपरकंप्यूटिंग सुविधाएं होंगी। डीजीसीए ने ड्रोन तकनीक के लिए डिप्लोमा-सर्टिफिकेट कोर्स पहले से ही शुरू कर दिए हैं : राणा प्रताप सिंह, जीबूयी कुलपति**

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ने 20 कंपनियों-संस्थानों के साथ मिलकर एक सत्र का आयोजन किया, जिनमें जिम्स और राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन शामिल हुआ। 30 वरिष्ठ जीबीयू फैकल्टी सदस्यों और 25 उद्योग विशेषज्ञों ने चर्चा की, विचारों का आदान-प्रदान किया और उद्योग-शिक्षा नवाचार एवं कौशल अंतर की पहचान करने और उन्हें उजागर करने का प्रयास किया। प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, जीबूयी कुलपति ने इस फोरम का उद्घाटन किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि अंतराल क्या है और नवाचार के क्षेत्रों की पहचान हो सके, क्योंकि उनका दृढ़ विश्वास है कि नवाचार किसी भी देश की वृद्धि के लिए कुंजी है। प्रोफेसर राणा ने इस सेमिनार में भाग लेने के लिए उद्योग विशेषज्ञ प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया।

प्रोफेसर राणा ने साझा किया कि यूपी सरकार ने एआई के लिए 50 करोड़ का अनुमोदन किया है। अगले कुछ महीनों में हमारे पास पहले प्रकार की सुपरकंप्यूटिंग सुविधाएं होंगी। डीजीसीए ने ड्रोन तकनीक के लिए डिप्लोमा-सर्टिफिकेट कोर्स पहले से ही शुरू कर दिए हैं। प्रोफेसर राणा ने जोड़ा कि दो नए कार्यक्रम आयुर्वेद बीएससी और एमएससी संयुक्त और लाइफ साइंस एमएससी और पीएचडी संयुक्त शुरू किए गए हैं। प्रोफेसर राणा को यह साझा करते हुए खुशी हुई कि आयुष मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन लगभग पूरा हो गया है। डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता, निदेशक जिम्स ने नवाचार आवश्यकताओं पर जोर दिया और विशेष रूप से चिकित्सा क्षेत्र में अधिक इनक्यूबेटर्स पाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिम्स एक लाभ कमाने वाला संस्थान नहीं है, और हम मानवता के लिए चिकित्सा क्षेत्र में समाधान विकसित करने के लिए उनके साथ एकीकृत होने के लिए तैयार हैं। जिम्स विशेष रूप से उन लोगों को, जिनके पास उच्च लागत की प्रशिक्षण का साधन नहीं है, कौशल अंतर को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण देने में भी शामिल हैं।

डॉ. विपिन कुमार, मुख्य वैज्ञानिक और एनआईएफ के पूर्व निदेशक ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने के महत्व को समझाया। उन्होंने सभी उद्योगों के क्षेत्र में भारत से अधिक आईपीआर दर्ज कराने पर जोर दिया। वह यह भी जोर देते हैं कि असली चुनौती बाजार के रुझान को समझना और भविष्य का अनुमान लगाना है। डॉ. विपिन ने जोर दिया कि सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें सेवा उद्योग से उत्पादन उद्योग की ओर ध्यान स्थानांतरित करना होगा। डॉ. सतीश के. मित्तल, प्रमुख जीबीयू इनक्यूबेशन सेंटर ने भारत के युवाओं पर विश्वास दिखाया और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उपयोगी ज्ञान पर जोर दिया।

# जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। न्यू क्राफ्ट ग्लोबल पीवीटी एलटीडी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन फैक्ट्री परिसरएनएसईजेड नोएडा फेस-दो पर किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना रहा। इस शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वेच्छा से रक्तदान शिविर का आयोजन पल्स फाऊंडेशन चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से किया गया, जिनकी मेडिकल टीम ने सभी स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए रक्त एकत्रित किया। मुकुल कांत वर्मा सीईओ ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है जिससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। हम भविष्य में इस प्रकार की सामाजिक कार्यों में भाग लेते रहेंगे। न्यू क्राफ्ट पीवीटी एलटीडी सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करता है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे और आयोजनों के लिए प्रतिबद्ध है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विजय मिश्रा एचआर हेड आनंद पांडे, दीपक चौधरी, डॉ. श्रुति अग्रवाल, दिनेश कुमार, रुपेश रंजन, ममता आदि लोगों की भूमिका रही।

# हाइड्रा की चपेट में आने से किशोर की मौत

**ग्रेटर नोएडा,**10 मई (देशबन्धु)। थाना कासना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि बीती रात को विपिन पुत्र राम रतन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह थाना कोतवाली देहात चैकी नई मंडी जनपद बुलंदशहर के निवासी है। पीड़ित के अनुसार उनका भाई अंकित पुत्र राम रतन उम्र 17 वर्ष घंघोला गांव में ब्याही अपनी बहन पिंकी से मिलने के लिए आया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार 7 मई की रात को अंकित अपनी बहन के घर से बाहर निकल कर पैदल जा रहा था, तभी एक हाइड्रा के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर 9 मई की रात को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साहित्य



कहानी

# युद्ध

■ शानी

पाकिस्तान से युद्ध के दिन थे। हवा भारी थी। लोग डरे हुए और सचमुच नीमसंजीदा। आतंक, असुरक्षा और बेचैनी से लदा दिन वक़्त से पहले निकलता और शाम के बहुत पहले यक-ब-यक डूब जाता था। फिर शाम होते ही रात गहरी हो जाती थी और लोग अपने घरों में पास-पास बैठकर भी घंटों चुप लगाए रहते थे।

'सुना! वसीम रिज़वी से चार्ज ले लिया गया है।' दफ़्तर पहुँचते ही शंकर दत्त को एक दिन इसी तरह हतप्रभ रह जाना पड़ा था।

'यानी ? क्या वह नौकरी से...'

'नहीं, नौकरी पर तो है। रिज़वी से वह काम छीन लिया गया है, जो बरसों से करता आ रहा था। डायरेक्टर ने कहा है कि हालात को देखते हुए ऐसा बड़ा काम रिज़वी पर छोड़ना ठीक नहीं। सारे देश का मामला है...'

'क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा!' शंकरदत्त को हँसी आ गई थी। एक तो निहायत बेमानी और सड़ा महकमा और उस पर वह दो कौड़ी का काम, जो रिज़वी करता आ रहा था। अगर विभाग के प्रमुख होने के नाते डायरेक्टर भी चाहता, तो कुछ नहीं कर सकता था, फिर रिज़वी तो एक मामूली कर्मचारी था।

दफ़्तर में मुसलमानों की संख्या कुल मिलाकर चार थी और उस पर भी नोटिस लिए जाने वाले तीन थे। युद्ध छिड़ते ही शहर के मुसलमानों में जो आतंक और भय था, उसका आभास दफ़्तरों में पा लेना सबसे आसान था। दो-एक दिन हर क्षण यह लगता रहता था कि अब कोई दंगा छिड़ा, अब कोई फ़साद हुआ। दरअसल, आम मुसलमान झाड़ियों में दुबके खरगोश की तरह अजीब सकते के आलम में डरा हुआ और चौकस हो गया था। लोग दरवाजे-खिड़कियाँ बंद करके धीमी आवाज़ में रेडियो पाकिस्तान की न्यूज सुनते और जब भी दो या चार आपस में मिलते, खरगोश के अंदाज़ में बातें करते।

इसी बीच एक घटना हुई। सकते के दौरान ही एक रात शहर के संभ्रांत मुसलमानों की एक आम सभा हुई और दूसरे दिन शहर के बीचों बीच एक इमारत पर हिंदी का एक बहुत बड़ा बोर्ड लटका हुआ था-'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ'।

शहर के नामी-गिरामी आदमी हामिद अली, जो दो बार हज करके लौटे थे, इसके प्रेसीडेंट चुने गए थे। हामिद अली के हस्ताक्षरों से मुसलमानों के नाम राष्ट्रीयता की शपथ दिलाने वाली कई बड़ी-बड़ी अपीलें निकाली गई थीं और इन अपीलों को प्रेस तथा अख़बारों तक पहुँचाने का काम क़ुरैशी ने ही किया था।

'क्यों दोस्तो, लाहौर और कितना रह गया ?'

युद्ध के बीच के दिनों में लगातार दो दिनों तक जैसे इसी प्रश्न से दफ़्तर खुलने लगा था। टैंकों का नाश हो या आदमियों का, बड़ी अजीब-अजीब और उत्साहवर्धक अफ़वाहें फैलीं हुई थीं। इनमें सबसे बड़ी अफवाह यह थी कि पाकिस्तानी फ़ौज को गाजर-मूली की तरह काटती अपनी फ़ौज लगातार आगे बढ़ती जा रही है और लाहौर पर अब बस क़ब्ज़ा हुआ ही चाहता है।

'क्यों साहब, बहादुरों की किसी फ़ौज को दस-बारह मील का फ़ासला तय करने में कितना वक़्त लगता है ?'

उस दिन यह सवाल सबसे पहले क़ुरैशी ने ही किया था। दफ़्तर अभी-अभी खुला था। रिज़वी भी आ चुका था और रोज़ की तरह चुपचाप बैठा वह कोई अख़बार पलट रहा था। क़ुरैशी ने यह सवाल हालाँकि पूरे दफ़्तर से किया था, लेकिन पहले उसने रिज़वी की ओर छिछलती और मानीखेज़ नज़रों से देख लिया था।

'दस घंटे भी लग सकते हैं, दस दिन भी और दस साल भी...'

'अमाँ, दस मिनट कहिए, दस मिनट!' दफ़्तर में अपनी कायरता के लिए प्रसिद्ध एक साहब ने ऐसे जोश में कहा, जैसे वह क्लर्क नहीं, फ़ौज के कप्तान हों।

'यार, लाहौर आ जाए ? बगल की मेज़ से आवाज़ आई, 'हम तो वहीं चलकर बसने की सोच रहे हैं। सुना है कि शहर साला बेहद ख़ूबसूरत है।'

'हाँ, है तो, लेकिन वहाँ करोगे क्या ?'

'क्यों, कुछ भी किया जा सकता है-अखबार है, प्रेस है। क्यों सर, वहाँ चलकर हिन्दी का प्रेस डाल लूँ, कैसा रहेगा ?'

'मैं तो भाई होटल खोलूँगा।' एक दूसरे साहब ने पुलकित स्वर में कहा, 'पानी बेचो और पैसा सूँतो ! साली होटल में बड़ी आमदनी है। और कुछ नहीं, तो इस ग़ुलामी से तो पिंड छूटे...'

'कल मैं तेरह रुपए पंद्रह पैसे का मनीआर्डर करने जा रहा हूँ।' सहसा दफ़्तर के बीचों बीच और रिज़वी के सामने घोषणा हुई, 'किसके नाम जानते हो ?' प्रेसीडेंट अय्यूब के नाम ! बेचारा बड़ा ग़रीब आदमी है। पार्टिशन होते ही हमारे तेरह रुपए पंद्रह आने लेकर भाग गया था। यक़ीन न हो तो छिंदवाड़ा मिलिटरी कैंटीन का पुराना खाता देख लो...'

उसी समय रिज़वी, जो अब तक सारी बातों को अनसुनी करता मेज़ पर गर्दन झुकाए बैठा था, सहसा उठा और बिना किसी को देखे हुए चुपचाप गेट से बाहर निकल गया। एक क्षण को तो सब चुप हो गए थे, लेकिन दूसरे ही क्षण क़ुरैशी ने सबकी ओर देखकर आँख मारी थी और लोगों ने एक-दूसरे को कोहनियों से ठेला था।

'देख लिया दत्त जी!' किसी ने सीधे शंकरदत्त पर हमला किया, 'ये अचानक क्या हो गया ? क्या मिर्च लग गई ?'

शंकरदत्त हमलावर का मुँह ताकते ही रह गए थे। कि क़ुरैशी ने तपाक से कहा 'अजी, दत्तजी बेचारे क्या कहेंगे ! अभी परसों जब मैं 'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ' की अपील लेकर गया था, तो हजरत कहने लगे, काहे की अपील और क्यों ?' पट्ठे ने दस्तख़त करने से साफ़ मना कर दिया। कहने लगा, मैं क्या बेईमान हूँ, जो ईमानदारी का सबूत पेश करता फिरूँ... ?'

'बत्ती बुझाओ... बत्ती बुजाओ... !

दूर से अभी स्वयंसेवकों की आवाज़ें आ रही थी। बाहर अँधेरा और हैबतनाक ख़ामोशी थी, जैसे समूचे शहर को किसी ने ठंडे और अँधेरे गार में उतार दिया हो। रह-रहकर लड़ाकू हवाई जहाज़ों की आवाज़ सहसा आकाश के किसी कोने में जन्मती, फिर वह शैतानी जवान की तरह लपलपाती हुई मानो प्रत्येक घर की छत-मुँडेरों को चाटती हुई कहीं दूर निकल जाती।

'अब तो शहरों पर भी बम गिराए जा रहे हैं....सिविलियन्स पर!' शंकरदत्त ने साँस भरकर कहा, जैसे अपने आप से बात कर रहे हों। फिर रिज़वी की ओर देखने लगे। वह दोनों घुटने उठाए गुड़ी-मुड़ी-सा बैठा था। कमरे में एक मरियल मोमबत्ती की हलकी सी रोशनी थी, जिसे खिड़की-दरवाज़े बंद करके, या पर्दों को खींचकर रोका गया था। रोशनदान तक के शीशों पर काग़ज़ चिपकाककर उन्हें अंधा किया गया था।

'तुमने आज का अख़बार देखा ?' शंकरदत्त को अपनी ही आवाज़ कहीं दूर से आती हुई सुनाई दी, 'सिविलियन्स अस्पताल पर बमबारी और बेग़ुनाह मरीजों के बीमार जिस्मों के परखच्चे उड़ जाना... हरे राम, क्या इस क्रूरता के लिए हमें ईश्वर कभी क्षमा कर सकता है ?' मुझे तो लगता है...'

उसी समय मोमबत्ती की लौ काँपकर टेढ़ी हो गई थी। लगा था कमरे के नीम उजाले फ़र्श को पलटती हुई अँधेरे की कोई लहर आई हो। रिज़वी ने घुटने पर से सिर उठाया। उसके होंठ भी खुले लेकिन वह बोला नहीं। उसने केवल सिर हिला दिया। उठकर शंकरदत्त पास गए और मनाने वाले स्वर में अपनेपन से बोल, 'अमाँ, भूलो भी उसे !'

'किसे ?'

'वही सब... ?'

'किसे भूलूँ, दत्तजी ?'

'क्या वही सब दुहराकर मैं फिर से तुम्हारा मन ख़राब करूँ?' शंकरदत्त ने अत्यंत स्नेहपूर्वक रिज़वी के कंधे पर हाथ रख दिया, वसीम, मैं बराबर यही कहता रहूँगा कि नाइंसाफ़ियों को लेकर मातम करना आज ऐसा ही है जैसे आदमी की मौत पर सिर पटकना। क्या तुम समझते हो कि अपनी बच्चों जैसी ज़िद से लड़कर तुम ऐसी दुनिया से जीत जाओगे, जो युद्ध से कहीं ज्यादा क्रूर है... ?'

'बत्ती बुझाओ...!' दूसरे ब्लॉक में से आवाज़ आई थी, लेकिन लगा जैसे वे फिर क्वार्टर के सामने आ गए हों। शंकरदत्त ने उठकर पर्दों को एहतियातन और ठीक कर दिया।

पिछले कई दिनों से शहर में ब्लैक आउट चल रहा था। शहर कैंटोनमेंट एरिया में नहीं आता था, तो भी ख़तरा बना हुआ था। चाहे नागरिकता के फ़र्ज़ के नाते हो या प्राणों के डर से लोग बेहद चौकस और समझदार हो गए थे। ब्लैक आउट बनाए रखने के लिए हर मोहल्ले में स्वयंसेवकों के जत्थे तैयार थे।

रोज़ की तरह आवाज़ लगाते हुए आज भी स्वयंसेवकों के जत्थे आए थे, लेकिन एक जत्था इस ब्लॉक में पहुँचकर आगे नहीं बढ़ा। ऐन रिज़वी के क्वार्टर के सामने आकर रुक गया था। शायद किसी खिड़की का पर्दा ज़रा—सा सरक गया था और रोशनी की शहतीर क्वार्टर से कूदकर सामने की सड़क पर पड़ रही थी।

'बत्ती बुझाओ! किसी ने डपटकर आवाज़ लगाई थी। रिज़वी घर पर मौजूद था। उसने झाँककर भी देखा था, लेकिन कोई असर लिए बिना वह चुपचाप बैठा पढ़ता रहा।

'क्यों साब, बहरे हैं ?' दो नौजवानों ने आगे बढ़कर पूरी ताक़त से कुंडी खटखटाई।

'क्या बात है ?' कुछ क्रोध और कुछ कैफ़ियत तलब करने के अंदाज़ में रिज़वी बाहर निकल आया और बात शायद यहीं से बिगड़ गई थी। 'अपना फ़र्ज़ मैं ख़ूब समझता हूँ, बत्ती बुझी हुई है।' आख़िर में रिज़वी ने कहा था।

'अगर बत्ती बुझी हुई है, तो यह रोशनी कहाँ से आ रही है ?'

'वह मोमबत्ती है। मैंने पढ़ने के लिए जलाई है।'

'क्या मोमबत्ती में रोशनी नहीं होती ?'

'उससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। मैं पर्दे ठीक किए देता हूँ।'

'फ़र्क़ पड़ता हो या नहीं, आप बत्ती बुझाइए!' कहकर एक उत्साही युवक तीर की तरह दरवाज़े की ओर बढ़ा और जिसे अधबीच में बाँह अड़ाकर रिज़वी ने रोक लिया था।

'वह बत्ती नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'ज़िद बेकार है,' रिज़वी ने कहा था, 'पहले सामने वाले क्वार्टर्स की मोमबत्तियाँ बुझाइए !'

'उनकी उन पर छोड़िए ! हम आपसे बात कर रहे हैं !'

'क्यों छोड़ दूँ ? क्या उन पर हीरे-मोती जड़े हैं !'

एक क्षण को यह युवक नवयुवक हतप्रभ सा देखता रहा, फिर सहसा वह शेर की तरह यों गर्जा कि सारी कॉलोनी गूँज उठी, 'यह बत्ती ज़रूर बुझेगी !'

सन्न, सकता पल-भर का, जिसे तोड़ते हुए अँधेरे में से एक आवाज़ आई, 'मार डालो जासूस को !'

'जासूस ! जासूस !'

कई लम्हों तक रिज़वी काँपता खड़ा रहा, फिर एकाएक अँधेरे में वह उस ओर लपका, जिधर से आवाज़ आई थी।

देर हो चुकी थी, जब तक शंकरदत्त वहाँ पहुँचे और बीच-बचाव किया, काफ़ी देर हो चुकी थी।

'भाईजान!' कोई दस मिनट बाद जब वे दोनों भीतर आकर संयत हुए तो इस रूँधी आवाज़ में शंकरदत्त चौंके थे। भीतरी दरवाज़े की चौखट में यह बेगम रिज़वी की आवाज़ थी, गले में फँसी-फँसी और अवरुद्ध।

'भाईजान, हम पर एक अहसान कीजिए। इनसे कहिए कि मुझे और बच्चों को ज़रा ज़हर देकर सुला दें, फिर चाहे ये दुनिया से जूझते फिरें... हम... हम... हमारा ख़ुदा है...'

आगे उनका स्वर रुलाई में फँसकर डूब गया था. शंकरदत्त ने दरवाज़े की ओर देखा, जहाँ बेगम रिज़वी के दुपट्टे का पल्लू झाँक रहा था, पर कुछ बोल नहीं पाए। रिज़वी के दोनों बच्चे अप्पू और सबा पर्दे से लगे हुए और भयभीत खड़े थे। ख़ासकर अप्पू जैसी ख़ामोश, कातर और डरी हुई आँखों से अपने पिता की ओर देख रहा था, उससे शंकरदत्त सहम कर रह गए। यक—ब—यक ख़याल आया था कि वे भी हिंदू हैं। इतने बरसों में इस घर में पहली बार... फिर जैसे यह भी पहली बार ध्यान आया कि रिज़वी अब भी उस हुलिए में बैठा हुआ है, 'फटी हुई कमीज, नुचे हुए बिखरे बाल, और निचले होंठ पर चोट का लहू-जमा निशान...'

'अप्पू बेटे!' सहमती हुई आवाज़ में शंकरदत्त ने धीरे से पुकारा, 'बेटे, अपने अंकल के पास आओ !'

अप्पू नहीं आया। एक बार उन्हीं आँखों से घूरकर वह परदे से और सट गया।

'पापा के लिए दूसरे कपड़े ले आओ, बेटे!' उन्होंने हतप्रभ होते हुए कहा था।

थोड़ी देर में कपड़े आए। लेकर अप्पू ही आया था, लेकिन कपड़े रखकर बिना किसी से कुछ कहे वह लौट गया था। शंकरदत्त हाथ बढ़ाकर उसे पकड़ना चाहता था, लेकिन वह मछली की तरह हाथ से फिसलता चला गया था। बहुत हल्के शंकरदत्त को कहीं चोट भी लगी, लेकिन उन्होंने फीकी हँसी हँसकर धीरे से कहा था, 'अप्पू हमसे नाराज़ है !'

पता नहीं रिज़वी ने उनकी बात सुनी थी या नहीं, स्वयं शंकरदत्त उसे देखते हुए भी नहीं देख रहे थे।

क्या अप्पू सचमुच नाराज़ नहीं है ? क्या लोग ठीक कहते हैं कि बच्चों की आँख में अच्छे या बुरे को सहसा भाँप जाने की शक्ति होती है ? लेकिन इतने बरसों में वे यक—ब—यक बुरे कैसे हो गए और क्यों ? और क्यों ? कहीं ऐसा नहीं है कि उन्हें लेकर घर पर इधर कोई बात हुई हो और बच्चे ने चुपचाप उसका असर ले लिया हो ? एक बार यह भी मन में आया था, लेकिन अभी कल तक ?

युद्ध का ग्यारहवाँ दिन चल रहा था। यही ब्लैक आउट और अँधेरा! लेकिन कल भी वे ऐसे ही लुढ़क आए थे, जैसे ढलान की ओर राह खोजता जल... कोई अगर संतानहीन शंकरदत्त से यह पूछता कि अक्सर शामें इस घर में गुजारने के पीछे सचमुच कौन है ? रिज़वी या अप्पू, तो क्या वह जवाब दे सकते थे ? और सचमुच कौन है! रिज़वी की बरसों पुरानी दोस्ती या अप्पू की दहलीज़ पर से ही गले लिपट जाने वाली वह किलकारी, 'अपने अंकल आ गए... अपने अंकल आ गए...!'

कमरे में आग से फूटने वाले काँपते उजाले की तरह जरा-सी रोशनी और बहुत-सा अँधेरा था।

'अपने अंकल !' रोज़ की तरह अप्पू कल भी आ गया था, लेकिन आदत के मुताबिक़ न तो उसने शंकरदत्त के गले में अपनी छोटी-छोटी बाँहों का गजरा डाला था और न...

'अपने अंकल, आपको पता है, यह लड़ाई कब बंद होगी ?

शंकरदत्त बेतरह चौंक गए थे, 'क्यों बेटे ?'

'बताइए, कब बंद होगी ?'

'लेकिन क्यों ?'

'अम्मी पूछ रही हैं। कहती हैं, अंकल से पूछकर आओ।'

शंकरदत्त ने भीतरी परदे की ओर देखा। कहीं बेगम रिज़वी तो नहीं खड़ी हैं ? नहीं थीं। लेकिन सवाल अकेले अंकल से क्यों, पापा से क्यों नहीं ? एक पल को उन्हें लगा था, जैसे वह कटघरे की ओर धकेले जा रहे हों। उसके छोटे से बदन को समेटते हुए उन्होंने धीरे से कहा, 'पता नहीं बेटे !'

अप्पू कुछ और कहता कि दूर कहीं उसी आवाज़ ने जन्म लिया। फिर कुछ ही पलों में वह आवाज़ सारे आकाश और सन्नाटे को रौंदती इतनी निष्ठुर और ख़तरनाक होकर पास आने लगी कि अप्पू ने कहा था, 'अंकल, आपको डर नहीं लगता ?'

'लगता है, बेटे !'

'आपको भी ?'

'हाँ, हमें भी।'

'यह जहाज़ लड़ाकू था न अंकल ?'

शंकरदत्त ने सिर हिला दिया।

'यह बम गिराने जा रहा है ?'

'अप्पू, अब अंदर चलो ! बीच में रिज़वी ने टोक दिया।'

'लड़ाई में लड़ता कौन है, अंकल ?'

'सैनिक लड़ते हैं, बेटे।'

'सैनिक कैसे होते हैं ?'

'जो फ़ौज में होते हैं, वे सैनिक कहलाते हैं।'

'अच्छा समझ गए। जैसे हमारे पाकिस्तान वाले मम्मा सैनिक हैं... है न ?'

'हाँ, बेटे वे भी लड़ रहे होंगे।'

'बंदूक से ?'

'हाँ। बंदूकों से, हथगोलों से, टैंकों से।'

'इन्हें फ़ौज में भेजता कौन है अंकल ?'

'देश भेजता है बेटे।'

'देश ? देश कौन है ?'

'बेटे... देश...' शंकरदत्त को एक पल सोचना पड़ा था, 'देश वो है जिसमें लोग रहते हैं, जैसे हम...तुम...हमीं देश हैं, बेटे !'

'लेकिन अंकल आप तो कह रहे थे कि आपको लड़ाई से डर लगता है। फिर इन्हें क्यों भेजा ?'

'अप्पू !'

रिज़वी ने इस बार डाँटने के स्वर में पुकारा था। अप्पू ने एक लम्हे को अपने पापा की ओर देखा था। फिर उनकी ओर मुड़कर बोला, 'अच्छा अंकल, एक बात और....सैनिक डरते नहीं हैं ?'

'किससे ?'

'लड़ाई में, गोली-वोली से। उनके लगती नहीं है ?'

'लगती है।'

'सच्ची-मुच्ची की ?'

'हाँ।'

'फिर वे मर जाते हैं ?'

'मर जाते हैं।'

'सच्ची-मुच्ची ?'

'हाँ बेटे, सच्ची-मुच्ची।'

अप्पू की छोटी सी पेशानी में बल पड़ा था और उसके छोटे-छोटे होंठ आश्चर्य और चिंता से खुल गए थे। एक पल उन्हें अजीब सी आँखों से घूरने के बाद सहसा पूछा था, 'तो अंकल, उन्हें पुलिस क्यों नहीं पकड़ती ?'

क्या शंकरदत्त उस सवाल का जवाब दे सकते हैं ? अगर रिज़वी ने इस दफा और भी सख्ती से डाँटकर अप्पू को ख़ामोश कर दिया होता, तो वह क्या कहते ?

'बहुत तंग करता है !' अप्पू के चले जाने के बाद रिज़वी ने धीरे से कहा।

'हाँ, सचमुच तंग करता है !' साँस भरकर शंकरदत्त बोले थे, 'वसीम, तुम्हें उस दिन की याद है...उस दिन की, जब अप्पू ने तुमसे एक सवाल कर दिया था और जिसका तुम्हारे पास बिल्कुल जवाब नहीं था। वह बात आज भी मुझे तंग करती है...'

कोई छुट्टी का दिन था। यही बैठक। यही दोनों। यही देर तक चलने वाली ख़ामोशी। बेगम रिज़वी अंदर थीं। अप्पू बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक जाने क्या हुआ कि खेल छोड़कर वह सीधे पापा के पास आ पहुँचा था और फिर गोली दागने जैसा उसका यह सवाल था।

'पापा, हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'क्यों ?' बेतरह चौंकते हुए भी रिज़वी ने उसे टालना चाहा था, 'बाहर खेलो, बेटे ! हमें बात करने दो'

'नहीं, पहले बताइए,' अप्पू मचल गया था, 'हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'लेकिन क्यों ?'

'बताइए ?'

'अच्छा, मुसलमान।'

'अल्ला मियाँ कहाँ रहते हैं पापा, ऊपर आसमान में न ?'

'हाँ।'

'और भगवान ?'

'वे भी वहीं।'

'वहीं ?' कहते हुए अप्पू की आँखों में एक बहुत गहरा प्रश्न तैर रहा था।

आगे सवाल न पूछे इसलिए रिज़वी ने कहा, 'जाओ, बाहर खेलो...' पर अप्पू कोई अगला सवाल पूछने के लिए उतावला था और वे दोनों अपनी जान बचाने के लिए... रिज़वी ने निगाह बचाने के लिए दालान की तरफ़ देखा।

दालान में टँगे आईने पर बैठी एक गौरैया हमेशा की तरह अपनी परछाईं पर चोंच मार रही थी।

**( प्रस्तुति : ज़ाहिद ख़ान, मो. 94254 89944 )**

# 'समकालीन कविता में माँ'

■ डॉ.नीरज कुमार मिश्र

माँ एक ऐसा शब्द है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि की ममता, त्याग, प्रेम और उसका बलिदान समाहित है। इसी मातृत्व की महानता को सम्मान देने और मां के प्रति अपने प्रेम और कृतज्ञता को प्रकट करने के लिए हर साल 'मदर्स डे' मनाया जाने लगा है। यह दिन माँ के प्रति हमारे प्रेम, सम्मान और समर्पण को व्यक्त करने का विशेष अवसर की तरह है। आज माँ को याद करने का दिन है। आधुनिक समय में माँ को प्यार और सम्मान देना किसी कल्पना से कम नहीं है।क्योंकि हम विकास की अंधी दौड़ में इस कदर भागे जा रहे हैं कि अपनी माँ और उसके त्याग को भूले जा रहे हैं। याद कीजिए भीष्म साहनी की कहानी 'चीफकीदावत' और प्रेमचंद की कहानी' बूढ़ी काकी'को।एक तरफ हम इस दिन माँ को याद करते हैं,दूसरी तरफ उनकी ममता,त्याग,प्रेम और बलिदान को भूलकर उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं।

इस दुनियाँ में यदि कुछ भी महान और नायाब तोहफा है,तो वह है-माँ। वैसे माँ को सम्मान और प्यार देने के लिए किसी दिन और तारीख की जरूरत नहीं होती है। फिर भी यदि कोई दिन अलग से माँ के नाम में मनाया जाये तो और भी अच्छा है। ऐसा कहते हैं कि मदर्स डे मनाने की परंपरा प्राचीन यूनान और रोम से जुड़ी हुई है। वहां देवियों की पूजा की जाती थी, जिन्हें मातृत्व का प्रतीक माना जाता था। लेकिन मदर्स डे नाम हमें अमेरिका से मिला है। कहा जाता है कि अमेरिका एक्टिविस्ट एना जार्विस ने मदर्स डे मनाने की प्रथा शुरू की।एना अपनी माँ से बहुत प्यार करती थीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की। वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहीं।8 मई, 1914 को अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पारित किया, जिसमें मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे घोषित किया गया। 9 मई 1914 को अमेरिकी राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने नियम बनाया की मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जायेगा। इसे भारत में भी अब मनाया जाने लगा है।

हम और किसी दिन अपनी माँ को याद करें न करें,लेकिन इस दिन बाजारवाद के के असर से जरूर याद कर लेते हैं। यही वजह है की मई के इस विशेष दिवस पर सोशल मीडिया में माँ के प्रति अपार प्यार देखते ही बनता है।

कल सुबह पेपर पढ़ते हुए, ये बात दिमाक में आई कि शायद ही ऐसा कोई कवि हो,जिसने माँ पर कविता न लिखी हो। सुबहमहाविद्यालय के बहुत जरूरी काम से निकलने की वजह से थोड़ा ही लिख पायाथा ।लेकिन दिन भर मन में बेचैनी रही। देर शाम घर पहुँचा। मेरे पास जितने भी समकालीन कवियों की कविताएँ थीं,सभी को निकाल कर देखा। उन्हीं कविताओं के आधार पर माँ को याद करने का ये प्रयासकिया है।

समकालीन हिंदी कविता में अशोक वाजपेयी के 1966 में प्रकाशित पहले कविता संग्रह 'शहर अब भी संभावना है' और 1995 में में प्रकाशित कविता संग्रह 'आविन्यो' पर माँ पर लिखी अनेक कविताएँ हैं।अशोक वाजपेयी अपनी माँ को दीदीआ कहते हैं- 'अनंत में जहाँ तुम हो / पितरों के जनाकीर्ण पड़ोस में / वही अपने ढीले पेण्ट को सम्हालता /मैं भी हूँ गुड्डुन / जैसे यहाँ इस असंभव सुनसान में / तुम हो इस कविता,इन शब्दों,इस याद की तरह दीदीआ।' अशोक वाजपेयी अपनी कविताओं में आने वाली माँ को भावात्मक ऊँचाई से नीचे लाकर, उसे वस्तुस्थिति से जोड़कर, सामान्य धरातल में लाकर खड़ा कर देते हैं।इनके यहाँ भी माँ चुप रहती है।दु:ख झेलती है।चुप्पी ही उसका निर्वेद है।चंद्रकांत देवताले जब माँ पर कविता लिखते हैं,तो ऐसा लगता है कि जैसे उनका पूरा कवित्व माँ को समर्पित हो गया हो।उनकी कविता 'माँ जब खाना परोसती थी' उन दिनों की याद दिलाती है,जो अभी भी दबे हैं शायद कहीं गहरे हमारे दिलों में- 'वे दिन बहुत दूर हो गए / जब माँ के बिना परसे पेट भरता ही नहीं था / वह मेरी भूख और प्यास को रत्ती-रत्ती पहचानती थी / और मेरे अकसर अधपेट / खाये उठने पर/ बाद में जूठे बरतन अबेरते / चौके में अकेले बड़बड़ाती रहती थी / बरामदे में छिपे मेरे कान उसके हर शब्द को लपक लेते थे / और आखिर में उसका भगवान के लिए बड़बड़ाना/ सबसे ख़ौफ़नाक सिद्ध होता / और तब मैं दरबाजा खोल / देररात के लिए सड़क के एकांत और /अंधेरे को समर्पित हो जाता है।' कवि नरेंद्र पुण्डरीक ने भी अनेक कविताएं माँ पर लिखीं हैं। इन्होंने 'माँ' कविता में उस माँ की बेबसी को मार्मिक ढंग से रखा है। जिसके बेटे अपनी माँ कोपिता के न होने पर बोझ समझते हैं-' पिता के बाद/हम भाइयों के बीच पुल बनी माँ / अचानक नहीं टूटी/धीरे-धीरे टूटती रही / हम देखते रहे और मानते रहे / कि बूढ़ा रही है माँ / हाथों-हाथ रहती माँ / एक दिन कंधों में आ गई / धीरे-धीरे महसूस करने लगे हम /अपने वृषभ कंधों में/माँ का भारी होना/जब तक जीवित रही माँ /हम बदलते रहे अपने कंधे / माँ आखिर माँ ही तो है/ बार- बार हमें कंधे बदलते देख / हमारे कंधों से उतर गई माँ / और माँ के कंधों से उतरते ही उतर गये हमारे कंधे।' आज लगभग हर माँ की स्थिति ऐसी ही है।माँ कितनी बार टूटती है।इसका भान हम बेटों को नहीं होता।बेरोजगारी की वजह से अपने घरों से महानगर में पलायन आज के समय की सबसे बड़ी त्रासदी है। कैसे माँ और गाँव से दूरी कवि मिथिलेश श्रीवास्तव को कचोटती है।इसकी बानगी उनकी कविता 'सूरज का घर' में देखी जा सकती है-'दो रोटी की व्यवस्था / मेरी माँ / अपने पास ही कर सकने में समर्थ होती / मैं वहीं होता माँ के पास / जहाँ सूरज का घर/दस कदम पर जान पड़ता है/नदी की बेचैनी अपनत्व से भर देती है'। ये महानगरीय टीस केवल कवि की अकेले की नहीं है। ये टीस हम जैसे न जाने कितने लोगों की है,जो अपनी माँ से दूर,इस महानगर की चकाचौंध में अपने गमों को दबाए हुए मशीन हो गए हैं।

कवि दिविक रमेश की कविताओं में माँ अनेक रूपों में आती है। माँ की विड़म्बना को उनकी कविता 'माँ के पंख नहीं होते' में देख सकते हैं- 'माँ के पंख नहीं होते / कुतर देते हैं / उन्हें होते ही पैदा / खुद ही उसके बच्चे।' हर माँ की अपनी चाहतें होती हैं। पूरी होने पर सबके सामने हँस लेती है और न पूरी होने पर अकेले में रो लेती है। इनकी कविता' तू तो है न मेरे पास% में इसी चाहत का बयान है- 'चाह जरूर थी माँ के पास /जैसे होती है जीने के लिए जीती हुई / किसी भी औरत के पास।' कवि सुभाष राय को उनकी माँ के स्पर्श ने तत्क्षण बदल दिया है। माँ के स्पर्श से वह स्त्री हो जाते हैं और उनके अंदर बहने लगती है माँ। 'मेरा परिवार' कविता के माध्यम से वह अपनी माँ को याद करते हैं- 'माँ के नाम पर/मैंने लगाये हैं ढेरों गुलाब/उनकी पंखुड़ियों पर ठहरी बूंदें देखकर बहुत याद आती है माँ।' एक संजीदा कविमन ही सभी स्त्रियों में माँ को देख सकता है।इनकी कविता 'पितरपक्ष और माँ' में ये कविमन प्रखरता से आता है-'सब मांएं एक जैसी लगती हैं मुझे / प्रेम और करुणा से भरी हुई/जीवन के युद्ध के लिए / बच्चों को पल-पल रचती हुई।' कवि राकेशरेणु की कविताओं में स्त्रियों के विविध रूपों को देखा जा सकता है।उनमें से एक रूप माँ का भी है।इनकी कविताओं में एक तरफ माँ का अकेलापन है,तो दूसरी तरफ माँ के चले जाने का दु:ख भी भी। 'अब जबकि तुम चली गई हो माँ %कविता माँ के चले जाने के बाद के दर्द को बयां करती है।जिनके सर से माँ का साया उठ गया है,वे ही इस दर्द को समझ सकते हैं-' जाड़े के उन्हीं दिनों में/ कौन रखेगा छुपा कर / खेसारी की साग मेरे लिए/ कौन बांधे रख पाएगा परिवार को / कौन बताएगा कि नहीं खाना चाहिए / अमौरियाँ / सतुआनी से पहले किसी भी हाल में ? / कौन बताएगा यह सब / जब जबकि तुम चली गई हो माँ ?' भरे पूरे परिवार में माँ अकेलपन का किस तरह शिकार हो जाती है। इसकी समूची व्यथा इस कविता में देखी जा सकती है। कवि स्वप्निल श्रीवास्तव के यहाँ माँ करघा के रूम में आती है।जो हम बच्चों को बुनती है।माँ के चले जाने का दु:ख सभी को होता,क्योंकि माँ ही हमें हर मुश्किल घड़ी में बचाती है।इसी दु:ख को स्वप्निल श्रीवास्तव अपनी कविता 'माँ' के माध्यम से व्यक्त करते हैं-'तूफान में हिलते थे घोसले / माँ उसे दिल से थामे रहती थी / अब घोसले की जगह/ तिनके बचे हुए हैं/माँ उड़कर अनन्त में चली गयी है।'

कवि विनय विश्वास ने अपनी कविता 'एक माँ का पुत्र प्रेम' के माध्यम से माँ की उस दबी चीख़ को उभारने की कोशिश की है।जिसमें उसका लड़का उसे छोड़कर चला जाता है। अमेरिका से माँ को लेने उसका लड़का आता है। जाते समय माँ को एयरपोर्ट में छोड़कर चला जाता है- 'जा चुका अमेरिका जाने वाला/ कोई कह गया / माँ का कलेजा धक से रह गया / बेटे का मखमली रास्ता देखते-देखते माँ की नज़र पथरा गई / बेटा नहीं आया रात आ गई।' ये दर्द हर उस माँ का है,जिसके बेटे माँ को महारानी बनाकर विदेश ले चलने का लालच इसलिए देते हैं;ताकि वह उसके नाम के मकान को बेंचकर पैसा हड़प लें।अंत में जब वे अपने मंसूबों में सफल होते हैं तो उसे अकेले यहीं बेसहारा छोड़ जाते हैं।इनकी कविताओं में माँ बचपन के उस होश की तरह है,जिसे हम बड़े होकर भूल जाते हैं । इनकी कविता में ' माँ आज तू उदास है / पर तेरी उदासी देखने का समय किसके पास है / बूढ़ी हड्डियां लिए भले तू पिसती रहे चूल्हे चक्की में।मैं मस्त हूँ अपनी तरक़्क़ी में।' यहाँ ऐसी माँ हमारे सामने नज़र आती है,जो अपने बच्चों के लिए अपना समूचा जीवन रात बना लेती है।और बच्चे हैं कि अपनी तरक़्क़ी के पीछे इतने पागल हैं कि माँ की कोई फ़िकर उन्हें नहीं है।कवि मणिमोहन मेहता अपनी कविता 'कविता भी समझ आनी चाहिए' में कहते हैं- 'समझ में आना चाहिए कविता / जैसे माँ के चेहरे पर लिखी चिंता ,समझ में आती है।' कवि कुमार अनुपम को अपनी कविता' पराये शहर में माँ की याद' में माँ बहुत याद आ रही है।पराये शहर में जब कोई अपनापन न मिले तो सबसे ज्यादा माँ ही याद आती है-'नींद नहीं आ रही और याद आ रही है माँ /लौटता था /पानी से सींचकर भूख का खेत /तो पड़ते ही खाट पर आ जाती थी नींद/ पर जाने क्या बात कि नींद नहीं आ रही / और याद आ रही है माँ।' कवि को लगता है कि उसकी नींद माँ के उपवास की ऊष्म बेचैनी से लथपथ, माँ के पास ही चली गई है।जब हमारे पास माँ का साया होता है तो हम बेखटके आराम से सो पाते हैं। माँ चाहे जैसी और जिस रूप में हो,हमें अच्छी लगती है।उसे समाज यदि बुरा कहता भी है तो भी एक बेटे के लिए माँ सबसे अच्छी होती है।कवि टेकचंद अपनी कविता 'बीड़ी पीती माँ' में इसी बात को बेझिझक कहते हैं- 'मिस्सी मजदूरों के साथ बैठ/बीड़ी पीती/दम लेती/सबको बुरी लगती/पर मुझे सुहाती सुस्ताती मुस्काती,बीड़ी पीती माँ।'

दुनियाँ में माँ का रिश्ता ही सबसे अनोखा है। जो स्वार्थ के नींव पर नहीं टिका।माँ हमेशा दु:ख को सहती हुई अपने परिवार को मजबूत रखती है।परिवार के सामने एक ढाल बनकर खड़ी रहती है। मुन्नवर राणा की इन पंक्तियों से अपनी बात खत्म करूंगा कि-'घेर लेने को मुझे जब भी बलाएँ आ गईं/ढाल बन कर सामने माँ की दुवाएँ आ गईं।' पहलगाव में जिस तरह निर्दोष नागरिकों को उनके परिवार के सामने मारा गया,उससे आज देश में युद्ध का माहौल है। ऐसे युद्ध के दौर में शहीद हुए बेटों के माँ का कलेजा रोता नहीं है। क्योंकि 'लिपट के रोती नहीं है कभी शहीदों से / ये हौंसला भी हमारे वतन की माँओं में है'। यह लेख देश की सभी माँओं कोसमर्पित,उनके लिए मेरी तरफ से एक छोटी सी भेंट है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,
( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता

**बीजिंग,** 10 मई (एजेंसियां)। चीन और अमेरिका ने शनिवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में अर्थव्यवस्था और व्यापार पर उच्च स्तरीय वार्ता की। यह जानकारी सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने दी। चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग और अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बीच वार्ता शुरू हुई। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने बैठक से पहले कहा कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ पर बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वह वैश्विक व्यापार की स्थापित व्यवस्था को कायम रखते हुए अपने हितों की रक्षा दृढ़ता से करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीनी आयात पर कई दौर के टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ गया, जो फिलहाल 145 प्रतिशत है।

### पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को भारतीय सेना ने पूरी तरह से किया विफल, कहा

# पाकिस्तानी ड्रोन के निशाने पर थे निर्दोष नागरिक

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान ने हमला ड्रोन के जरिए शनिवार की सुबह किया। हालांकि, पहले से सतर्क भारतीय सेना के आगे पाकिस्तान की एक नहीं चली और उसके ड्रोन जमीन पर औंधे मुंह गिरे। बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान की सेना ने विस्फोटकों से भरे ड्रोन भारतीय आबादी क्षेत्र में भेजे थे। इनका मकसद पंजाब में सामान्य नागरिकों के ठिकानों पर हमला करना था। पाकिस्तान के ड्रोन भारत में ज्यादा से ज्यादा सामान्य नागरिकों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे। लेकिन, पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को भारतीय सेना ने पूरी तरह से विफल कर दिया।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि शनिवार तड़के सुबह लगभग पांच बजे, पाकिस्तानी सेना ने सीमा पार पंजाब के अमृतसर की ओर कई कामिकेज ड्रोन भेजे। कामिकेज ड्रोन एक खतरनाक आत्मघाती मानव रहित हवाई वाहन होते हैं। ये ड्रोन विस्फोटक के साथ उड़ान भरते हैं। पेलोड यानी विस्फोटक समेत ड्रोन अपने लक्ष्य से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।



खतरनाक आत्मघाती मानव रहित हवाई वाहन होते हैं कामिकेज ड्रोन

पाकिस्तानी सेना द्वारा भेजे गए इन ड्रोनों का लक्ष्य भारत में अमृतसर की घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों पर हमला करना था। हालांकि, भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली की सतर्कता और तेज प्रतिक्रिया के चलते, ये ड्रोन भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही कुछ ही क्षणों में पहचान लिए गए। सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने इन्हें ट्रैक किया और तुरंत ही नष्ट कर दिया। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में तैनात त्वरित प्रतिक्रिया वाली वायु रक्षा तोपों का उपयोग कर गनर्स ने इन ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया। इन पाकिस्तानी ड्रोन का मलबा अमृतसर के रिहायशी इलाकों में नहीं गिरा और कोई जनहानि नहीं हुई।

## सियालकोट के लूनी में आतंकी लांच पैड तबाह



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से लगातार भारतीय क्षेत्रों पर हो रहे हमलों के बीच बीएसएफ ने पाकिस्तान के सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकी लॉन्च पैड को तबाह कर दिया है। इस बात की जानकारी बीएसएफ ने एक बयान जारी कर दी है। बीएसएफ जम्मू के पीआरओ ने एक बयान में बताया कि 9 मई 2025 को, रात करीब 21:00 बजे से पाकिस्तान ने जम्मू सेक्टर में बीएसएफ चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू की। बीएसएफ ने इस गोलीबारी का उचित जवाब दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स की चौकियों और संपत्तियों को व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि अखनूर क्षेत्र के सामने सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकी लॉन्च पैड को बीएसएफ ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

## भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर नहीं किया हमला, पाकिस्तान का दावा निकला झूठा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान के हमलों का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हालांकि, दोनों देशों के बीच बिगड़ते हालात ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों और झूठे दावों की झड़ी लगा दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से भारत को नुकसान पहुंचाने और साजिश रचने के लिए तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक दावा ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले को लेकर किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। पीआईबी के फैक्ट चेक ने इस दावे की पोल खोलकर रख दी है। पीआईबी ने फैक्ट चेक में बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है, जबकि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। एक्स हैंडल पर फर्जी वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के लिए ऐसे कंटेंट बनाए जाते हैं। कृपया सतर्क रहें। ऐसे वीडियो फॉरवर्ड न करें।



## सुडोकू 6909

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 11 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज का दिन गृहस्थ एवं दांपत्य जीवन के लिए बहुत अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजरेगा। वहीं आप प्रेम का सुखद अनुभव पा सकेंगे। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की भी संभावना है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सारा दिन आप आनंद और उल्लास में गुजारने वाले हैं। दिन के सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। इनकम की संभावना रहेगी।

मिथुन - आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से आज दूर ही रहें। बातचीत में सावधानी रखें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

कर्क - आज मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आज ताज़गी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। धन का खर्च होगा तथा अपयश भी मिल सकता है।

सिंह - आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक गुजरेगा। अपने भाई-बहनों के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। उनका साथ भी आपको मिलेगा। किसी बात को लेकर इमोशनल बने रहेंगे।

कन्या - परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी, इससे आप अपना निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी भी बौद्धिक और राजनीतिक चर्चा में आज भाग ना लें।

तुला - आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आज कोई रचनात्मक काम में आप व्यस्त रह सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। दृढ़ विचारों के साथ आप काम पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आज आप वाहन आदि के उपयोग में सावधानी बरतें। बातचीत में किसी के साथ कन्फ्यूजन हो सकता है। शारीरिक कष्ट और मानसिक चिंता से आप परेशान रहेंगे। आनंद-प्रमोद के पीछे विशेष खर्च होने की संभावना है।

धनु - आज का दिन आप के लिए लाभकारी है। गृहस्थ जीवन का आनंद ले सकेंगे। मित्रों के साथ सुंदर स्थल पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आय में वृद्धि के योग है। भोजन अच्छा मिल सकता है।

मकर - आज आपको व्यापार में कोई लाभ हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा बना हुआ है। मित्रों और सम्बंधियों से लाभ होगा। उनसे उपहार मिलने से आनंद होगा। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

कुंभ - आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। शारीरिक रूप से आप को अस्वस्थता का अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कोई भी काम करने में आपकी रुचि कम रहेगी। अधिकारियों की अप्रसन्नता भी आपको अखरेगी।

मीन - आप का दिन मध्यम फलदायी है। अधिक परिश्रम वाले काम अभी टालें। आज हर काम में मानसिक और शारीरिक परिश्रम अधिक होगा। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। व्यापार में पुराना उधार का धन मिल सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग

**सियोल,** 10 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में समर्थन देने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती उचित थी। उन्होंने अपनी सेना की भागीदारी को देश के संप्रभु अधिकारों के इस्तेमाल के रूप में बचाव किया। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

किम ने यह टिप्पणी शुक्रवार को प्योंगयांग में रूसी दूतावास के दौरे के दौरान की, जहां वे द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की नाजी जर्मनी पर जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर गए थे, जिसे विजय दिवस के रूप में जाना जाता है। योनहाप ने सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह जानकारी दी है। पिछले साल रूस संग हुई रक्षा संधि का हवाला देते हुए किम ने कहा कि उन्होंने कुर्स्क फ्रंट-लाइन क्षेत्र को मुक्त करने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजने का आदेश दिया था, क्योंकि वे इस संधि को पूरी तरह लागू करने पर अडिग थे।

किम ने कहा कि हमारी युद्ध में भागीदारी उचित थी और यह हमारे संप्रभु अधिकारों के उपयोग के दायरे में है। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिकों को हीरो बताया। पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए सैनिक भेजे थे। सियोल की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने अब तक रूस को लगभग 15,000 सैनिक भेजे हैं और इसमें 4,700 से अधिक हताहत हुए हैं।



■ किम ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिकों को बताया हीरो

## भारत के साथ तनाव के बीच कठिन स्थिति में है पाकिस्तान : मसूद अख्तर

**इस्लामाबाद,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने स्वीकार किया है कि भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए सटीक हमलों के कारण देश मुश्किल घड़ी में है।

सेवानिवृत्त एयर मार्शल ने कहा कि मौजूदा समय में हम कठिन स्थिति में हैं और अभी हमारे पास स्पष्ट जबाव नहीं है। उन्होंने भारत-पाक की सैन्य संख्याओं में व्यापक असमानता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सैन्य संख्या 16 लाख है जबकि पाकिस्तान की मात्र छह लाख ही सैन्य संख्या है।

पूर्व मार्शल ने अपने बयान में कहा कि किसी भी तरह की धार्मिक युद्ध की बयानबाजी भारत-पाक के बीच तनाव को कम नहीं कर सकती। उनका मानना है कि स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। उन्होंने अरब देशों और ईरान के कूटनीति प्रयासों की भी आलोचना की।



अरब देशों व ईरान के कूटनीति प्रयासों की भी आलोचना की

## वर्ग पहेली 6909

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दुख भरी कहानी
३. रेल का सिंग्नल
५. प्रधान, सरदार
६. निवासी (उर्दू)
७. समान दरजे का, बराबर
९. नियंत्रित, संयमित, दबाया हुआ
१०. निर्दयी (उर्दू)
१२. बदसूरत
१३. मौलिक, वास्तविक
१४. पानी का बुल्ला, क्षणभंगुर वस्तु
१६. झुका हुआ
१८. कमीशन लेकर दूसरोंका माल बिकवा देने का व्यवसाय
२०. माथा, ललाट
२१. आया हुआ अतिथि
२३. भेदभरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. रोजगार, व्यापार
२. सेना का एक अफसर (उर्दू)
३. राजनीति, शासन (उर्दू)
४. प्रेक्षक, देखने वाला
५. नरम, कोमल (उर्दू)
८. माफ करना
१०. दुर्दशाग्रस्त बुरी हालत (उर्दू)
११. पते या प्रमाण के लिए किया गया उल्लेख, सिपुर्दगी (उर्दू)
१२. खानदानी
१३. निरक्षर
१४. होशियारी, चतुराई
१५. जुलाहा
१७. लहर
१८. सुस्ती, अकर्मण्यता
१९. पुत्र
२२. रीति, शैली, ढंग बनावट (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6908

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ला | ■ | रां | ■ | ९ वा | रि | जा | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | बं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | द | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अमेरिका ने अपने राजनयिक कर्मियों से आवाजाही सीमित रखने का दिया निर्देश

**वाशिंगटन,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच अमेरिकी विदेश विभाग ने इस्लामाबाद में अपने राजनयिक कर्मियों को अपनी आवाजाही सीमित रखने का निर्देश दिया है।



सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कहा कि हमने एहतियात के तौर पर पाकिस्तान में सभी राजनयिक कर्मियों को आवाजाही सीमित करने का निर्देश दिया है। समा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि तत्काल किसी खतरे का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया, लेकिन अधिकारियों ने सुझाव दिया कि यह सलाह अत्यधिक सावधानी के रूप में जारी की गई। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह परामर्श केवल इस्लामाबाद के कर्मचारियों के लिए है या कराची, लाहौर और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावासों पर भी लागू होता है। चूंकि दोनों देश सैन्य कार्रवाई कर रहे हैं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इससे पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर को फोन करके तनाव कम करने के लिए कहा था।

## बांग्लादेश में आवामी लीग पर पाबंदी लगाने की मांग को लेकर धरना

**ढाका,** 10 मई (एजेंसियां)। पिछले वर्ष अगस्त में शेख हसीना सरकार को गिराने वाले शक्तिशाली छात्र संगठन से जुड़े नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सैकड़ों विद्यार्थी कार्यकर्ता और नेता ढाका के शाहबाग चौराहे पर धरना दे रहे हैं और अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक हसनत अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध नहीं लगाए जाने तक सड़क जाम करने की घोषणा की है। इस आह्वान के बाद हजारों की संख्या में एनसीपी और स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) समर्थक विरोध प्रदर्शन के लिए इलाके में उमड़ पड़े। विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन शनिवार को दूसरा दिन है। 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार हसनत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी आवाज अंतरिम सरकार तक नहीं पहुंचती। शहीदों की चीखें उन तक नहीं पहुंचतीं, घायलों की चीखें उन तक नहीं पहुंचतीं। हम यहां से चले जाएंगे और शाहबाग की नाकेबंदी कर देंगे। हम नाकेबंदी तब तक जारी रखेंगे जब तक अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती। आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कल अपराह्न में एक रैली शुरू हुई और प्रदर्शनकारी मुख्य सलाहकार के आधिकारिक आवास के पास एकत्र हुए। शाम होते-होते श्री हसनत अब्दुल्ला के नेतृत्व में रैली शाहबाग की ओर बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेड लगा दिए। हजारों प्रदर्शनकारियों ने आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए नारे लगाने शुरू कर दिए।



कई इस्लामी पार्टियों ने किया नाकेबंदी का समर्थन

## आज का इतिहास

1784- अंग्रेजों और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच संधि।
1833- अमेरिका से क्यूबेक जा रहे जहाज लेडी ऑफ द लेक के हिमखंड से टकराकर अटलांटिक महासागर में डूबने से 215 लोगों की मौत।
1940- ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग सर्विस ने अपनी हिंदी सेवा की शुरुआत की।
1951- राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।
1962- सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारत का राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्थान लिया।
1965- बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान में 17 हजार लोगों की मौत।
1988- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1995- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में 170 से अधिक देशों ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए।
1998- भारत ने राजस्थान के पोकरण में तीन परमाणु परीक्षण करने का ऐलान किया।
1998- यूरोप की एकल मुद्रा यूरो का पहला सिक्का बना।
2000- जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब पहुंची।
2007- उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने बहुमत हासिल किया और पार्टी नेता मायावती ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली।
2008- न्यूयार्क के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने देश का पहला जेनेटिकली मोडिफाइड मानव भ्रूण तैयार किया।
2011- भारत और पाकिस्तान ने लाहौर और अमृतसर के बीच बस सेवा शुरू करने पर सहमति जतायी।

**मामला** *दुनिया के सबसे सघन आबादी वाले क्षेत्रों में हैं भारत-पाकिस्तान*

# परमाणु बम का इस्तेमाल मचा सकता है अकल्पनीय तबाही

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने कोई कार्रवाई होने पर भारत के खिलाफ कई बार परमाणु बम का इस्तेमाल करने की गीदड़ भभकी दी है। मौजूदा स्थिति में पाकिस्तान लगातार भारत पर ड्रोन, मिसाइल के साथ हवाई क्षेत्रों में हमले कर रहा है और सीमापार से बिना उकसावे के गोलाबारी भी कर रहा है। भारतीय सेना लगातार प्रभावी जवाबी कार्रवाई कर रही है और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा रहा है। शनिवार को भी पाकिस्तान ने भारत के कई क्षेत्रों में हमले किए। पाकिस्तान की तरफ से भारत की पश्चिमी सीमा और एलओसी पर अपनाए गए आक्रामक रवैये के जवाब में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई अहम सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमला किया।**

जिन जगहों को निशाना बनाया गया, उनमें पाक सेना के तकनीकी केंद्र, कमांड सेंटर, रडार और गोला-बारूद के बड़े भंडार शामिल थे। इसी बीच, अमेरिका ने दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों से बातचीत शुरू करने और बढ़ते तनाव को कम करने की अपील की है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के शनिवार को नेशनल कमांड अथॉरिटी की एक बैठक बुलाने की खबर आई। नेशनल कमांड अथॉरिटी नागरिक और सैन्य अधिकारियों की सबसे बड़ी संस्था है, जो देश की सुरक्षा से जुड़े फैसले लेती है, जिनमें परमाणु हथियारों से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं।

हालांकि, बाद में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऐसी कोई बैठक तय नहीं है।



■ भारत की सैन्य शक्ति पाकिस्तान पर भारी, हर मोर्चे पर दुश्मन फेल

भारत-पाकिस्तान दुनिया के सबसे सघन आबादी वाले क्षेत्रों में आते हैं। परमाणु बम का इस्तेमाल यहां जानमाल की अकल्पनीय तबाही मचा सकता है। तमाम आशंकाओं के बीच माना जा रहा है कि दोनों ही देश परमाणु बम का इस्तेमाल करने जैसे चरम हालातों से बचना चाहेंगे।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार का कहना है कि अगर भारत हमले बंद करता है तो हम भी हमले बंद करने पर विचार करेंगे। हालांकि, पाकिस्तान भारत की तरह परमाणु बम का पहले इस्तेमाल नहीं करने की प्रतिबद्धता में नहीं बंधा है। दूसरी ओर भारत का रुख स्पष्ट है कि पाकिस्तान ऐसा कोई दुस्साहस करता है तो उसे कड़ा सबक सिखाया जाएगा। भारत और पाकिस्तान अपनी सैन्य शक्ति के मामले में हमेशा से चर्चाओं में रहे हैं। द मिलिट्री बैलेंस 2024, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज- ईयरबुक 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों की सैन्य ताकत में बड़ा अंतर है। भारत के पास 14.8 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 6.6 लाख कर्मी हैं।

## दुनिया को जानें

## माल्टा बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल

**वैलेटा,** 10 मई (एजेंसियां)। माल्टा की जहाज रजिस्ट्री में वर्ष की पहली तिमाही के अंत तक 10,000 से अधिक जहाज पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे यह यूरोप में सबसे बड़ी और दुनिया में छठी सबसे बड़ी जहाज रजिस्ट्री बन गई है।

माल्टा के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि जब सुपरयॉट की बात आती है, तो माल्टा विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर है। मंत्रालय के अनुसार माल्टा जल्द ही डिजिटल प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाएगा। परिवहन माल्टा माल्टीज़ ध्वज के तहत पंजीकृत जहाजों और नौकाओं के मालिकों को एक जून से इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणपत्र (ई-प्रमाणपत्र) देना शुरू कर देगा। परिवहन, बुनियादी ढांचा और लोक निर्माण मंत्री क्रिस बोनेट ने कहा कि यह पहल माल्टा को समुद्री उद्योग में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी, जो तेजी से अधिक दक्षता, पारदर्शिता और पहुंच की मांग कर रहा है। ट्रांसपोर्ट माल्टा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्ट फर्रुगिया ने कहा कि यह परियोजना 2021 में नाविकों के लिए ई-प्रमाणपत्र की शुरूआत का विस्तार है।

# प्रादेशिकी

## ढेंचा उगाने वाले किसानों को मिलेगी नकद प्रोत्साहन राशि : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में हरित खाद को बढ़ावा देने और किसानों को रासायनिक खाद पर निर्भरता से मुक्त करने के उद्देश्य से एक बड़ी योजना की घोषणा की है। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो किसान अपनी जमीन पर ढेंचा हरित खाद के रूप में उगायेंगे, उन्हें सरकार की ओर से नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जायेगी। उन्होंने बताया कि ढेंचा उगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ढेंचा एक प्राकृतिक खाद है, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, नमी बनाये रखने और उत्पादन लागत घटाने में सहायक है। यह योजना पहली बार प्रदेशभर में लागू की जा रही है, जिससे हजारों किसानों को लाभ होगा।

# चारधाम यात्रा में चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शनः धामी

- सुगम, सुरक्षित व सुव्यवस्थित यात्रा के लिए सरकार लगातार कर रही काम
- यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का किया जा रहा स्वागत
- चारधाम में व्यवस्था को लेकर सीएम खुद कर रहे मानेटरिंग



■अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 10 मई (देशबन्धु)। हमारी सरकार यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। चार धाम यात्रा 2025 आधिकारिक तौर पर 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठानों के बीच गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई थी।

केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को और बद्रीनाथ के कपाट 4 मई को खोले गए थे। उत्तराखंड में चारधाम की यात्रा जारी है। उत्तराखंड में देश भर से श्रद्धालु चारधाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) की यात्रा करने पहुंच रहे है। चारधाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को उत्तराखंड में बड़ी संख्या में स्वागत किया जा रहा है। देश में जारी तनाव के बीच राज्य सरकार सुनिश्चित कर रही है कि सुरक्षा उपायों को लेकर जनतो को आश्वस्त किया जाए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार बताया कि बीते नौ दिनों में ही चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धाम के दर्शन किए है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु चार धाम यात्रा के लिए देवभूमि उत्तराखंड पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि ''हमारी सरकार यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। चारधाम यात्रा 2025 आधिकारिक तौर पर 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठानों के बीच गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई थी।

वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को और बद्रीनाथ के कपाट 4 मई को विधि विधान के साथ खोले गए थे। इससे पहले मंगलवार को एक अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में घोड़ों और खच्चरों के इस्तेमाल पर 24 घंटे का प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन ने यहां कुछ घोड़ों और खच्चरों की मौत की सूचना मिलने पर यह कदम उठाया। बता दें अब तक चारों धामों में 4,44,115 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जिसमें केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या 1 लाख 87 हजार पार हो गई है। गंगोत्री धाम में 73,850, यमुनोत्री में 92,144 और बदरीनाथ में अभी तक 90,167 श्रद्धालु भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर चुके हैं। पशुपालन सचिव (उत्तराखंड) बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि कल आठ घोड़े और खच्चर मरे थे, जबकि आज छह की मौत हो गई। हम इसके पीछे का कारण जानना चाहते थे। कल केंद्र से एक टीम भी मौतों के कारणों की जांच करने आएगी। इसके अतिरिक्त, सीएम धामी ने 3 मई को कहा कि केदारनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों का ट्रायल के रूप में संचालन शुरू

**○ स्वास्थ्य जांच के बाद स्वस्थ घोड़े-खच्चर भेजे जाएंगे केदारनाथ ○ तीन स्थानों पर पशु चिकित्सकों की टीमें तैनात**



**रुद्रप्रयाग,** 10 मई (देशबन्धु)। केदारनाथ यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले घोड़े-खच्चरों को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है। केदारनाथ धाम जाने से पहले घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच होगी और फिट घोड़ा-खच्चर ही सामान व यात्री को ले जाने वाल लाने का कार्य करेंगे। अनफिट घोड़े-खच्चरों को यात्रा से बाहर रखा जाएगा।

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि घोड़े पूरी तरह स्वस्थ और यात्रा के योग्य हों, जिससे न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो, बल्कि पशुओं की सेहत का भी विशेष ध्यान रखा जा सके। पशु चिकित्सकों की विशेष टीम तीन मुख्य स्थानों भीमबली, लिनचौली एवं रुद्रापॉइंट पर तैनात की गई है। ये टीमें प्रत्येक खच्चर और घोड़े की जांच करेंगी और केवल जांच में पूरी तरह स्वस्थ पाए गए पशुओं को ही आगे भेजा जाएगा। पशु चिकित्सा विभाग की टीमों के साथ-साथ मल्टी टास्किंग फोर्स और पुलिस विभाग की टीम भी यहां पर मौजूद रहेगी और सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### साइबर हमलों की आशंका पर एसटीएफ अलर्ट

**देहरादून।** सिर्फ सीमा पर ही नहीं, भारत अब डिजिटल मोर्चे पर भी सतर्क हो गया है। बढ़ते तनाव के बीच साइबर हमलों की आशंका को देखते हुए एसटीएफ (विशेष कार्य बल) ने अपने साइबर कमांडो को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। एसटीएफ ने एक विशेष टीम का गठन किया है, जो इंटरनेट पर हो रही हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है। इस बीच, डीजीपी दीपम सेठ ने भी सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से साइबर हमलों की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में सरकारी वेबसाइटों और महत्वपूर्ण डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की निगरानी बढ़ा दी गई है। साइबर सुरक्षा को लेकर एसटीएफ ने प्रदेशवासियों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें नागरिकों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी संदिग्ध लिंक या जानकारी पर क्लिक न करें। साथ ही अनजान ईमेल और मैसेज से सावधान रहें। अफवाह फैलाने से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें।

### सीमा पर तनाव का असर पड़ रहा चारधाम यात्रा पर

**देहरादून।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी बढ़ते सैन्य तनाव के चलते देशभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। इसी कड़ी में उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के लिए चलने वाली हेलिकॉप्टर सेवाओं को अग्रिम आदेश तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से यह फैसला लिया गया है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही, हेलिकॉप्टर और होटलों की पहले से की गई बुकिंग भी रद्द की जा रही हैं। यह स्थिति ऐसे समय में उत्पन्न हुई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव चौथे दिन में प्रवेश कर चुका है। शनिवार को सरहद पर हालात और भी ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से देर रात तक भारत के 26 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की गई, लेकिन भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली ने समय रहते हर हमले को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना की ओर से भी इन हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। सरकार और सेना लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और हर मोर्चे पर सतर्कता बरती जा रही है।

### रैपिड रिस्पांस टीम गठित

**देहरादून।** राहत और बचाव दलों को भी तैयार रखा गया है। जिलों और ब्लॉक स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम गठित करने के निर्देश हैं।आपदा कंट्रोल रूम में भी 24 घंटे अधिकारियों तैनात हैं। सभी अस्पताल हाई अलर्ट पर हैं। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां भी कैंसिल कर दी गई हैं। प्रदेश के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां के स्टॉक को रखने, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू वेंटीलेटर, चिकित्सा व सर्जिकल उपकरण और एंबुलेंस की व्यवस्था के निर्देश हैं। आग बुझाने से संबंधित इंतजाम को दुरुस्त करने को कहा गया है। गौर हो कि उत्तराखंड में शनिवार, रविवार और सोमवार को देखते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ चारधाम यात्रा के लिए उमड़ रही है। अचानक से बंद की गई हेली सर्विस की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानियां बढ़ सकती थी।

### 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** अब केवल हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने शेष हैं। आगामी 25 मई को विधि-विधान के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट खोले जाएंगे। हेमकुंड साहिब दरबार उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। फिलहाल यहां यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। पैदल मार्ग पर बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाएगा। वहीं, लोक निर्माण विभाग द्वारा गोविंदघाट पुल को पूरा करने का कार्य चल रहा है।

## सार संक्षेप

### हरकी पैड़ी समेत गंगा घाटों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

**हरिद्वार।** देवभूमि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा प्रारंभ हो चुकी है और इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसी को कड़े पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसी के मद्देनजर हरिद्वार हरकी पैड़ी समेत गंगा घाटों पर पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात करने के साथ ही सुरक्षा एजेंसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसएसपी परमेंद्र सिंह डोभाल का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व आईटीबीपी के जवानों ने गंगा घाटों सहित बाजारों में निकाला फ्लैग मार्च। देवों की भूमि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा प्रारंभ हुई लगभग एक सप्ताह का समय गुजर गया है। चार धाम यात्रा पर बड़ी संख्या में दूर दराज अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु यात्रा के लिए उत्तराखंड के धामों पर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी चार धाम यात्रा को लेकर सभी तमाम तैयारियां समय रहते पूरी कर ली गई थी और चारधाम यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन को हर स्थिति पर अपनी कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश जारी कर रखे हैं। चार धाम यात्रा में पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहा है।

### नैनीताल जिले में बदला मौसम

**रामनगर।** नैनीताल जिले में मौसम ने करवट ले ली है। रामनगर और नैनीताल में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। बारिश होने से तेज धूप और उमस से परेशान लोगों के चेहरे पर अब सुकून नजर आ रहा है। दरअसल, शनिवार की दोपहर के बाद नैनीताल जिले में मौसम अचानक बदल गया। आसमान में बादल छाए और फिर कुछ ही देर में हल्की बारिश शुरू हो गई। रामनगर, कालाढूंगी, हल्द्वानी समेत पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश का ये दौर करीब आधे घंटे तक जारी रहा। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। उत्तराखंड मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने आज पहाड़ी और मैदानी जिलों के कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। जिसके तहत उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून और नैनीताल जिले में कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश होने की संभावना जताई थी।

### सुडोकू 6909 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

## नैनीताल पुलिस का ऑपरेशन रोमियो व सत्यापन अभियान, 206 पर कार्रवाई

- एसपी नगर हल्द्वानी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया

**नैनीताल,** 10 मई (देशबन्धु)। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन रोमियो व सत्यापन अभियान ने जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह अभियान खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और सार्वजनिक स्थलों पर असामाजिक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। एसपी नगर हल्द्वानी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों जैसे एचएन इंटर कॉलेज, भोटिया पड़ाव, पुरानी आईटीआई, रामनगर के ट्रांसपोर्ट नगर, गर्जिया आदि स्थानों पर शराब पीने, हुड़दंग मचाने और अशांति फैलाने वाले 206 अराजक तत्वों को हिरासत में लिया गया। इनके खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 52,250 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया। इसके अलावा, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 328 चालकों पर भी कार्रवाई की गई, जिनसे 88,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। एसएसपी मीणा ने सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को सार्वजनिक स्थानों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए थे। पुलिस ने जिलेभर में सत्यापन अभियान भी चलाया। इस अभियान के तहत 278 लोगों का सत्यापन किया गया और 61 व्यक्तियों के सत्यापन न होने पर 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही, 7 मकान मालिकों पर किराएदारों का सत्यापन न कराने पर 10-10 हज़ार रुपए के कोर्ट चालान किए गए। एसएसपी मीणा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि समाज सुरक्षित और व्यवस्थित रहे। असामाजिक तत्वों के खिलाफ हमारी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## डंडी-कंडी संचालकों ने संभाला केदारनाथ पैदल यात्रा का मोर्चा

**7000 डंडी कंडी और पिटठू संचालक यात्रा के लिए पंजीकृत, प्रतिदिन करीब 1200 श्रद्धालुओं को पहुंचा रहे धाम**

- बोले यात्रा में नहीं आने देंगे कोई अड़चन
- इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते घोड़े-खच्चर आराम पर

**रुद्रप्रयाग,** 10 मई (देशबन्धु)। केदारनाथ धाम की यात्रा के विधिवत संचालन में डंडी-कंडी संचालन कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। घोड़े-खच्चरों की अनुपस्थिति में डंडी-कंडी संचालक अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते पशुपालन विभाग ने घोड़े-खच्चर को आराम का समय दिया तो डंडी-कंडी और पिटठू संचालकों ने मोर्चा संभाल लिया है। बाबा के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालुओं को धाम ले जाने से लेकर खाद्य एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति यही लोग कर रहे हैं। डंडी-कंडी और पिटठू संचालक भी यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं। इन दिनों इन्होंने यात्रा का मोर्चा संभाला हुआ है। जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के अपर मुख्य अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष करीब 7000 डंडी कंडी और पिटठू संचालक केदारनाथ धाम यात्रा के लिए पंजीकृत हैं। जिनका संचालन प्रतिदिन हो रहा है।



### व्यापारी बोले खाद्य एवं जरूरी सामग्री पूरी, अफवाहों पर ध्यान न दें श्रद्धालु

रुद्रप्रयाग। केदारपुरी में दुकान संचालित करने वाले व्यापारी भी लगातार यह बात बता रहे हैं कि केदारनाथ एवं यात्रा मार्ग पर खाद्य या अन्य जरूरत की सामग्री की कोई कमी नहीं है। व्यापारी प्रकाश बिष्ट ने कहा कि घोड़े-खच्चरों में फैली बीमारी के चलते घोड़े-खच्चर अभी आराम पर हैं। लेकिन डंडी-कंडी संचालकों ने इस दौरान पूरा मोर्चा संभाल रखा है। श्री केदारनाथ धाम की बात हो या यात्रा मार्ग की सभी जगह खाद्य एवं अन्य सामग्री भरपूर मात्रा में उपलब्ध है, इसके लिए सभी व्यापारी डंडी कंडी संचालकों को विशेष धन्यवाद देते हैं। बाबा के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालुओं से अपील है कि बिना किसी संकोच के यात्रा पर आएं। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलाई जा रही किसी नकारात्मक एवं झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें।

### डंडी कंडी संचालक बोले यात्रा नहीं होने देंगे बाधित

रुद्रप्रयाग। यात्रा मार्ग पर डंडी-कंडी चलाने वाले गणेश सिंह ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा उनकी आय का मुख्य स्त्रोत है। हर वर्ष यात्रा मार्ग पर डंडी-कंडी के माध्यम से श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम पहुंचाने का काम करते हैं। इस वर्ष इक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते घोड़े खच्चरों का संचालन प्रभावित हुआ है और उन्हें लगातार आराम की जरूरत है। ऐसे में हम लोगों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। डंडी कंडी संचालक पूरी तरह से शासन- प्रशासन और श्रद्धालुओं के साथ खड़े हैं। हमारे रहते न यात्रा प्रभावित होगी न अनिवार्य सामग्री की कमी यात्रा मार्ग में होगी, बाबा की यात्रा सफल बनाने के लिए हम हमेशा तत्पर हैं।

## 39 हिमाचली विद्यार्थी श्रीनगर से हिमाचल के लिए रवाना

**शिमला,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने जम्मू-कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की सुरक्षित प्रदेश वापसी की पहल की है। इस दिशा में आज सुबह 11 बजे श्रीनगर में पढ़ रहे 39 हिमाचली विद्यार्थियों को लेकर जम्मू के लिए बस रवाना हुई। इस बस का प्रबंध जम्मू-कश्मीर राज्य परिवहन विभाग द्वारा किया गया था। यह आशा व्यक्त की जा रही थी कि यह बस शाम 5 बजे तक जम्मू पहुंच जाएगी, लेकिन जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल के पास भारी यातायात जाम के कारण विद्यार्थियों के पहुंचने में देरी हुई है। अब अधिकारियों को उम्मीद है कि बस देर सांय जम्मू पहुंचेगी। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के प्रबंध निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार के अधिकारी पंजाब और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। एचआरटीसी की एक बस जम्मू के लिए भेजी जा चुकी है, जो विद्यार्थियों को कांगड़ा जिले के जसूर तक पहुंचाएगी।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं पर यात्री ध्यान न दें: महाराज

- यात्रियों से अधिक दाम वसूली की फैलाई जा रही अफवाह



**देहरादून,** 10 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित एवं निर्बाध गति से चल रही है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर इधर-उधर की पुरानी भ्रामक वीडियो पोस्ट कर चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों से वस्तुओं के अधिक दाम वसूलने की अफवाह फैला रहे हैं। ऐसी सभी अफवाहों से सावधान रहे। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा रुटों पर बेरोजगार युवा ऋण लेकर अपने काम धंधे करते हैं। इस प्रकार की भ्रामक खबरों से उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और प्रदेश की बदनामी होती है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर स्थित दुकानों से यदि यात्रियों को कोई वस्तु मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा कुछ अधिक दाम पर मिलती है तो उसका सबसे प्रमुख कारण वस्तुओं के वहां तक पहुंचने पर ट्रांसपोर्टेशन की लागत में आने वाली वृद्धि है। इसलिए सोशल मीडिया पर अनावश्यक और भ्रामक वीडियो या तथाकथित सूचना पोस्ट कर यात्रियों को भ्रमित न करें। महाराज ने स्थानीय दुकानदारों से भी आग्रह किया है कि वह भी अपनी सभी सेवाओं को अतिथि देवो भव: की अपनी संस्कृति के अनुरूप गुणवत्ता युक्त रखने के साथ-साथ उचित मूल्य पर यात्रियों को दें ताकि प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रृद्धालुओं और प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के स्वागत और सत्कार का हम सभी को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा है कि यदि कोई अनावश्यक रूप से अधिक दाम वसूलता है तो यात्री अपनी लिखित शिकायत दर्ज करवा सकता है। महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रृद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है।

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिए मंत्री रेखा आर्या ने की गंगा पूजा

**हरिद्वार,** 10 मई (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने धर्मनगरी हरिद्वार में आतंक के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मां गंगा की आरती की। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या हरिद्वार पहुंची और उन्होंने गंगा तट पर आरती में हिस्सा लिया। आरती के बाद मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने मां गंगा से ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता की कामना की है। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सेना के अधिकारी व सैनिक, पाकिस्तान के हर दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं और पिछले तीन दिनों में पूरी दुनिया ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कितना मजबूत है। हमारी सेना ने न सिर्फ पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों को नष्ट किया बल्कि उसके बाद पाकिस्तान की सेना ने जो भी दुस्साहस करने की कोशिश की उसे नाकाम किया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उन्होंने मां गंगा से देश के बहादुर सपूतों की सफलता का आशीर्वाद मांगा है।

## वन स्टॉप सेंटर में मिलेगी बुजुर्ग एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं को अल्प विश्राम की सुविधा

- निशुल्क चाय एवं पानी की व्यवस्था भी कराएगा महिला सशक्तीकरण विभाग
- पुराने विकास भवन में स्थित है वन स्टॉप सेंटर




**रुद्रप्रयाग,** 10 मई (देशबन्धु)। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने चार धाम यात्रा पर पहुंच रही गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बुर्जुग श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये अल्प विश्राम करने के लिये पुराने विकास भवन में स्थित व स्टॉप सेंटर को चुना है। यहां महिलाएं एवं बुजुर्ग कुछ देर रूकर विश्राम कर सकते हैं। प्रशासन की ओर से इनके लिये निशुल्क चाय एवं पानी की भी व्यवस्था की जाएगी। रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय चार धाम यात्रा का मुख्य पड़ाव है। प्रत्येक दिन यहां से होकर हजारों यात्री गुजरते हैं। कई बुजुर्ग एवं विकलांग तीर्थ यात्रियों के अलावा गर्भवती व धात्री महिलाएं भी यात्रा पर निकलती हैं। इन यात्रियो को अल्प विश्राम की सुविधा देने के उददेश्य से महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग रुद्रप्रयाग पुराने विकास भवन में स्थित वन स्टॉप सेन्टर रुद्रप्रयाग को चयनित किया है। यहां हर समय कर्मचारी तैनात रहेंगे और यात्रियों की सेवा करेंगे। यात्रा में शामिल किसी गर्भवती या धात्री महिला को अल्प विश्राम या अपने बच्चे को स्तनपान कराने की आवश्यकता महसूस होती है तो वह अपनी आवश्यकतानुसार वन स्टॉप सेंटर में कुछ देर विश्राम कर फिर अपनी यात्रा जारी कर सकती है। इस अवधि में श्रद्धालु को चाय-पानी की सुविधा भी विभाग की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन और विभाग की की इस व्यवस्था का पता श्रद्धालुओं को आसानी से हो, इसके लिये प्रमुख स्थानों पर साईन बोर्ड भी लगवाए गए हैं। डीपीओ अखिलेश मिश्रा ने बताया कि यात्रा में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। विशेष सुविधा और सहायता के लिए अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति रुद्रप्रयाग एवं सदस्यों द्वारा यात्रा के दौरान क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया जाएगा तथा यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकरण के सम्मुख आने पर सम्बन्धित जिम्मेदार व्यक्ति से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व विधायक चैम्पियन व विधायक उमेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज

**रुड़की,** 10 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक चैंपियन के खिलाफ लक्सर कोतवाली और उमेश ने मंगलौर कोतवाली में मुक़दमा दर्ज हुआ है। एक दिन पहले हुए विवाद में पुलिस ने पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन और खानपुर विधायक उमेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूर्व विधायक चैंपियन के चालक ने विधायक उमेश कुमार के खिलाफ गाड़ी में तोड़फोड़ करने, मारपीट और गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने समेत एससी एसटी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि उमेश पक्ष की ओर से भी पूर्व विधायक के खिलाफ गाड़ी में साइड मारने और लाठी डंडे और सरियों से गाड़ी में तोड़फोड़ करने, गाली गलौज करने और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि दोनों ओर से मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि विगत शुक्रवार की शाम करीब 3:30 बजे रुड़की लक्सर मार्ग पर सोलानी पुल के समीप पूर्व विधायक चैंपियन और विधायक उमेश कुमार के बीच विवाद हो गया था।

# प्रादेशिकी

## दुकानदार के दिव्यांग पुत्र की गंगा में डूबने से हुई मौत

**फर्रुखाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। गंगा में डूबने से दुकानदार के दिव्यांग पुत्र की मौत हो गई। पुलिस से शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।थाना कादरी गेट के पुरानी घटिया निवासी संतोष कुमार शुक्ला गंगा घाट पर ही प्रसाद की दुकान लगाते हैं। उनका 18 वर्षीय पुत्र आकाश पैर से दिव्यांग है। बीती शाम लगभग 6: 30 बजे वह घर से निकला, देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव पुरानी घटिया पैंटून पुल के निकट गंगा में उतराता मिला। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां सीमा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पांचाल घाट चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को निकलवाया। मृतक चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

# संत रविदास का दर्शन ही विकसित भारत संकल्प का प्रेरणास्रोत : योगी




**लखनऊ,** 10 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। संत रविदास ने कहा था, ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न, उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नई अयोध्या का निर्माण हो रहा है और आज संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और सशक्त हुई है। उन्हाने इसके लिए महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज को बधाई दी। सीएम योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई।

मुख्यमंत्री ने मध्यकाल के कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार और सनातन धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे, तब काशी में संत रविदास ने सामाजिक एकता के लिए समाज को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज उठाई और कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी प्रासंगिक है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है।

उन्होंने अयोध्या में फोरलेन सड़कों, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, माता शबरी के नाम पर अन्न क्षेत्र, निषाद राज के नाम पर यात्री विश्रामालय और राम की पैड़ी व सरयू घाट के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया।

### अयोध्या में प्राचीन संत रविदास मंदिर में सौन्दर्यीकरण कार्य एवं सत्संग भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

### आजादी के बाद से अयोध्या की उपेक्षा की गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से अयोध्या की उपेक्षा की गई, लेकिन अब सूर्यवंश की ये राजधानी देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने पासी समाज, कबीर मठ और रजक समाज के संतों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी वर्गों को जोड़कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब हमारा संकल्प देश के प्रति कर्तव्यों से जुड़ेगा, तो सभी समस्याओं का समाधान संभव है। हमें नेशन फर्स्ट की भावना के साथ देश को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम संत रविदास और भगवान राम के आदर्शों पर चलकर एक समृद्ध भारत का निर्माण कर सकेंगे।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में 'मदर्स डे' बड़े उत्साह से मनयाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने दीप प्रज्वल्लित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने मातृशक्ति के सम्मान में अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। जिनमें 'करो मात-पिता, गुरू, प्रभु चरणों में , 'चंदा है तू' 'तु कितनी अच्छी है' आदि गीतों पर शानदार नृत्य का आयोजन किया। इसके अलावा गीतों, कविताओं एवं भाषण के द्वारा भी बच्चों ने अपने उद्गारों को प्रकट किया




तथा बच्चों ने कार्ड मेकिंग व पोस्टर मेकिंग आदि गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मां की ममता जीवन की अनमोल निधि है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्या डा. प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों को मदर्स डे की बधाईयां दीं तथा शिक्षकों व बच्चों द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में मनाया क्रांति दिवस




**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति से ओतप्रोत लघु नाटिका के रूप में क्रांति का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों ने मेरठ की गौरव गाथा के सुंदर दृश्यों को दर्शाकर प्रारम्भ किया।

इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर उत्सापूर्वक भाग लिया। क्रांति क इस दृष्टांत में सभी नेशनल हिरोज के वेश में सुसज्जित होकर अपने अमर क्रान्तिकारियों को याद करते हुए अपनी भावनाओं को उजागर कर मेरठ के गौरव की गाथा को सुंदर लघु नाटिका का रूप देकर प्रस्तुत किया। आजादी के लिए क्रांति की चिंगारी लगाने वाले हिरोज एवं समय-समय पर हुई घटनाओं को बहुत ही संदुर ढंग से पेश किया। 10 मई 1857 की क्रांति की चिंगारी को याद कर स्लोगन भी बोले जिसने सभी के मन को जोश से भर दिया। वही बच्चों ने धन सिंह कोतवाल के बलिदान को भी याद किया तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई किस तरह अंगजों से अपने देश को आजाद कराने के लिए मैदान में टूट पड़ी थीं इन सभी घटनाओं को एक सुंदर नाट्य रूपांतर का रूप भी दिया गया। नैनिका, तेगरूप, गर्वित एवं भास्कर ने कार्यक्रम का संचालन अपने शिक्षकों के संरक्षण में बहुत ही सुंदर रूप से किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने नन्हें मुन्ने बच्चों को क्रान्ति दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा क्रान्तिवीरों को जन्म देने वाली इस भूमि भारत माता पर हमें गर्व है।

## सार संक्षेप

### शोभित विवि में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस आयोजित

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, नवाचार और बौद्धिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय तथा मानविकी, भौतिक एवं गणितीय विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम ष्विकसित भारत हेतु विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना रही, जो विवि की प्रत्येक गतिविधि में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद पत्र प्रेषित कर उन्हें विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### क्रांति दिवस पर भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**मवाना।** ए.एस. इंटर कॉलेज मवाना में क्रांति दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अमर शहीदों को सलामी दी उसके उपरांत भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार प्रस्तुत किया उसके उपंरात निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने बताया कि हमें अमर शहीदों के त्याग को कभी भूलना नहीं चाहिए आज भी हमारी सेना पाकिस्तान को लगातार मुंहतोड़ जवाब दे रही है भारतीय सैनिकों के साहस के कारण हम अपने घरों में सुरक्षित रूप से रह रहे हैं हम अपनी भारतीय सेना पर गर्व महसूस करते हैं जो विषम परिस्थितियों में हमारे लिए अपने सीने पर गोली खाने के लिए तैयार रहती है तथा हमारी रक्षा करती है आज के कार्यक्रम में चीफ प्राक्टर कृष्ण चंद, मीनाक्षी, विभा जैन एवं कोर्डिनेटर अन्जू सिंह, निष्ठा, निपेंद्र कुमार भटनागर, मोहित कुमार, श्रवण कुमार, राजीव कुमार, ब्रजेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

### लोक अदालत में हुआ मामलों का निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नीरज कुमार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में जिला न्यायालय से तहसील न्यायालयो तक राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित कर किया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश जमशेद अली एवं अन्य अधिकारी बार महासचिव कुंवर सिंह यादव एवं अधिवक्तागढ़ वादकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रेम प्रसंग में उलझी युवक की मौत, थाने में हंगामा

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र में गत रात उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ग्राम नगला चाहर निवासी अनिल कुमार अपने 24 वर्षीय पुत्र शिवा राजपूत का शव पिकअप वाहन से लेकर थाने पहुंचे और आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या पड़ोसी गांव कोरीखेड़ा के कुछ युवकों ने प्रेम प्रसंग के चलते की है। अनिल कुमार के अनुसार उनके पुत्र शिवा को 7 मई की शाम गांव कोरीखेड़ा के गया प्रसाद, प्रांशु, राजू और सालूक ने मारा पीटा था।

## भव्य अंतर सदनीय कविता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। पल्लवपुरम स्थित पब्लिक स्कूल में महान कवि, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य अंतर सदनीय हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को काव्य-संवेदनशीलता, भाषिक अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास रहा। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 के, प्रत्येक सदन शास्त्री सदन, गांधी सदन, नेहरू सदन और टैगोर सदन से दो-दो प्रतिभागियों ने भाग लिया और गुरुदेव टैगोर के जीवन, रचनाओं एवं विचारों से प्रेरित रचनाएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से टैगोर जी के आदर्शों और दर्शन को स्वर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में चारु मैम और अन्नू मैम ने अपनी विशेषज्ञता से प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता का परिणाम कार्यक्रम के अंत में घोषित किया गया, जिसमें श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को सम्मानित किया गया।

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। शनिवार को क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मेरठ एवं जिला प्रशासन मेरठ के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मेरठ पुलिस लाईन के मनोरंजन हॉल में किया गया। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष ध् जिलाधिकारी मेरठ एवं मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शिविर का फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, रेडक्रास सोसायटी, वाईस चेयरमैन डॉ. प्रदीप बंसल, प्रभारी चिकित्साधिकारी पुलिस लाईन डॉ. अंकुर एवं पुलिस के जवानो द्वारा कुल 54 व्यक्तियों रक्तदान किया गया।

### क्रांति दिवस के पर निकाली प्रभात फेरी

**मेरठ।** जिला प्रशासन के सहयोग से क्रांति दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई जो गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्ना हुई। शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा संग्रहालय में 1857 की क्रांति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन या अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन अवश्य करें व इस संबंध में लोगों को जागरूक करें। शहीद स्मारक पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एडीएम सिटी बृजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, डीआईओएस राजेश कुमार सहित गणमान्य नागरिक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दलित महिलाओं से मारपीट का मामला गर्माया

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी, सपा विधायक अतुल प्रधान, सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, बसपा जिला अध्यक्ष सुभाष प्रधान, बसपा वरिष्ठ नेता शहां जहां सैफी के नेतृत्व में विगत सात मई थाना इंचोली पुलिस द्वारा कस्बा लावड़ में रहने वाली दलित महिलाओं के साथ की गई मारपीट के मामले में पीड़ित महिलाओं को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे। गौरव भाटी ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में दलित महिलाओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की। सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि अगर पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिला तो पूरा विपक्ष संयुक्त रूप से आंदोलन करेगा। एसपी कार्यालय पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे सय्यद आमिर रजा, राकेश कुशवाहा, जुबैर कुरैशी, कामेश रतन आदि मौजूद रहे।



### समर्थन में उतरे राजनीतिक दल

## डीएवी में आनंद और उल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस




**हापुड़,**10 मई (देशबन्धु)। डीए वी पब्लिक स्कूल हापुड़ में मातृ दिवस बड़े ही आनंद और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रांगण में माताओं के स्वागत के पश्चात मातृ दिवस पर कक्षा दूसरी तक के सभी विद्यार्थियों के द्वारा अपनी माताओं के लिए समर्पित नृत्य प्रस्तुत कर सभी आमंत्रित माताओं का मन मोह लिया था। उनके लिए विभिन्न खेल क्रीड़ाओं का भी आयोजन किया गया। बच्चे की प्रथम गुरु माता ही बालों में संस्कार का बीज रोपण करती है, अनुशासन, बड़ों का सम्मान करना जीवन के प्रति उत्साह का संचार भी माता के घ्द्वारा ही किया जाता है तभी तो भारत की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि ऐसी ही माताओं के शौर्य और पराक्रम से आज भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। माताओं के लिए नृत्य तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें अलग- अलग प्रतियोगिताओं में माग लेकर अपने बर्चा के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया कि उत्तरदायित्व निभाने के साथ वे जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी रहती हैं। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया दीपा त्यागी, द्वितीय स्थान भारती उप्रेती ने प्राप्त किए। अन्य सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रैम्प वॉक में प्रथम सोनी भारत दुद्वितीय रिंकी शर्मा तथा कुसुम लता, तृतीय स्थान नेहा शर्मा ने प्राप्त किया। अंत में प्रधानाचार्य डा. विनीत त्यागी के द्वारा सभी माताओं का आभार किया गया। विजयी रही माताओं को पुरस्कृत किया गया।

## मीडिया व रंगमंच एक दूसरे के साथ जुड़ाव की खोज

**मेरठ,** 10 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि, मेरठ के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग द्वारा मीडिया और रंगमंच एक दूसरे के साथ जुड़ाव की खोज विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में प्रोफेसर दानिश इकबाल, ए.के.जे. एम.सी.आर.सी., जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली को आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया और रंगमंच के बीच का संबंध बहुआयामी और गतिशील है, जिसमें ये परस्पर एक- दूसरे को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करते है। उन्होंने रंगमंच का मीडिया पर प्रभाव के बारे में बोलते हुए कहा कि रंगमंच की समृद्ध कहानी कहने की परंपरा ने मीडिया प्रारूपों जैसे फिल्म और टेलीविजन को प्रेरित किया है। साथ ही रंगमंच का प्रदर्शन और लाइव बातचीत पर जोर देने से मीडिया के चरित्र विकास और दर्शक जुड़ाव के दृष्टिकोण को आकार मिला है।

## पीडीए समाज भाजपा सरकार में कर रहा घुटन महसूस : साजिद

**फर्रुखाबाद,** 10 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक एवं पीडीए चर्चा चौपाल का आयोजन सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के सिरमौरा बांगर आवास पर आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने भाजपा के द्वारा समाज में जहर घोलने की बात कही, और अल्पसंख्यक सभा को आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कड़ी मेहनत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में जिला सचिव विजेंद्र सिंह यादव प्रधान की उपस्थिति रही, इसी क्रम में सपा बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने सबको साथ लेकर 27 के मिशन को हर हाल में सफल बनाने की अपील करते हुए जुट जाने की बात कही। कार्यक्रम में जिला महासचिव



मुजाहिद अंसारी, महानगर अध्यक्ष कमल हसन, जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, जाहर सिंह यादव प्रधान, नगर अध्यक्ष सपा अश्विनी यादव, मुशीर खान विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर, बली मोहम्मद सदर आला हजरत कमेटी, सलमान पठान नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, दीपक बौद्ध जिला सचिव, अनीश, फारूक अली, नासिर खान, श्री कृष्णा गौतम, आशू यादव, शरीफ खान, एहसान खान, मोईन खान, नसरुद्दीन खान, शादाब नगर सचिव, उपाध्यक्ष आफताब, हनीफ खान, शाकिर सिद्दीकी आदि की उपस्थिति रही।

**आयोजन** *मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग में गरिमामयी अलंकरण समारोह सम्पन्न*

# विद्यार्थियों को जीवन के व्यावहारिक पक्षों व नेतृत्व की गहराइयों से कराया अवगत

**मेरठ, 10 मई (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल (मेन विंग) में नवनिर्वाचित अनुशासन समिति के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराने हेतु एक भव्य और गरिमामयी अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया न होकर, विद्यार्थियों में नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और आत्मविश्वास के भाव को जाग्रत करने का प्रेरणास्त्रोत बन गया। इस अवसर की विशेष शोभा बनी बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान की उपस्थिति, जो समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनका सान्निध्य समारोह को एक नई ऊँचाई पर ले गया, साथ ही विद्यार्थियों को जीवन के व्यावहारिक पक्षों और नेतृत्व की गहराइयों से अवगत कराया।**

### नवाचार, नेतृत्व व अनुशासन का मना उत्सव

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और गणमान्य अतिथियों के सौजन्य स्वागत से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह का वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवमय बना दिया। इसके बाद समारोह का प्रमुख भाग आरंभ हुआ, जिसमें विद्यालय की अनुशासन समिति के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके पदों की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से मशाल प्रज्वलित की गई, जो ज्ञान, प्रेरणा और प्रतिबद्धता की प्रतीक थी। समारोह में जूनियर हेड गर्ल व हेड बॉय द्वारा दिए गए प्रेरक भाषणों ने श्रोताओं को यह समझाया कि अनुशासन केवल एक नियम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करती है। कार्यक्रम का अगला आकर्षण बना नृत्य प्रस्तुति दृ जिसमें विद्यार्थियों ने संगीत की ताल पर लयबद्ध व अनुशासित प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रस्तुति केवल कला का उदाहरण नहीं थी, बल्कि विद्यार्थियों में टीम वर्क और अनुशासन के सामंजस्य को भी दर्शा रही थी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राजकुमार सांगवान ने विद्यार्थियों की अनुशासनप्रियता, नेतृत्व कौशल और विद्यालय के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार है। उन्होंने विद्यालय द्वारा छात्रों को बहुआयामी मंच प्रदान करने की सराहना की। विद्यालय के निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि विद्यालय जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के कौशल, नेतृत्व और सामर्थ्य के निर्माण की आधारशिला होता है। उन्होंने छात्रों को मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से संतुलित रहते हुए हर परिस्थिति का डटकर सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और राष्ट्रगान के साथ इस भव्य समारोह का समापन हुआ। यह अलंकरण समारोह विद्यालय के उन मूल्यों को उजागर करता है जो विद्यार्थियों को नैतिकता, नेतृत्व और दायित्वबोध से सज्जित कर समाज के सशक्त स्तंभ के रूप में गढ़ने का कार्य करता है।




### इन प्रतिनिधियों को उनके पदों की दिलाई गई शपथ

हेड बॉय उदय पाराशर, हेड गर्ल स्तुति कौशिक, स्कूल कैप्टेन बॉय शिवम, स्कूल कैप्टेन गर्ल, ईशा सैनी, स्कूल कैप्टेन बॉय विशेष। स्कूल कैप्टेन गर्ल कशिश, कल्चरल हेड लावण्या, एडिटर इंग्लिश पार्थ, एडिटर हिंदी यशवंत, वाईस हेड बॉय अंश अरोरा, वाईस हेड गर्ल पीहू राणा, वाईस स्कूल कैप्टेन बॉय अहम् यादव, वाईस स्कूल कैप्टेन गर्ल आस्था राज, वाईस स्कूल कैप्टेन बॉय अमृतांश, वाईस स्कूल कैप्टेन गर्ल आकांक्षा राज, वाईस कल्चरल हेड एकता, डिप्टी हेड बॉय प्रणव, डिप्टी हेड गर्ल टिया गौर, अस्सिस्टेंट हेड बॉय वासु जुल्का, अस्सिस्टेंट हेड गर्ल एनी त्यागी, जूनियर हेड बॉय अविराज, जूनियर हेड गर्ल जिया चौधरी, जूनियर वाईस हेड बॉय आरव तालियानं, जूनियर वाईस हेड गर्ल कीर्ति मलिक, जूनियर डिप्टी हेड बॉय पार्थ शर्मा , जूनियर डिप्टी हेड गर्ल विदुषी सिंह।

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 11 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## शादी में हमने कोई रस्म नहीं की : राजकुमार राव

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में है। फिल्म की कहानी शादी और टाइम लूप के इर्द-गिर्द घूमती है। एक्टर ने कहानी के इस एंगल को अपनी असल जिंदगी से जोड़ते हुए बताया कि दोनों ने शादी की रस्मों से इतर पार्टी को तवज्जो दी थी। जब राजकुमार राव से पूछा कि वह शादी की कौन-सी रस्म को बार-बार दोहराना चाहेंगे, तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि उनकी शादी में पारंपरिक रस्में जैसे संगीत या हल्दी नहीं निभाई गई थीं। उन्होंने कहा कि मेरी शादी में, हमने संगीत या हल्दी जैसी रस्में नहीं कीं। हमने बस पार्टियां कीं, पहले दिन, दिन में एक पार्टी हुई, फिर उसी दिन रात में एक और पार्टी हुई। इसके बाद अगला दिन शादी का था और उसी रात को फिर से पार्टी हुई।

# अच्छा है 'फलों का राजा आम'

## गर्मियों में आम खाने से मन प्रसन्न, तंदुरुस्त रहता है शरीर

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। चिलचिलाती धूप, तपन और लू के बीच गर्मी के मौसम में 'आम' राहत भरा नाम है। गर्मी के मौसम में दिन हो या रात, लंगड़ा, दसहरी, चौसा मीठे-मीठे 'फलों के राजा' का बोलबाला रहता है। स्वाद से परे, आम में खूब पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। रोजाना एक आम खाने से उदासी दूर होती है। ऐसा आयुर्वेद भी कहता है और न्यूट्रिशनिस्ट भी।

- लंगड़ा, दसहरी, चौसा मीठे-मीठे 'फलों के राजा' का बोलबाला
- विटामिन ए, सी, ई, कॉपर, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक जैसे पोषक तत्व

आम से मधुमेह नहीं होता और इससे रक्त शर्करा बढ़ने का खतरा नहीं होता। अमेरिकन डायबिटिक एसोसिएशन भी मौसम के हिसाब से आम खाने की सलाह देता है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने इसे लेकर सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दिलचस्प फैक्ट्स शेयर किए हैं। वह बताती हैं कि आम को लेकर कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए।

मिथ और फैक्ट्स के बीच का अंतर बताती हैं। उनके मुताबिक, गर्मी के मौसम में आम से परहेज नहीं करना चाहिए। जो मिथ है, उसे दरकिनार करना चाहिए। आम से मधुमेह नहीं होता, मोटापा नहीं होता और चेहरे पर दाने भी नहीं निकलते हैं।

दिवेकर के मुताबिक, आम खाने से पहले एहतियात बरतनी चाहिए। आम को खाने से पहले कम से कम आधे घंटे के लिए ठंडे पानी में भिगोना चाहिए, जिससे उसकी गर्मी निकल जाती है।

स्वाद से भरपूर 'फलों के राजा' आम में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, पॉलीफेनॉल भरपूर मात्रा में होता है। इसमें विटामिन ए, सी, ई, कॉपर, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, आयरन, जिंक भी पाए जाते हैं।

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, आम की जीआई वैल्यू 51 + 5 के बीच होती है और 55 से कम इंडेक्स वाले फलों को मधुमेह के मरीजों के लिए सुरक्षित माना जाता है। जानकारी के अनुसार आम में प्रोटीन नहीं पाया जाता है, इसलिए यह शरीर में शुगर को तेजी से बढ़ने से रोकता है। आम को बादाम के साथ खाना फायदेमंद होता है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि आम में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। रोजाना आम खाने से आंत के बैक्टीरिया नियंत्रण में रहते हैं। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।



# योग व प्राणायाम में होता है अंतर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। आमतौर पर हम योग और प्राणायाम को एक लड़ी में पिरो देते हैं। मतलब योग को ही प्राणायाम कह देते हैं लेकिन इनमें बारीक सा अंतर होता है। कह सकते हैं कि एक सिक्के के दो पहलू हैं ये।

बिजी शेड्यूल में लोग ज्यादा समय शरीर को स्ट्रेच करने की बजाय चुपचाप बैठकर श्वसन क्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हैं और यही प्राणायाम है। संस्कृत शब्द 'प्राण' और 'आयाम' से लिया गया है। दोनों शब्द संस्कृत मूल के हैं। प्राण का अर्थ होता है श्वसन या सांस तो वहीं आयाम का अर्थ 'नियंत्रण' है। तो इसलिए प्राणायाम का अर्थ है सांस लेने का नियमन।

योग एक शारीरिक व्यायाम है जिसमें प्रवाह के क्रम से जुड़े आसन शामिल हैं। योग का शाब्दिक अर्थ- जुड़ना या जोड़ना होता है। योग आमतौर पर सांस लेने के व्यायाम संग होता है। इसका समापन विश्राम, लेटने और ध्यान से होता है। वहीं, प्राणायाम श्वास पर ध्यान केंद्रित करने के योग अभ्यास को दर्शाता है। प्राणायाम का मूल अर्थ जीवन ऊर्जा को ऊपर उठाना है। ये प्रमुख हिन्दू धार्मिक ग्रंथों में अपना स्थान पाता है, जिसमें भगवद गीता और पतंजलि के योगसूत्र भी शामिल हैं। प्राणायाम अपना स्थान हठ योग ग्रंथों में भी पाता है। योग एक प्रकार का व्यायाम है, जो शरीर को लचीला बनाने का काम करता है। प्राणायाम से पहले योग किया जाता है, जिससे प्राणायाम सही प्रकार से किया जा सकता है। पतंजलि के योगसूत्र बताते हैं कि योग अस्थमा जैसी बीमारियों को रोकने या उनसे पार पाने में कारगर है तो वहीं, प्राणायाम हृदय गति और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। अब बात इनके फायदों की। एक से शरीर लचीला बनाता है तो दूजे से मन-मस्तिष्क को सुकून मिलता है। अतिरिक्त चर्बी को कम करने में योग का कोई सानी नहीं, वहीं प्राणायाम कफ विकार को भी कम करता है। योग शरीर का तो प्राणायाम दिल का ख्याल रखता है। एक बात जो दोनों में समान है वो ये कि दोनों ही इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।




**एक का संबंध शारीरिक व्यायाम से तो दूसरे का मन से**

# तलाक के बाद इन बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने दिखाई सिंगल मदर की ताकत



**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। मां का प्यार दुनिया में सबसे खास होता है। वह अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकती है। मदर्स डे हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है, ताकि हम अपनी मां को शुक्रिया कह सकें। बॉलीवुड में कई ऐसी माएं हैं, जो अपने पति से अलग रहकर सालों से अपने बच्चों की परवरिश अकेले कर रहीं हैं। उन्होंने ना सिर्फ एक मां का फर्ज निभा रही हैं, बल्कि बाप की जिम्मेदारी भी बेहतरीन तरीके से उठा रही हैं।

**करिश्मा कपूर :** करिश्मा कपूर न सिर्फ बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, बल्कि एक मजबूत और प्रेरणादायक सिंगल मदर भी हैं।



# मेरी हिम्मत है मां, उन्होंने कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया : संदीपा धर

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। 11 मई को मदर्स डे है। इस मौके पर अभिनेत्री संदीपा धर ने अपनी मां सुषमा धर के प्रति प्रेम का इजहार किया। उन्होंने बताया कि वो आज जो कुछ भी हैं, उसके पीछे मां का ही हाथ है। संदीपा ने बताया कि मां ने उन्हें और उनके परिवार को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। संदीपा ने बताया कि उनकी मां ने कश्मीर को छोड़कर एक नई जगह पर जिंदगी को नए सिरे से शुरू किया। संदीपा ने बताया कि उनके पास कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं था, आसपास कोई जाना-पहचाना चेहरा नहीं था, लेकिन उनके पास हिम्मत थी। उन्होंने पापा के साथ मिलकर जिंदगी की नई शुरुआत की और हमें कभी परेशानियों का एहसास तक नहीं होने दिया।

बेहतरीन अभिनेत्री और प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में मशहूर संदीपा अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को देती हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ सफर करना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है। उनका ह्यूमर, हर नई चीज को अपनाने का जज्बा, और 'ना' न कहने वाला स्वभाव, हर परिस्थिति में सकारात्मक रहने का स्वभाव, हर लम्हे को यादगार बना देता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपनी मां से कड़ी मेहनत करने की आदत विरासत में मिली है। धर ने बताया, उन्होंने मुझे सिखाया कि सच्ची ताकत का मतलब सिर्फ मजबूती से खड़ा होना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए सहानुभूति रखना भी है। आज जो संवेदनशीलता और दूसरों के लिए सम्मान मेरे अंदर है, वो सब उन्हीं से मिला है। संदीपा ने साल 2010 में आई फिल्म 'इसी लाइफ में' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

# पैरा ओलंपिक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया (PCI) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय में माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, कोयंबटूर से विधायक और PCI की मुख्य संरक्षक श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन ने किया। इस बैठक का आयोजन सितंबर-अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में प्रस्तावित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया था। इस दौरान वनाथी श्रीनिवासन के साथ PCI अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, मुख्य कोच सत्यनारायण, निदेशक सत्यबाबू और नई दिल्ली 2025 चैंपियनशिप के संयुक्त सचिव किरुबाकरार राजू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और समर्थन प्रदान किया जाएगा।



# इलैयाराजा राष्ट्रीय रक्षा कोष में संगीत कार्यक्रम की फीस व एक महीने का वेतन देंगे

चेन्नई, 10 मई (एजेंसियां)। देश के मशहूर संगीत निर्देशक और सांसद इलैयाराजा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि वह अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन राष्ट्रीय रक्षा कोष में देंगे। शनिवार को एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि इस साल मैंने अपनी पहली सिम्फनी रिकॉर्ड की है जिसका नाम 'वैलिएंट' रखा है। हमारे लिए मई का महीना काफी भारी रहा, पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। जवाबी कार्रवाई के लिए सीमा पर सेना बहादुरी, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे बहादुर, दुश्मनों को उनके घुटनों पर ला देंगे।

क्रांतिकारी कवि सुब्रमण्यम भरथियार की एक प्रसिद्ध कविता के छंदों का उल्लेख करते हुए संगीत निर्देशक ने कहा कि एक गौरवशाली भारतीय और एक सांसद के रूप में मैंने आतंकवाद को मिटाने और हमारी सीमाओं और लोगों की सुरक्षा के लिए देश के बहादुर नायकों के 'वीरतापूर्ण' प्रयासों के लिए 'राष्ट्रीय रक्षा कोष' में अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन देने का फैसला लिया है। जय हिंद।' इलैयाराजा की यह घोषणा भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर आई है, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया गया।

इससे पहले उन्होंने घोषणा कर बताया था कि लंदन के इवेंटिम अपोलो थिएटर में अपनी पहली वेस्टर्न क्लासिकल सिम्फनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि इलैयाराजा के साथ इसमें विश्व प्रसिद्ध रॉयल फिलहारमोनिक कॉन्सर्ट ऑर्केस्ट्रा भी शामिल होगा।

इस अवसर पर इलैयाराजा लोकप्रिय गीतों के विशेष ऑर्केस्ट्रा वर्जन को प्रस्तुत करेंगे। निर्माताओं ने एक नया वीडियो जारी किया था, जिसमें इलैयाराजा की पहली अंग्रेजी शास्त्रीय सिम्फनी वैलिएंट के निर्माण की झलक दिखाई गई थी।

सिम्फनी को रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा में रिकॉर्ड किया गया था। पोस्ट किए गए वीडियो क्लिप में इलैयाराजा रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा के संगीतकारों से बात करते दिखाई दिए।

# एलओसी पर पाक गोलाबारी के बीच जिन्दगी

- जो घर बनाने में जिन्दगी लग गई, वह पलक झपकते ही तबाह हो गया



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 10 मई (देशबन्धु)। यह कथाएं सिर्फ एक उस सीमांतवासी की नहीं है जो दोनों मुल्कों के बीच की तल्खी के बीच घरों से बेघर होने को मजबूर हो रहे हैं। करीब 22 सालों तक सीजफायर का आनंद उठाने वाले एलओसी पर रहने वालों के लिए पिछले तीन दिन भयानक दुस्वपन की तरह है जिसमें उन्होंने अपने घरों और पशुधन को पलभर में मिट्टी में मिलते देखा है। अपने घर के मलबे के बीच खड़े एक सीमावासी का कहना था कि हमारे घर बनाने में पूरी जिंदगी लग गई और अब हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है। कुपवाड़ा के केरन और चौकीबल सेक्टर भी गोलाबारी की मार झेल रहे हैं। हालांकि इन इलाकों से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति को बहुत नुकसान हुआ है। बचाव दल द्वारा उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाते समय एक ग्रामीण ने आंसू बहाते हुए कहा था कि हम इसके लिए नहीं बने हैं - हम शांतिपूर्ण जीवन चाहते हैं। अधिकारियों ने बारामुल्ला, कुपवाड़ा और पुंछ में लोगों को निकालने के प्रयास तेजी से शुरू किए और सरकार ने प्रभावित परिवारों को स्थानांतरित करने के लिए निजी स्कूलों और परिवहन आपरेटरों से बसें मंगवाई हैं।

उड़ी, बोनियार और बारामुल्ला शहर के सुरक्षित इलाकों में राहत केंद्र बनाए गए, जहां सैकड़ों लोगों ने शरण ली है। उड़ी के बदगारा निवासी फैयाज अहमद कहते थे हम डर के मारे जा रहे हैं। सरकार हमें समायोजित कर रही है, लेकिन हमारा दिल हमारे घरों के साथ है।

पूरे क्षेत्र में भय, हताशा और थकावट की भावनाएं गूंज रही थीं। उड़ी के एक अन्य निवासी के बकौल, हमें गोलाबारी की आदत हो गई है, लेकिन हम विनती करते हैं- इसे हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए। युद्ध इसका समाधान नहीं है। नागरिक मर रहे हैं, और हम इस पागलपन में अपना सब कुछ खो रहे हैं। सरकार को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और शांति के लिए वास्तविक कदम उठाने चाहिए।

इस बीच, स्थानीय लोगों ने सामुदायिक बंकरों के निर्माण की मांग को फिर से दोहराया, जिसमें बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन के बावजूद पर्याप्त दीर्घकालिक सुरक्षा उपाय प्रदान करने में बार-बार विफलता का हवाला दिया गया। कुपवाड़ा में एक विस्थापित ग्रामीण कहते थे कि जब गोलीबारी शुरू होती है तो हमारे पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होती। बंकर ही वह न्यूनतम चीज है जिसके हम हकदार हैं। पुंछ में, जहां पिछले कुछ दिनों में भारी गोलाबारी हुई थी, इस सप्ताह की शुरुआत में हताहतों की सूचना मिली थी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित गांवों का दौरा किया और स्थिति को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा था कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। हम राहत, सहायता और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।



## पाकिस्तान ने 1999 में करगिल के लिए शुरू किया था ऑप्रेशन बदर

**जम्मू।** यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि पाक सेनाध्यक्ष मुल्ला जनरल आसिम मुनीर ने आपरेशन सिंदूर के खिलाफ 'बुनयान अल मरसूस' का ऐलान कर पाकिस्तान को खतरे में डाल दिया है। कहने को तो ये भारत के खिलाफ है लेकिन अंजाम पाकिस्तान की आवाम को भुगतना होगा। मुल्ला जनरल ने कुछ दिनों पहले इस्लामाबाद में दी तकरीर के मुताबिक ही इस आपरेशन का नाम रखा है।

इस्लाम में बुनयान अल मरसूस काफी अहम मायने रखता है। कुरान के सुरा 61-4 में इसका जिक्र है जिसका मतलब है -अल्लाह उन सब लोगों से मोहब्बत करता है जो अपने हक के लिए लड़ते हैं। बुनयान का मतलब है इमारत। मरसूस का मतलब है मजबूत। बुनयान अल मरसूस यानी एक ऐसी इमारत को दर्शाता है जो बहुत मजबूत और एकजुट है पाकिस्तान का आर्मी चीफ अल कायदा या आईएसआईएस चीफ की तरह इसे मुसलमानों की एकता और ताकत का प्रतीक जता रहा है। हालांकि उसको नहीं मालूम कि पड़ोसी तालिबान भी पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के मसले पर उसके साथ नहीं है।

**इस्लाम में बुनयान का मतलब है इमारत। मरसूस का मतलब है मजबूत**

जनरल आसिम मुनीर ने 10 मई 2025 की अहले सुबह बुनयान अल मरसूस शुरू किया। उसका दावा है कि इसके तहत पाक एयर फोर्स ने पठानकोट, उधमपुर एयरबेस पर हमला किया है। हालांकि हमारे सारे एयरबेस महफूज हैं। हां ये जरूर है कि पाकिस्तानी आर्मी रिहायशी इलाकों पर निशाना बना रहा है। पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन से पहले भी भारत के खिलाफ कई आपरेशन चलाए जिसका अंजाम उसके लिए बहुत बुरा हुआ।

1965 में आप्रेशन जिब्रालटर और फिर करगिल युद्ध के दौरान जो आप्रेशन पाकिस्तान ने शुरू किया था उसका नाम बदर रखा गया था। वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान शुरू हुआ ऑप्रेशन बदर किस अंजाम पर पहुंचा, यह पाकिस्तानी सैनिकों की उन लाशों को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है जिन्हें पाकिस्तान ने वापस लेने से इंकार कर दिया था और उन्हें करगिल की चोटियों में ही दफन कर दिया गया था। पाकिस्तान ने करगिल में ऊंची चोटियों पर कब्जा किया। इसका मकसद लद्दाख का रास्ता काटना था। भारत ने आपरेशन विजय से जवाब दिया। पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा। पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई लेकिन उसने पहले अपनी भूमिका से इनकार किया।



# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.90 प्रतिशत |
| एलटी | 3.77 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.39 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.02 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.16 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.70 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.93 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# देश में खाने-पीने की चीजों का पर्याप्त स्टॉक : जोशी

**■ सरकार ने दी खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह**

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह नागरिकों को दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में जरूरी वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्य सामग्री खरीदने के लिए बाजार में दौड़ लगाएं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भरोसा दिलाया है कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चावल का मौजूदा स्टॉक 135 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 356.42 लाख मीट्रिक टन है। इसी तरह, गेहूं का स्टॉक 276 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 383.32 लाख मीट्रिक टन है, जो जरूरत से कहीं ज्यादा है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है, चाहे वह चावल हो, गेहूं हो या चना, अरहर, मसूर या मूंग



**मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है : प्रल्हाद जोशी**

जैसी दालें हों। इसकी कोई कमी नहीं है और नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भागदौड़ करें। इसके अलावा, भारत के पास वर्तमान में लगभग 17 लाख मीट्रिक टन खाद्य तेल का स्टॉक है। घरेलू स्तर पर, सरसों के तेल की उपलब्धता चालू पीक उत्पादन सीजन के दौरान पर्याप्त है, जो खाद्य तेल की सप्लाई को और बढ़ा रहा है। चालू शुगर सीजन की शुरुआत 79 लाख मीट्रिक टन के कैरी-ओवर स्टॉक के साथ हुई। इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख मीट्रिक टन के डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन 262 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। अब तक, लगभग 257 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। 280 लाख मीट्रिक टन की घरेलू खपत और 10 लाख मीट्रिक टन के निर्यात को ध्यान में रखते हुए, समापन स्टॉक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है, जो दो महीने की खपत से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुकूल जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए 2025-26 शुगर सीजन के लिए उत्पादन का पूर्वानुमान भी आशाजनक है।

## देश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मौजूद : इंडियन ऑयल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच देश की सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल ने कहा कि देश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी मौजूद है और घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी न करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सरकारी तेल विपणन कंपनी ने लिखा कि इंडियन ऑयल आपको यह आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं और सभी रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं। पोस्ट में आगे लिखा कि हम आपसे निवेदन करते हैं कि घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ से बचकर, हम सभी मिलकर आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रख सकते हैं, जिससे सभी के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही लिखा कि आपका सहयोग हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।




22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जवाब देते हुए 7 मई को भारतीय सेना की ओर से आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव है। इसके जवाब में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई 2025 की मध्यरात्रि पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए हैं। पाक सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर भी बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन किया है।

## भारत के रिटेल सेक्टर में 2025 की पहली तिमाही में 169 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई,** 10 मई (एजेंसियां)। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय रिटेल सेक्टर में सालाना आधार पर 169 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रमुख महानगरों में नए रिटेल स्टोर खोलने की मजबूत गति जारी रही।

जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रिटेल सेक्टर में ग्रॉस लीजिंग एक्टिविटी को लेकर तिमाही आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। टॉप सात शहरों में रिटेल स्पेस की मांग में निरंतर वृद्धि जारी रही, वहीं नए रिटेल स्पेस का निर्माण भी एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान टॉप सात शहरों में शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट में रिटेल विक्रेताओं ने 3.1 मिलियन वर्ग फुट लीज पर दिए। वर्ष के पहले तीन महीनों में सप्लाई फ्रंट पर 2 मिलियन वर्ग फीट के नए रिटेल स्पेस जोड़े गए। लीजिंग वॉल्यूम के भौगोलिक प्रसार को लेकर बेंगलुरु और हैदराबाद ने मिलकर भारत की कुल लीजिंग गतिविधि का 60 प्रतिशत हिस्सा लिया।



**■ प्रमुख महानगरों में नए रिटेल स्टोर खोलने की गति जारी रही**

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन दोनों शहरों की प्रमुख सड़कों पर उपनगरीय सूक्ष्म बाजारों में वाइब्रेंट लीजिंग देखी गई, जिसमें दैनिक जरूरतों और किराने, खाद्य और पेय पदार्थ और फैशन और परिधान जैसे रिटेलर कैटेगरी से बड़े स्टोर आकार की जरूरतें सामने आईं।

रिटेलर कैटेगरी में फैशन और परिधान भारत के खुदरा परिदृश्य में सबसे आगे बने रहे। जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री, अनुसंधान और आरईआईएस भारत प्रमुख, डॉ. सामंतक दास ने कहा कि इस सेगमेंट ने 2025 की पहली तिमाही में लीजिंग एक्टिविटी में महत्वपूर्ण 31 प्रतिशत हिस्सा लिया।

## एक्मे सीकर सोलर पावर परियोजना में पहला चरण शुरू

**■ परियोजना से सालाना लगभग 780 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न होने का अनुमान**

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने राजस्थान के बीकानेर में एक्मे सीकर सोलर पावर परियोजना के 52.5 मेगावाट के पहले चरण को शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि 52.5 मेगावाट की वर्तमान कमीशनिंग 300 मेगावाट की सौर परियोजना का हिस्सा है जिसे चरणों में पूरी तरह से चालू किया जाएगा। इस उपलब्धि के साथ कंपनी की कुल परिचालन क्षमता 2,540 मेगावाट से बढ़कर 2,592.5 मेगावाट हो गई है। भारत के सबसे ऊंचे सौर विकिरण क्षेत्रों में से एक में रणनीतिक रूप से स्थित, यह भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर में 1300 एकड़ में फैली हुई है। इस परियोजना के माध्यम से प्राप्त स्वच्छ ऊर्जा को इन्वर्टर स्टेशनों पर एकत्र किया जाता है और एक समर्पित सिंगल सर्किट 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन का उपयोग करके बीकानेर-दो ग्रिड को भेजा जाता है। पीएफसी लिमिटेड के माध्यम से वित्तपोषित, इस परियोजना से इसके पूर्ण कमीशन के बाद सालाना लगभग 780 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न होने का अनुमान है।

## भारत का जीरो एमिशन ट्रकिंग पर जोर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने शून्य-उत्सर्जन ट्रकिंग के लिए भारत के प्राथमिकता वाले गलियारों पर एक रिपोर्ट जारी की है। पीएसए कार्यालय की इस रिपोर्ट में देश भर के 10 महत्वपूर्ण राजमार्ग खंडों की रूपरेखा दी गई है, जो शून्य-उत्सर्जन ट्रकों (जेडईटी) को अपनाने की सबसे अधिक संभावना पेश करते हैं, जिसका उद्देश्य क्लीन, अधिक सस्टेनेबल माल ढुलाई की दिशा में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परिवर्तन लाना है।

पीएसए के कार्यालय ने कहा कि भारत रणनीतिक रूप से इन गलियारों को लक्षित कर, प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती बढ़ाते हुए शून्य-उत्सर्जन माल ढुलाई क्षेत्र में अपने परिवर्तन को तेज कर सकता है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर जीरो एमिशन ट्रकिंग आईआईटी मद्रास, रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट और नॉलेज



**■ प्राथमिकता वाले गलियारों को लेकर रिपोर्ट जारी**

पार्टनर्स के सहयोग से विकसित की गई इस रिपोर्ट को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने जारी किया। रिपोर्ट में दी गई जानकारी से चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और रेगुलेटरी सपोर्ट मैकेनिज्म में भविष्य के निवेश का मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। भारत में शून्य-उत्सर्जन ट्रकिंग (जेडईटी) के लिए टॉप 10 गलियारों की पहचान तीन चरण की प्रक्रिया के माध्यम से की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में ईंधन की खपत और परिवहन उत्सर्जन का लगभग 40 प्रतिशत लंबी दूरी के ट्रकों से उत्पन्न होता है। परिणामस्वरूप, जेडईटी को अपनाना लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने, वायु प्रदूषण को कम करने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में टॉप 10 उच्च-प्रभाव वाले गलियारों की पहचान की गई है, जो शुरुआती जेडईटी डेप्लोयमेंट के लिए सबसे उपयुक्त हैं, जो एक डेडिकेटेड नेशनल जेडईटी इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क के लिए आधार तैयार करते हैं। रिपोर्ट के तहत महत्वपूर्ण विश्लेषण न केवल इस बदलाव को और बढ़ावा देगा बल्कि नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के लोगों के लिए तीन-भाग वाले गलियारे की पहचान प्रक्रिया में व्यापक अंतर्दृष्टि के साथ एक रणनीतिक मार्गदर्शक के रूप में भी काम करेगा।

## भारतीय ट्रैवल कंपनियों ने तुर्किए व अजरबैजान के लिए पैकेज किए निलंबित

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए प्रमुख ट्रैवल कंपनियों ने तुर्किए और अजरबैजान को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी पैकेज निलंबित कर दिए हैं।

दोनों ही देश भारत-पाकिस्तान के इस संघर्ष में पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से समर्थन दे रहे हैं।

**■ दोनों ही देश भारत-पाकिस्तान के संघर्ष में पाकिस्तान को दे रहे समर्थन**

ईजमाईट्रिप, कॉक्स एंड किंग्स और ट्रैवोमिंट ने तुर्किए और अजरबैजान के लिए बुकिंग पर पूरी तरह रोक लगाने की घोषणा की है, जो राष्ट्रीय भावना के अनुरूप है। यह निर्णय एक व्यापक उद्योग बदलाव को दर्शाता है, जहां व्यवसाय अपने अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और राष्ट्रीय हितों पर उनके प्रभाव के बारे में तेजी से सचेत हो रहे हैं।

कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किए के लिए सभी नए यात्रा प्रस्तावों को रोकने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी



**पाकिस्तान व तुर्किए तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के कारण, हमने ट्रैवोमिंट में एक दृढ़ और जिम्मेदाराना रुख अपनाया है : आलोक के सिंह, सीईओ**

प्रतिबद्धता से प्रेरित है। उन्होंने भारतीय यात्रियों को सलाह दी कि जब तक स्थिति स्पष्ट न हो जाए, वे इन गंतव्यों से बचें।


ईजमाईट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने इन अनिश्चित समय में यात्रियों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों से हम बहुत चिंतित हैं। ईजमाईट्रिप में यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम अपने सभी ग्राहकों को सलाह देते हैं कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक सलाह की जानकारी लेते रहें। इसके तुरंत बाद ट्रैवोमिंट भी इस अभियान में शामिल हो गया।

सीईओ आलोक के. सिंह ने कंपनी के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान और तुर्किए तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के कारण, हमने ट्रैवोमिंट में एक दृढ़ और जिम्मेदाराना रुख अपनाया है। हमने तुर्किए और अजरबैजान का बहिष्कार करने के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। यह कार्रवाई तब हुई जब तुर्किए और अजरबैजान दोनों ने आतंकी ठिकानों पर भारत के जवाबी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की। अजरबैजान की सरकार ने भारत की सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त की गई और कूटनीतिक समाधान का आग्रह किया गया। इसी तरह, तुर्किए के विदेश मंत्रालय ने भारत के हवाई हमले को उकसाने वाला कदम बताया और युद्ध के जोखिम की चेतावनी दी। भारत ने पाया है कि तुर्किए निर्मित एसिसगार्ड सोंगर ड्रोन पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप ने की न्यूनतम 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि

**वाशिंगटन,** 10 मई (एजेंसियां)। अमेरिका आयायित वस्तुओं पर कम से कम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन के न्यूनतम 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि की है। हालांकि, यह कुछ देशों के लिए अपवाद की स्थिति भी हो सकती है। दक्षिण कोरिया और दूसरे देश नए अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव से बचने या उसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में देखी जा रही है, जिसमें ट्रंप से पूछा गया था कि क्या अमेरिकी निर्यात पर शून्य टैरिफ की पेशकश करने वाले देशों पर भी बेसलाइन टैरिफ प्रभावी रहेगा।

कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि आपके पास हमेशा एक बेसलाइन होगी। हालांकि, किसी बिंदु पर अपवाद हो सकता है। हम देखेंगे कि कोई हमारे लिए कुछ असाधारण करता है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह हमेशा



संभव है, लेकिन मूल रूप से, आपके पास न्यूनतम 10 प्रतिशत की बेसलाइन है और उनमें से कुछ बहुत अधिक होंगी - 40 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 60 प्रतिशत, जैसा कि वे वर्षों से हमारे साथ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चार-पांच और इससे ज्यादा व्यापार सौदे तुरंत होने वाले हैं, लेकिन उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि कौन से देश अमेरिका के साथ उन सौदों को तय करने जा रहे हैं। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को प्रभावी हो गया, जबकि ट्रंप ने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं और दूसरे संबंधित मुद्दों पर बातचीत करने की अनुमति देने के लिए दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत शुल्क सहित हाईर कंट्री-स्पेसिफिक रेसिप्रोकल टैरिफ को 8 जुलाई तक रोक दिया।

## चना गरम, अरहर दाल नरम व अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चना में तेजी रही जबकि अरहर दाल में नरमी को छोड़कर खाद्य तेल समेत शेष सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रूख देखा गया। इस दौरान चना और चना दाल 100-100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गयी जबकि अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## आईआईएफसीएल ने वित्त वर्ष 2025 में 2,165 करोड़ का रिकॉर्ड पीएटी किया दर्ज

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। सरकारी स्वामित्व वाली इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) ने वित्त वर्ष 2025 में 2,165 करोड़ रुपए का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) हासिल किया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2024 के 1,552 करोड़ रुपए से 39 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि कंपनी की प्रभावशाली वित्तीय गति को जारी रखती है, जिसमें पीएटी वित्त वर्ष 2020 में इसके प्रदर्शन की तुलना में लगभग 42 गुना बढ़ गया है।

आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.आर. जयशंकर ने परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी ने लगातार पांचवें वर्ष अपना सर्वश्रेष्ठ वार्षिक प्रदर्शन किया है। आईआईएफसीएल का प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) भी



2,776 करोड़ रुपए के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष के 2,029 करोड़ रुपए से लगभग 37 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने वर्ष के दौरान मंजूरी (सैंक्शन्स) और वितरण (डिस्बर्समेन्ट्स) दोनों में मजबूत वृद्धि दिखाई है। आईआईएफसीएल ने वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 51,124 करोड़ रुपए मंजूर किए और 28,501 करोड़ रुपए वितरित किए, जो क्रमशः सालाना आधार पर लगभग 21 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ये आंकड़े पिछले वर्ष के प्रदर्शन से आगे निकल गए, जिसमें मंजूरी में 42,309 करोड़ रुपए और वितरण में 22,356 करोड़ रुपए थे।

आईआईएफसीएल की मार्च 2025 के अंत तक संचयी मंजूरी और वितरण क्रमशः 3.06 लाख करोड़ रुपए और 1.56 लाख करोड़ रुपए थे। इनमें से लगभग 55 प्रतिशत लक्ष्य केवल पिछले पांच वर्षों में प्राप्त किए गए हैं।

कंसोलिडेटेड आधार पर संचयी मंजूरी और वितरण क्रमशः लगभग 3.53 लाख करोड़ रुपए और 1.79 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गए। आईआईएफसीएल ने अपने वित्तीय आधार को भी मजबूत किया, वित्त वर्ष 2025 में इसकी नेट वर्थ 15 प्रतिशत बढ़कर 16,395 करोड़ रुपए हो गई, जबकि एक साल पहले यह 14,266 करोड़ रुपए थी और वित्त वर्ष 2020 में 10,306 करोड़ रुपए से लगभग 59 प्रतिशत अधिक थी।

### सार संक्षेप

## मार्निंस्टार डीबीआरएस ने की भारत की रेटिंग में सुधार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल सोवेरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डोमिनियन बॉन्ड रेटिंग सर्विस (डीबीआरएस) ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को बीबीबी (निम्न) से स्थिर प्रवृत्ति के साथ बीबीबी में सुधार किया। भारत की अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी स्थिर प्रवृत्ति के साथ आर-2 (मध्यम) से बढ़ाकर आर-2 (उच्च) कर दिया गया है। उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, डिजिटलीकरण आदि के माध्यम से भारत के संरचनात्मक सुधार शामिल हैं , जिनमें से सभी ने राजकोषीय समेकन और निरंतर उच्च विकास को व्यापक आर्थिक स्थिरता (स्थिर मुद्रास्फीति, सीमाबद्ध विनिमय दर और मजबूत बाहरी संतुलन) के साथ सुगम बनाया। उच्च पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 13 साल के निचले गैर-निष्पादित ऋणों के साथ अच्छी तरह से पूंजीकृत बैंकों की विशेषता वाली एक स्थायी बैंकिंग प्रणाली उन्नयन के लिए एक और महत्वपूर्ण कारक थी।

## भारत-चिली सीईपीए पर वार्ता इसी माह से

**नई दिल्ली।** भारत और चिली ने आपस में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की बातचीत के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं और वार्ता का पहला दौर इसी माह के अंत में दिल्ली में होगा। गुरुवार को हुई इस सहमति को देनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव और भारतीय पक्ष की ओर से भारत-चिली सीईपीए के मुख्य वार्ताकार विमल आनंद ने हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों में व्यापार वार्ता का पहला दौर 26-30 मई, 2025 को नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच वर्तमान अधिमान्य व्यापार समझौता (पीटीए) को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल सेवाओं, निवेश प्रोत्साहन एवं सहयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम(एमएसएमई), महत्वपूर्ण खनिजों आदि सहित कई क्षेत्रों को शामिल करना है, जिससे आर्थिक एकीकरण और सहयोग बढ़ेगा।


## एसआईपी इनफ्लो अप्रैल में ऑल-टाइम हाई पर रहा

**मुंबई।** भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए अप्रैल का महीना ऐतिहासिक रहा। इस दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) इनफ्लो 26,632 करोड़ रुपए रहा। देश में एसआईपी निवेश का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से शुक्रवार को दी गई। एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में सक्रिय एसआईपी खातों की संख्या बढ़कर 8.38 करोड़ हो गई है, जो कि मार्च में 8.11 करोड़ थी। यह दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए से एसआईपी में निवेश कर रहे हैं।

# खेल जगत

## फ्रेंच ओपन से पहले जोकोविच ने ली जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री

**जिनेवा।** फ्रेंच ओपन से पहले फॉर्म और फिटनेस हासिल करने के प्रयास के तहत जोकोविच ने जिनेवा ओपन में खेलने के लिए वाइल्डकार्ड एंट्री ली है। पेरिस में अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहे जोकोविच ने इटैलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है। 37 वर्षीय सार्बियाई खिलाड़ी पिछले महीने मोंटे कार्लो और मैड्रिड में क्ले-कोर्ट इवेंट में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद अपने पिछले तीन मैच हार चुके हैं। छह बार के चैंपियन जोकोविच ने रोम में एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का कोई कारण नहीं बताया है। जोकोविच के लिये यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे लेकिन जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ पहला सेट हारने के बाद उन्हें चोटिल होकर बाहर होना पड़ा।



# विराट टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास

## भारत के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सबसे कामयाब कप्तान हैं विराट

■ सत्येंद्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 मई (देशबन्धु)। भारत और दुनिया के तीनों फॉर्मेट के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में अगले महीने 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की अहम क्रिकेट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को बता दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कहना चाहते हैं। सूत्रों की माने तो विराट की टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने को लेकर बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से करीब डेढ़ महीने से चर्चा चल रही थी। विराट को टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए और वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में खेले तो बेशक इस उपलब्धि को हासिल कर सकते हैं। बीसीसीआई आशा कर रहा है कि विराट कम से कम इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट खेलना जारी रखे। कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद

■ विराट को टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखने के लिए मनाने का काम भारतीय क्रिकेट की एक बड़ी शख्सियत को सौंपा गया है

शुभमन गिल के भारत की इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी संभालने की उम्मीद है। विराट कोहली का अनुभव ऐसे में नए कप्तान के बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। सूत्रों का मानना है कि बीसीसीआई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले को बदलने की बाबत उन्हें मनाने में जुटा है। विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखने के लिए मनाने का काम भारतीय क्रिकेट की एक बड़ी शख्सियत को सौंपा गया है और दोनों के बीच यह बैठक 23 मई को इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के घोषित करने की तारीख 23 मई से पहले होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीसीसीआई विराट कोहली को अपना फैसला टालने और इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने जाने के लिए मना पाती है। बीसीसीआई को उम्मीद है उसने जिस शख्स को विराट को मनाने का जिम्मा सौंपा है वह अपने इस मकसद में कामयाब रहेगा। रोहित शर्मा के हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा के बाद बीसीसीआई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत के नए कप्तान के साथ टीम की घोषणा भी करनी है। भारत के पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने से पहले इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली इंडिया ए टीम की भी एक दो दिन घोषणा की जानी है। विराट कोहली ने अपना 123 वां पिछला टेस्ट मैच इसी साल जनवरी में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें व अंतिम टेस्ट के रूप में सिडनी में खेला था और इसमें पहली पारी में उन्होंने 17 और दूसरी में छह रन बनाए और इसमें भारत को छह विकेट से हार के साथ सीरीज 1-3 से गंवानी पड़ी थी।



**विराट कोहली**

**टेस्ट में प्रदर्शन**

डेब्यू 2011

मैच 123

इनिंग्स 210

रन 9230

100/50/30/31

### रायुडू ने कोहली से टेस्ट प्रारूप में खेलना जारी रखने की अपील की



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने कथित फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। शनिवार को, आईएएनएस ने बताया कि कोहली ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण पांच मैचों की श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अपनी इच्छा बीसीसीआई को बता दी है। लेकिन बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान और टीम के सबसे अनुभवी बल्लेबाज से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था, जिसमें इंग्लैंड दौरे सहित प्रारूप में आगे महत्वपूर्ण सीरीज शामिल हैं। रायुडू का मानना है कि कोहली की बड़ी उपस्थिति के बिना टीम पहले जैसी नहीं रहेगी। रायुडू ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा, विराट कोहली, कृपया रिटायर न हों। भारतीय टीम को आपकी पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। आपके पास अभी बहुत कुछ है। आपके बिना टेस्ट क्रिकेट पहले जैसा नहीं रहेगा.. कृपया पुनर्विचार करें। भारत का इंग्लैंड का पांच मैचों का टेस्ट दौरा उनके लिए एक नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत भी है।

## खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौट आए हैं : आरसीबी ने पुष्टि की

■ आरसीबी को शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2025 का अपना मैच खेलना था



**बेंगलुरु,** 10 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौटने की पुष्टि की, साथ ही कहा कि वे सभी अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए हैं।

आरसीबी को शुक्रवार शाम को बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 का अपना मैच खेलना था। लेकिन यह मैच नहीं हो सका क्योंकि बीसीसीआई ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए रोक दिया है। फ्रेंचाइजी ने विराट कोहली, यश दयाल और जोश हेजलवुड की तस्वीरों वाले अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हमारे खिलाड़ी और विस्तारित स्टाफ सुरक्षित रूप से बेंगलुरु लौट आए हैं और अब अपने-अपने शहरों और देशों के लिए रवाना हो गए हैं। हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के त्वरित समन्वय और समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया। इससे पहले शुक्रवार को एक विशेष वंदे भारत ट्रेन ने पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ मैच अधिकारियों, कमेंटेटरों, प्रसारण दल के सदस्यों, संचालन कर्मचारियों और अन्य प्रमुख कर्मियों को धर्मशाला से सुरक्षित रूप से नई दिल्ली पहुंचाया। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पहली पारी में केवल 10.1 ओवर के खेल के बाद पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मैच रद्द कर दिया गया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से हवाई और ड्रोन हमलों के कारण जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में ब्लैकआउट हो गया, जो सभी हिल स्टेशन के नजदीक हैं।

### आपकी ताकत हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करती है : अश्विन-मंधाना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है, क्योंकि वे पाकिस्तान की ओर से हाल ही में किए गए हवाई हमलों का कड़ा जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय सीमावर्ती शहरों के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में अन्य सैन्य स्टेशनों पर ड्रोन और मिसाइलों से हवाई हमले जारी रखे। लेकिन भारत की रक्षा प्रणालियों ने उन सभी को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ये हमले पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों, मुख्य रूप से पर्यटकों, के मारे जाने के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में किए गए हैं।शनिवार को अश्विन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि हमारे सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता। ऑपरेशन सिंदूर। श्रीलंका में महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग ले रहीं स्मृति ने भी इंस्टाग्राम पर लिखा कि हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, प्रतिबद्धता और बलिदान को सलाम। आपकी ताकत हमारी स्वतंत्रता की रक्षा करती है। हम हमेशा आपके साथ खड़े हैं, वंदे मातरम।

## भारत-पाक तनाव के बीच पीसीबी ने तत्काल प्रभाव से पुरुष घरेलू टूर्नामेंट स्थगित किए

**लाहौर,** 10 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के साथ सीमा पार बढ़ते तनाव के कारण देश में सभी पुरुष घरेलू टूर्नामेंटों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की शनिवार को घोषणा की।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पुष्टि करता है कि देश में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण चल रहे प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-II, क्षेत्रीय अंतर-जिला चैलेंज कप, अंतर-जिला अंडर-19 वनडे टूर्नामेंट को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। पीसीबी ने शनिवार को अपने आधिकारिक बयान में कहा कि टूर्नामेंट बाद में उसी चरण से फिर से शुरू होंगे और फिर से शुरू होने के करीब एक संशोधित कार्यक्रम साझा किया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को, जब बीसीसीआई ने सीमावर्ती क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए रोक दिया था, तो पीसीबी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ द्वारा दी गई सलाह का हवाला देते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के चल रहे संस्करण को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की थी। टूर्नामेंट के स्थगित होने की खबर पीसीबी द्वारा दावा किए जाने के कुछ घंटों बाद आई कि वह यूएई में टूर्नामेंट के शेष आठ मैचों की मेजबानी करने जा रहा है, हालांकि संगठन ने उन पुनर्निर्धारित मैचों की तारीखों या स्थानों को निर्दिष्ट नहीं किया।

## पंत का सबसे अच्छा खेल मैदान पर अपने शॉट खेलना है : बांगर

**नई दिल्ली,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने बताया कि ऋषभ पंत की सफेद गेंद के प्रारूप में गिरावट का कारण उनका अपने मजबूत क्षेत्र-मैदान पर शॉट खेलने- से हटकर स्टंप के पीछे खेलना है। पंत ने आईपीएल 2025 सीजन में 11 मैचों में केवल 128 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष किया है, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है।

इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन के कारण अक्सर उनके खिलाड़ी मैदान पर निराश होते थे। बांगर ने पाया कि पंत की फॉर्म में गिरावट उनके शॉट चयन के कारण है, जिसका उद्देश्य स्टंप के पीछे अपरंपरागत तरीके से खेलना है, जिसके कारण आईपीएल 2025 में वे जल्दी आउट हो गए। बांगर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि उन्हें अभी भी सफेद गेंद के खेल को पूरी तरह से समझना बाकी है - दोनों प्रारूप, 50 ओवर के क्रिकेट के साथ-साथ टी20 क्रिकेट। एक शानदार टेस्ट मैच बल्लेबाज, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन यहां इस विशेष सीजन में, मैंने जो देखा वह यह है कि वह विकेट के पीछे शॉट खेलने की कोशिश में कई बार आउट हो गए। बांगर ने कहा कि अब, आप ऋषभ की सर्वश्रेष्ठ पारी को देखें - उन्होंने रन बनाने के लिए कहां देखा है? कवर के माध्यम से ड्राइव किया, ट्रैक से नीचे कदम रखा और साइटस्क्रीन को हिट करने या मिडविकेट पर जाने की कोशिश की। लेकिन यहां वह उन रिवर्स स्वीप या शॉट्स को खेलने की कोशिश कर रहा था जो बहुत बढ़िया हैं।



■ पंत ने आईपीएल 2025 सीजन में 11 मैचों में केवल 128 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष किया है

## वीर, अनाहत ने बड़ी जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया

**स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप**

**शिकागो,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत के वीर चोटरानी पूर्व विश्व नंबर 15 डेक्लेन जेम्स के खिलाफ उलटफेर करने के बाद पहली बार स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। एशिया क्वालीफाइंग इवेंट जीतकर टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की करने वाले चोटरानी ने 3-1 (11-9, 9-11, 12-10, 16-14) से जीत हासिल कर विश्व चैंपियनशिप में अपनी पहली उपस्थिति में दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व नंबर 57 को अंग्रेज खिलाड़ी के साथ पांचवें गेम में लगभग मजबूर होना पड़ा, जब उनके पास चार मैच बॉल थीं, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं पाए। हालांकि, चोटरानी ने पांचवें प्रयास में जीत सुनिश्चित करने में सफलता हासिल की।



> पिछले हफ्ते मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शीर्ष 20/25 खिलाड़ियों को हरा सकता हूं : चोटरानी

उन्होंने कहा कि मैं राहत की सांस लेता हूं! पिछले हफ्ते मैंने बरमूडा में (मोहम्मद) जकारिया के साथ खेला था और मेरे पास चार मैच बॉल थे लेकिन मैं हार गया। जब मैं मैच बॉल पर था, तब वह मैच मेरे दिमाग में था और मैंने सोचा कि मैं इस बार इसे नहीं दे सकता, लेकिन मैंने कड़ी मेहनत की और बेहद केंद्रित रहा और मैं अंत में जीत हासिल करने में सक्षम रहा। चोटरानी ने कहा कि पिछले हफ्ते मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शीर्ष 20/25 खिलाड़ियों को हरा सकता हूं, और मैं मैच में बिना कुछ खोए गया और मैंने खुद से कहा कि, बिना किसी दबाव के खेलो और इसका आनंद लो। वे मैच पॉइंट बहुत कठिन थे और उन्होंने दिखाया कि वह शीर्ष 15 खिलाड़ियों में क्यों हैं। मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत खुश हूं। चार बार के विश्व चैंपियन अली फराग दूसरे राउंड में चोटरानी का इंतजार कर रहे हैं। एशियाई क्वालीफाइंग इवेंट की विजेता और चोटरानी की हमवतन अनाहत सिंह, जो इस इवेंट में पहली बार भाग ले रही थीं, ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में मरीना स्टेफनोनी की घरेलू उम्मीदों को खत्म कर दिया। हमारे बीच बहुत लंबी रैलियां चलीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने पिछले कुछ टूर्नामेंट में उन्हें खेलते हुए देखा है, वह वास्तव में अच्छा खेल रही हैं और वह शीर्ष 30 में शामिल हो गई हैं, इसलिए मुझे पता था कि मुकाबला रोमांचक होने वाला है। यह वास्तव में थका देने वाला था और मैं थक गई हूं और मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं इससे बाहर निकल पाई।

> चार बार के विश्व चैंपियन अली फराग दूसरे राउंड में चोटरानी का इंतजार कर रहे हैं

## भारत का लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना

**कोलंबो,** 10 मई (एजेंसियां)। भारत रविवार को आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में मेजबान श्रीलंका से भिड़ने पर सभी विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगा। रविवार के फाइनल के लिए, श्रीलंका क्रिकेट ने घोषणा की है कि प्रशंसक स्टेडियम में मुफ्त में फाइनल देख सकेंगे। लीग चरण में श्रीलंका के खिलाफ ही भारत को त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा था और रविवार का मुकाबला उन्हें चामरी अथापथु की अगुवाई वाली टीम पर पलटवार करने का मौका देता है, साथ ही फाइनल खेलने के दबाव का सामना करने का भी मौका देता है - ऐसा कुछ जो उन्हें इस साल के वनडे विश्व कप की तैयारी में भी मदद करेगा। भारतीय बल्लेबाजी के नजरिए से, जेमिमा रोड्रिग्स 67 की औसत से 201 रन बनाकर उनकी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रही हैं - जिसमें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार 123 रन भी शामिल हैं। दीप्ति शर्मा, प्रतीक रावल और उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भी बल्लेबाजी में योगदान दिया है, लेकिन अगर कप्तान हरमनप्रीत कौर अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल देती हैं तो यह भारत के लिए बहुत अच्छा होगा।



■ ऑलराउंडर स्नेह राणा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद शानदार प्रदर्शन कर रही हैं

### सार संक्षेप

#### यूएई ने कतर को 163 रन से रौंदा

**बैंकॉक।** कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप एशिया क्वालीफायर मुकाबले में यूएई ने पहले 16 ओवर में 192 रन बनाने के बाद समय बचाने के लिए बादलों से घिरे मौसम में अपनी पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप को रिटायर करने का फैसला किया। यह कदम बाद में खेल में कारगर साबित हुआ, जब ईशा ओजा की टीम ने कतर को मात्र 29 रन पर आउट कर दिया, जिससे न उसे बड़ी जीत मिली बल्कि नेट रन रेट में भी बढ़त हासिल हुई। यूएई ने पहले बल्लेबाजी की और ओजा (113 रन 55 गेंद, 19 चौके) और तीर्था सतीश ( 74 रन,42 गेंदो 11 चौके) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तेजी से रन बनाए। इस बीच बारिश की आशंका को देखते हुए कोच अहमद रजा के नेतृत्व में यूएई प्रबंधन ने 16 ओवर के बाद फैसला किया कि उनके पास खेलने के लिए पर्याप्त रन हैं।

#### रोमानिया में प्रग्गनानंद ने अब्दुसत्तोरोव को हराया

**बुखारेस्ट।** भारत के आर प्रग्गनानंद ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने के साथ ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन अब्दुसत्तोरोव के गलत निर्णय का फायदा उठाया, जिन्होंने अपना डार्क-स्क्वायर बिशप बहुत जल्दी छोड़ दिया था। अन्य मैच में, भारतीय प्रतिभा डी गुकेश को रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेक ने ड्रॉ पर रोक दिया। दोनों खिलाड़ियों ने मामूली अवसरों को गंवा दिया और तनावपूर्ण संघर्ष के बाद साझा अंक पर समझौता किया। इस बीच अमेरिका के नंबर 1 फैबियानो कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को हराकर प्रागनानंदा के साथ बढ़त बना ली है।

## मधुरा के स्वर्ण पदक से भारत के पदकों की संख्या 4 पहुंची

**तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2**

**शंघाई,** 10 मई (एजेंसियां)। मधुरा धामनगांवकर ने शनिवार को फाइनल में यूएसए की कार्सन क्रेहे पर 139-138 से सनसनीखेज जीत के साथ तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता से तीन साल की अनुपस्थिति के कारण विश्व तीरंदाजी स्टैंडिंग में अनरैंक्ड मधुरा, तीसरे एंड पर सात के निराशाजनक स्कोर के बाद 81-85 से पीछे चल रही थी। हालांकि, 24 वर्षीय ने दबाव में अविश्वसनीय संयम दिखाया, लगभग परफेक्ट चौथे एंड पर सिर्फ एक अंक गंवाकर मैच को 110-110 से बराबर कर दिया।

अंतिम दौर में, उसने अपना धैर्य बनाए रखा, दो परफेक्ट 10 - दोनों एक्स-रिंग शॉट - और एक 9 स्कोर करके क्रेहे को एक अंक से हराया। यह स्वर्ण पदक मधुरा का टूर्नामेंट का तीसरा पदक था, इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था - तीन साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी में यह एक उल्लेखनीय वापसी थी। यह तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में भारत का चौथा पदक था,

> यह स्वर्ण पदक मधुरा का टूर्नामेंट का तीसरा पदक था

इससे पहले उन्होंने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण, महिला टीम स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। पुरुष टीम - अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव - ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराकर एक शांत और लगातार प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एक कड़े सेमीफाइनल में डेनमार्क को 232-231 से हराया। महिला कंपाउंड फाइनल में, ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को प्रमुख मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। एकतरफा नतीजों के बावजूद, भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावित किया और पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। भारत के पदकों में अभिषेक वर्मा और मधुरा धामनगांवकर की मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के लिए कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया पर जीत के साथ कांस्य पदक जीता।



| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |